राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 13 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 133, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले में दोषी को 20 साल की क़ैद कोर्ट ने 2021 के केस में सुनाया फैसला..03

दिल्ली के रोहिणी में खुले नाले में गिरने से युवक की दर्दनाक मौत विभागीय लापरवाही पर नहीं लग रही अंकुश...12

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा, वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com
www.epaper.swatantraprabhat.com

# दहेज हत्या के मामले में बिना वजह ज़मानत देने पर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार लगाई



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले पर नाराज़गी जताई जिसमें शादी के तीन महीने के अंदर अपनी पत्नी का गला घोंटने के आरोपी व्यक्ति को ज़मानत दे दी गई थी [चेतराम वर्मा बनाम स्टेट ऑफ़ यूपी]।जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने हाईकोर्ट के ऑर्डर को हाल के दिनों में देखे गए 'सबसे चौंकाने वाले और निराशाजनक ऑर्डर में से एक' बताया। हाईकोर्ट के ऑर्डर को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपनी बात पर कोई लाग-लपेट नहीं की। उसने बेल देते समय हाईकोर्ट के दिए गए तर्क पर कड़ी आपत्ति जताई।

बेंच ने कहा, 'हाईकोर्ट ने क्या किया? हाईकोर्ट ने बस बचाव पक्ष के वकील की बात रिकॉर्ड की और उसके बाद यह कहा कि आरोपी 27.07.2025 से जेल में था और उसकी कोई क्रिमिनल हिस्ट्री नहीं है, इसलिए वह बेल का हकदार है। इसलिए, बेल दी गई। ' यह मामला मृतक के पिता की स्नढ्ढक्रसे शुरू हुआ। उनकी बेटी, सुषमा, उम्र 22, ने 1 मार्च, 2025 को आरोपी से शादी की थी। शिकायत के अनुसार, शादी के समय ?3.5 लाख कैश समेत काफी दहेज दिया गया था। लेकिन, आरोपी और उसके परिवार ने कथित तौर पर एक फोर-व्हीलर की मांग जारी रखी और महिला को शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया।

25 अप्रैल, 2025 की सुबह, पिता को बताया गया कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। जब वह ससुराल पहुंचे, तो उन्होंने उसकी गर्दन पर चोट के निशान देखे और आरोप लगाया कि उसे दहेज के लिए मारा गया है।पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि मौत का कारण गला घोंटने से दम घुटना था।

जांच के बाद, चार्जशीट फाइल की गई। मामला सेशन कोर्ट को सौंप दिया गया और आरोप तय किए गए। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के समय, ट्रायल शुरू हो चुका था और मृतक के पिता से सरकारी गवाह के तौर पर पहले ही पूछताछ हो चुकी थी। इन बातों के बावजूद, हाई कोर्ट ने ज़मानत दे दी। अपने ऑर्डर में, हाई कोर्ट ने बचाव पक्ष की यह दलील दर्ज की कि हायॉयड हड्डी सही सलामत थी और मेडिकल न्यायशास्त्र की एक किताब के अनुसार, इसलिए गला घोंटना मुमकिन नहीं था। फिर उसने कहा कि चूंकि आरोपी 27 अप्रैल, 2025 से जेल में था और उसका कोई क्रिमिनल इतिहास नहीं था, इसलिए वह ज़मानत पर रिहा होने का हकदार था।सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को पूरी तरह से नाकाफी पाया।बेंच ने कहा कि वह यह नहीं समझ पा रही है कि दहेज हत्या के कथित गंभीर मामले में विवेक का इस्तेमाल करते समय हाईकोर्ट को क्या अहमियत दी।

कोर्ट ने हाईकोर्ट की आलोचना की कि उसने सिर्फ़ बचाव पक्ष के वकील की दलीलों को दोहराया और बिना किसी मतलब के एनालिसिस के ज़मानत दे दी।सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम विवादित ऑर्डर को सीधे पढ़ने पर यह समझने में नाकाम हैं कि हाई कोर्ट क्या बताने की कोशिश कर रहा है। दहेज हत्या जैसे बहुत गंभीर अपराध में ज़मानत देने के मकसद से आरोपी के पक्ष में अपने विवेक का इस्तेमाल करते समय हाई कोर्ट को क्या अहमियत दी। 'कोर्ट ने माना कि हाईकोर्ट ऐसे मामलों में ज़रूरी बातों पर विचार करने में नाकाम रहा।

# देशभर में 30 करोड़ मजदूरों की हड़ताल, बैंकों-परिवहन सेवाओं पर असर, राहुल ने पूछा- मोदी अब सुनेंगे इनकी आवाज़?



**ब्यूरो प्रयागराज।** देशभर में आज गुरुवार को विभिन्न मजदूर और किसान संगठनों ने संयुक्त रूप से भारत बंद का आह्वान किया है। इस बंद की तैयारियां कई राज्यों में पहले से चल रही थीं। अलग-अलग इलाकों में इसका असर भिन्न हो सकता है कुछ जगहों पर बाजार आंशिक रूप से बंद रह सकते हैं, जबकि कहीं-कहीं सरकारी दफ्तरों और सेवाओं पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना है। हालांकि हर राज्य में स्थिति एक जैसी नहीं है और स्थानीय प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी) ने दावा किया है कि इस हड़ताल में लगभग 30 करोड़ श्रमिकों के हड़ताल में शामिल होने की संभावना है, जो पिछले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों में भागीदारी से कहीं अधिक है।

इस आंदोलन में कई बड़े श्रमिक संगठन शामिल हैं। उनका कहना है कि कर्मचारियों और किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार के साथ कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन उन्हें संतोषजनक समाधान नहीं मिला। इसी के चलते उन्होंने देशव्यापी बंद का रास्ता अपनाया है। कुछ किसान संगठनों ने भी इस हड़ताल को समर्थन दिया है, जिससे आंदोलन का दायरा और व्यापक हो गया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'आज देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक़ की आवाज़ बुलंद करने सड़कों पर हैं। मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएँ उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी। किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखरि़ी सहारा भी छिन सकता है। जब उनके भविष्य से जुड़े फैसले लिए गए, उनकी आवाज़ को नज़रअंदाज़ किया गया। क्या मोदीजी अब सुनेंगे? या उन पर किसी 'द्दह्लद्बश्च' की पकड़ बहुत मज़बूत है? मैं मजदूरों और किसानों के मुद्दों और उनके संघर्ष के साथ मजबूती से खड़ा हूँ। '

बंद की मुख्य वजह नए श्रम नियमों को बताया जा रहा है। प्रदर्शनकारी संगठनों का आरोप है कि नई श्रम संहिताओं से नौकरी की सुरक्षा कमजोर हो सकती है और कंपनियों को अधिक अधिकार मिल सकते हैं। उनका मानना है कि पहले के प्रावधान कर्मचारियों के हितों की बेहतर सुरक्षा करते थे। वे इन नियमों की पुनर्समीक्षा और कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा बिजली क्षेत्र से जुड़े प्रस्तावों, कृषि संबंधी मसौदों और ग्रामीण रोजगार योजनाओं को लेकर भी असंतोष जताया जा रहा है। संगठनों का कहना है कि मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर या सीमित करने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है। साथ ही, सरकारी संस्थानों के निजीकरण को सीमित रखने की भी मांग उठाई जा रही है, ताकि आम लोगों की आजीविका प्रभावित न हो।

## संक्षिप्त ख़बरें

### संजय कपूर की पत्नी प्रिया कपूर का ननद मंधीरा कपूर स्मिथ पर मानहानि का मुकदमा, मांगा 20 करोड़ का हर्जाना



» प्रिया कपूर ने ननद मंधीरा कपूर स्मिथ पर मानहानि का केस

» 20 करोड़ रुपये हर्जाने की मांग, गलत तथ्य पेश करने का आरोप

» यह मामला संजय कपूर की 30,000 करोड़ संपत्ति विवाद से जुड़ा

**नई दिल्ली।** दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की पत्नी प्रिया कपूर ने अपनी ननद मंधीरा कपूर स्मिथ के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का केस किया है। प्रिया कपूर ने मंधीरा पर मीडिया में गलत तरीके से तथ्य पेश करने का आरोप लगाते हुए 20 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है। मंधीरा कपूर के खिलाफ इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म और इनकंट्रोवर्शियल नाम के पॉडकास्ट में दिए गए बयानों को लेकर मुकदमा दायर किया गया है। शो की होस्ट पूजा चौधरी को भी इस केस में पक्षकार बनाया गया है।

प्रिया कपूर ने याचिका में कहा कि मंधीरा कपूर स्मिथ ने पॉडकास्ट में प्रिया कपूर को एक बाहरी व्यक्ति के तौर पर पेश किया और यह भी कहा कि परिवार की दौलत और विरासत सिर्फ खून के रिश्ते और उसके बच्चों की है, जबकि प्रिया कपूर पर विरासत को कब्जाने और संजय कपूर के परिवार के सदस्यों को नजरअंदाज करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

मंधीरा ने यह भी आरोप लगाया था कि संजय कपूर की मौत के बाद प्रिया कपूर ने गलत तरीके से पैसे के फायदे हासिल किए। प्रिया कपूर का तर्क है कि उन्हें बदनाम करने वाली सामग्री जानबूझकर यूट्यूब, इंटाग्राम और एक्स जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डाले गए। संजय कपूर की 30 हजार करोड़ संपत्ति के विवाद से जुड़ा एक अन्य मामला भी हाई कोर्ट में लंबित है, जिस पर अदालत ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था।

# अवैध प्लॉटिंग पर चला विकास प्राधिकरण बुल्डोजर

● बिना ले आउट पास कराए की गई थी अवैध रूप से नियम विरुद्ध प्लॉटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**उरई(जालौन)-** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सचिव, उरई विकास प्राधिकरण परमानंद यादव के नेतृत्व में अवैध प्लाटिंग/अनधिकृत उपविभाजन के विरूद्ध ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। ध्वस्तीकरण कार्यवाही के दौरान झाँसी रोड पर एवं रामराजा पैलेस के सामने उरई विकास प्राधिकरण से बिना ले-आउट प्लान स्वीकृत कराये अवैध रूप से की जा रही 03 प्लाटिंग स्थलों पर ध्वस्तीकरण कराया गया। लगभग 2900 वर्गमीटर में जलील मंसूरी एवं अन्य द्वारा की गयी अवैध प्लाटिंग को मौके पर ध्वस्त किया गया। झाँसी रोड से संलग्न क्षेत्रान्तर्गत प्रेम नारायण गुप्ता एवं अन्य द्वारा लगभग 12510 वर्गमीटर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये अवैध प्लाटिंग की गयी थी जिसे मौके पर ध्वस्त कराया गया। इसके अतिरिक्त रामकुमार राजपूत, अब्दुल जलाल, जुल्फिकार अहमद, मनोज कुमार, कृष्णमुरारी एवं अन्य के द्वारा लगभग 20500 वर्गमीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी मौके पर ध्वस्त कराया गया। नया पटेल नगर में पूनम खरे द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण कार्य को मौके पर सील कराते हुए पुलिस अभिरक्षा में दिया गया।

उरई विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत प्लाटिंग कार्य या भवन निर्माण कार्य करने के पूर्व उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-14 के अन्तर्गत मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बिना मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग कार्य करने या भवन निर्माण करने पर उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा में नोटिस, सील, अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण सहित जुर्माने की कार्यवाही की जा सकती है। सचिव ने कहा है कि समस्त प्रापर्टी डीलर/प्लाटिंग करने वाले लोग प्राधिकरण से ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र) स्वीकृत कराने के उपरान्त ही नियमानुसार प्लाटिंग कार्य करें एवं शहर के सुनियोजित विकास में सहभागी बनें अन्यथा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग करने पर नोटिस, सील, अभियोजन, जुर्माना सहित ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही भूखण्ड क्रेतागण से अपेक्षा है कि अवैध प्लाटिंग में भूखण्ड क्रय न करें अन्यथा उरई विकास प्राधिकरण से की गयी प्रवर्तन कार्यवाही एंव ध्वस्तीकरण से होने वाली क्षति के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

## अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने काल्विन पब्लिक स्कूल के निदेशक का किया सम्मान



**लखनऊ।** राजीव नगर तेलीबाग स्थित काल्विन पब्लिक स्कूल के निदेशक विनोद पांडेय का नये वर्ष के शुभ अवसर पर अवध वृन्दावन डेवलपमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस0 के0 द्विवेदी व समाज सेवक मो0 शकील ने मिलकर निदेशक विनोद पांडेय जी को सम्मान में अंग वस्त्र पहनाकर संगठन की डायरी व कलेन्डर भेंट किया। इसी क्रम में संगठन के पदाधिकारी गणो ने भी विनोद पांडेय का उत्साह वर्धन करते हुए सराहना किया।

# कुआनो नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले के थाना लालगंज क्षेत्र अंतर्गत कुआनो नदी के दबिला घाट पर मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरता हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। शव के दाहिने हाथ पर 'दीपक' नाम का टैटू बना हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति दीपक नाम का था, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वह पिछले लगभग 10 वर्षों से कस्बा महसो के राजा मैदान बाजार क्षेत्र में भीख मांगकर अपना गुजारा करता रहा। लोगों ने उसकी शराब पीने की आदत होने की भी जानकारी दी। घटना की सूचना भरत सिंह पुत्र गोकुल सिंह (निवासी ग्राम पिपरा गौतम, थाना नगर, जनपद बस्ती) ने थाना लालगंज को दी थी। प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज एवं पुलिस चौकी महसो की टीम ने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त शुरू की। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। फॉरेंसिक टीम को भी सूचना दे दी गई है। क्षेत्राधिकारी रूधौली ने बताया कि 'आज दिनांक 11 फरवरी को कुआनो नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। प्रथम दृष्टया मौत पानी में डूबने से हुई प्रतीत हो रही है।

शव के शरीर पर कहीं भी कोई चोट या बाहरी आघात के निशान नहीं पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सटीक कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मृतक के स्थायी निवास और परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। जांच अभी जारी है। आज भी पुलिस निष्क्रिय साबित हो रही है कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

# बेकाबू बस दुकानों में घुसी पांच लोग घायल, मिश्रिख जा रही थी बस



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के मिश्रिख कोतवाली मिश्रिख क्षेत्र के करियाडीह गांव के पास गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार मिनी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे दो दुकानों में जा घुसी। हादसा उस समय हुआ जब बस सीतापुर से मिश्रिख की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों खोखे पूरी तरह ध्वस्त हो गए और आसपास अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों और बस में सवार यात्रियों के अनुसार बस तेज गति में थी अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस सीधे सड़क किनारे रखी दुकानों में जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए बस में सवार 5 घायल यात्रियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। घटना में बस सवार कई यात्री घायल हो गए। घायलों में रंजन त्रिवेदी निवासी हुमायूंपुर, राधा पत्नी ब्रजेश निवासी दौलतपुर, सुमन पत्नी संतोष निवासी महसुनियाँ गंज महोली सीतापुर तथा पुष्पेंद्र पुत्र जयसिंह निवासी गोमती नगर लखीमपुर शामिल हैं। सभी को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सुमन के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य को मामूली चोटें बताई जा रही हैं। क्षतिग्रस्त दुकानें शिवम पुत्र दयाराम और ओमप्रकाश पुत्र रामदीन निवासी करियाडीह की हैं। दोनों दुकानदारों ने कोतवाली पहुंचकर बस चालक श्याम पुत्र ज्ञानेंद्र निवासी शास्त्री नगर, सीतापुर के खिलाफ तहरीर देकर नुकसान की भरपाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

# जन्म से तय होने वाली जाति, धर्म बदलने या इंटर-कास्ट मैरिज के बावजूद नहीं बदलती: इलाहाबाद हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति की जन्म के समय तय की गई जाति वही रहती है, भले ही वह अपना धर्म बदल ले। कोर्ट ने यह भी कहा कि एक महिला की शादी से भी उसकी जाति नहीं बदलती। इस तरह जस्टिस अनिल कुमार-X की बेंच ने दिनेश और 8 अन्य लोगों की क्रिमिनल अपील खारिज की, जिसमें स्पेशल जज, SC/ST Act, अलीगढ़ के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उन्हें IPC की धारा 323, 506, 452 और 354 और SC/ST Act की धारा 3(1)(R) के तहत अपराधों के लिए ट्रायल का सामना करने के लिए बुलाया गया था। सूचना देने वाली महिला ने अपील करने वालों के खिलाफ क्रिमिनल शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसके साथ मारपीट की गई, उसे गाली दी गई और अपील करने वालों ने झगड़े के दौरान उसके खिलाफ जातिसूचक गालियां दीं। उसने यह भी आरोप लगाया कि इस घटना में उसके समेत 3 लोग घायल हो गए। समन ऑर्डर को चुनौती देते हुए अपील करने वालों ने हाईकोर्ट का रुख किया, जिसमें उन्होंने तर्क दिया कि हालांकि सूचना देने वाली महिला जन्म से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) समुदाय से थी और मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली है, लेकिन जाट समुदाय के एक आदमी से शादी करने के बाद उसने अपनी जाति का दर्जा खो दिया।

यह तर्क दिया गया कि एक महिला, दूसरी जाति के व्यक्ति से शादी करने के बाद अपनी मूल जाति खो देती है, जो उसके जन्म से थी और उसके बाद वह अपने पति की जाति की हो जाती है। इसलिए उन्होंने तर्क दिया कि SC/ST Act के तहत अपराधों के लिए अपील करने वालों को समन भेजना टिकने लायक नहीं है। यह भी तर्क दिया गया कि सूचना देने वाली महिला ने उन्हें झूठा फंसाया था, जबकि अपील करने वालों ने सूचना देने वाली महिला और उसके परिवार के खिलाफ पहले FIR दर्ज कराई।

हालांकि, राज्य के वकील ने इस आधार पर उनकी दलील का विरोध किया कि शिकायत में बताई गई घटना और FIR में बताई गई घटना एक साथ हुई हैं; दोनों घटनाएं एक ही तारीख को हुई थीं। इसलिए यह कहा गया कि अपील करने वालों का यह दावा कि मौजूदा शिकायत जवाबी हमले के तौर पर दर्ज की गई थी, टिकने लायक नहीं है। इस पृष्ठभूमि में बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने इंजरी रिपोर्ट के साथ-साथ इन्फॉर्मेंट और उसके गवाहों के बयानों पर विचार करने के बाद अपील करने वालों को बुलाया था। उसने यह भी कहा कि क्रॉस-केस होने से दूसरी पार्टी द्वारा दूसरे वर्जन पर फाइल की गई शिकायत को खारिज करने का आधार नहीं बनता है।

## संक्षिप्त खबरें

### उप डाक घर कप्तानगंज पर प्रतिदिन बनाया जा रहा आधार कार्ड-सुबह 08 बजे से शाम 04 बजे तक आधार कार्ड सम्बंधी किया जा रहा कार्य




**कम शुल्क व बिना नंम्बर के आधार कार्ड सम्बंधी समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण**

**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज उप डाक घर (पोस्ट आफिस ) कप्तानगंज पर प्रतिदिन सुबह 08 बजे से शाम 04 बजे तक आधार कार्ड सम्बंधी कार्य किया जा रहा है जैसे नया आधार कार्ड बनाना , जन्मतिथि में सुधार करना , पता में सुधार करना, मोबाइल जोड़ना / नंबर बदलना , अपडेट करना आदि कार्य किया जा रहा है । उप डाकघर कप्तानगंज पर आधार कार्ड संबंधी कार्यों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जा रहा है और बिना किसी भीड़भाड़ / नंबर के आधार कार्डों का कार्य किया जा रहा है । सूत्रों की माने तो कुछ प्राइवेट आधार केंद्रों पर आधार कार्ड के कार्यो के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से भी अधिक शुल्क लिया जा रहा है । उप डाकघर कप्तानगंज के पोस्ट मास्टर राजेश कुमार ने बताया कि प्रतिदिन सुबह से शाम तक आधार कार्ड से संबंधित कार्य उप डाकघर कप्तानगंज पर होने से क्षेत्र के सभी सदस्यों को आधार कार्ड की समस्याओं के लिए इधर-उधर चक्कर नही लगाना पड़ रहा है और आधार कार्ड बनाने का यह क्रम जारी रहेगा ।

### तुलसीपुर में रोडवेज बस अड्डे का रास्ता साफ



**बलरामपुर।** प्रदेश सरकार के बजट में बुधवार को देवीपाटन धाम तुलसीपुर में प्रस्तावित रोडवेज बस अड्डे को मंजूरी मिल गई है। लंबे समय से लंबित यह परियोजना अब कैबिनेट की स्वीकृति के साथ ही आगे बढ़ेगी। जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बस अड्डे का निर्माण जल्द शुरू होने की संभावना है।बस अड्डाका निर्माण पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस की करीब 25 बीघे जमीन पर कराया जाना है। इसके लिए जमीन परिवहन निगम को हस्तांतरित की जाएगी। अब कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद जमीन हस्तांतरण व बजट आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो जाएगा।बस अड्डा बनने से देवीपाटन धाम आने वाले श्रद्धालुओं और क्षेत्रीय यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। तुलसीपुर शहर में पहले से रेलवे ओवरब्रिज, फोरलेन सड़क व देवीपाटन धाम कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं पर काम हो रहा है। इनके साथ बस अड्डे का निर्माण होने से शहर के यातायात और बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार होगा।रोडवेज बस अड्डे के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बस अड्डा बनवाने की मांग उठाई थी। उसके बाद से प्रक्रिया शुरू हुई थी।

### महाशिवरात्रि व रमजान को लेकर जनपद में सघन चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



**बलरामपुर।** आगामी महाशिवरात्रि एवं रमजान के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सभी थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।जनपद के प्रमुख चौराहों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड व संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।पुलिस बल द्वारा पैदल व मोटर गश्त कर आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न किया गया तथा लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।जनपद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल 112 पर दें।

# स्कूल जा रही जयपुरिया की छात्रा को नशीला पदार्थ खिलाकर अगवा करने का किया प्रयास

**●पीड़ित बालिका का जिला चिकित्सालय बस्ती में चल रहा इलाज- पीड़ित छात्रा की जिला चिकित्सालय में स्थिति सामान्य सतेन्द्र भूषण तिवारी सी ओ सिटीजांच पड़ताल में जुटी कोतवाली पुलिस , जांच पड़लात के बाद होगी अग्रिम कार्यवाही - दिनेश चन्द्र चौधरी कोतवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में चर्चित जयपुरिया स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ने वाली एक छात्रा को रास्ते में नशीला पदार्थ खिलाकर अगवा करने की कोशिश की गयी लेकिन छात्रा को अगवा करने में विफल रहे । घटना की सूचना पर PRV 112 पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद कुछ ही समय में छात्रा को बरामद किया जिसको लेकर जनपद में चर्चाओं का बाजार गरम है और वहीं अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर आमजन में भय का माहौल है । आप को बता दे कि बस्ती कलवारी मार्ग पर स्थित चर्चित जयपुरिया स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 8 की एक छात्रा आज सुबह प्रतिदिन की भांति घर से निकली थी रास्ते में घर के समीप से ही पहले से घात लगाए बैठे किसी ने जबरन नशीला पदार्थ खिलाकर अगवा करने का प्रयास किया था । आरोपियों की चंगुल से छूटी पीड़ित छात्रा का इलाज जिला अस्पताल बस्ती में चल रहा है और लोक लज्जा के कारण पीड़ित छात्रा के परिवार वाले मुंह नहीं खोलना चाह रहे हैं । अब बड़ी बात यह है कि जब शहर में बालिकाएं सुरक्षित नहीं है तो ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे बालिकाएं सुरक्षित रहेगी ? प्रदेश सरकार के अथक प्रयास के बाद भी महिलाओं व युवतियों से सम्बंधित अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है । उक्त प्रकरण में सी ओ सिटी सतेंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि पीड़ित छात्रा का इलाज जिला चिकित्सालय बस्ती में चल रहा है जहां पर पीड़ित छात्रा की स्थिति सामान्य है पीड़ित छात्र के परिजनों से अन्य जानकारी की जा रही है । उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है जांच पड़ताल में मिले साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।

## स्वच्छ पर्यावरण व स्वास्थ्य जीवन पर प्रतियोगिताएं 14 को

**ललितपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उ.प्र. के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब के अंतर्गत, अध्यक्ष/जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं उपाध्यक्ष/सीडीओ शेषनाथ चौहान की सहमति व निर्देश के अनुपालन में आगामी 14 फरवरी 2026 को जीजीआईसी तालबेहट में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर कार्यक्रम प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जिला विज्ञान क्लब समन्वय राहुल जैन ने बताया कि इसमें निम्न लिखित कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम होगा। इसके अलावा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, कार्यकारी (स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन के सम्बंधित), भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन से संबंधित पुस्तक वितरण शामिल हैं। डीआईओएस ओमप्रकाश ने समस्त राजकीय शासकीय वित्तविहीन विद्यालयों को निर्देशित किया है कि सभी छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कराया जाए। इस प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के भी कक्षा 6-8 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभा कर सकेंगे।

## संविदाकर्मी लाइनमैनों ने समस्या को लेकर भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' से किया भेंभेट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विद्युत विभाग द्वारा कथित रूप से मनमाने ढंग से जारी एलवाई के माध्यम से जनपद में कार्यरत संविदाकर्मी लाइनमैनों की संख्या 663 से घटाकर 514 किए जाने के निर्णय से आहत सैकड़ों संविदाकर्मी लाइनमैन वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' से मिले। इस दौरान निविदा संविदाकर्मी संगठन के पूर्वांचल अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में चयनित लगभग डेढ़ सौ लाइनमैनों के समक्ष रोजगार संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि इस प्रकार मनमाने ढंग से संख्या घटाई जाती रही तो भविष्य में अन्य संविदाकर्मियों की नौकरी भी असुरक्षित हो सकती है। इस संबंध में विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता के बावजूद समाधान नहीं निकल सका है।

भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि लगातार बढ़ती विद्युत कनेक्शन संख्या के बीच कर्मचारियों की संख्या कम किया जाना तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता। उन्होंने एलवाई जारी करने की प्रक्रिया में संभावित विसंगतियों की जांच की आवश्यकता पर बल दिया। श्री पाण्डेय ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही जिलाधिकारी से भेंट कर प्रकरण को गंभीरता से उठाएंगे तथा शासन स्तर पर पत्र लिखकर संविदाकर्मी लाइनमैनों के हित में न्यायोचित समाधान सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मंगेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शकील अहमद, शुभम कुमार सहित बड़ी संख्या में संविदाकर्मी लाइनमैन उपस्थित रहे।

# जिसको मृत समझ रहे थे, वह 7 साल बाद राजस्थान में जिंदा मिली पति अपने से इनकार

**●ना तोपति स्वीकार कर रहा है और ना ही मां-बाप बेटी मानने से इनकार कर रहे हैं निर्दोष मां-बाप बदनामी झेल रहे हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र से ऐसा मामला सामने आया है जिसने पुलिस, अदालत और समाज तीनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिस बेटी की हत्या के आरोप में मां-बाप दो साल तक बदनामी और मुकदमे का दंश झेलते रहे, वही बेटी अचानक जिंदा हालत में थाने पहुंच गई। कागजों में 'मृत' घोषित प्रियंका जब पुलिस के सामने खड़ी हुई तो हर कोई सन्न रह गया। पिलखायें गांव की प्रियंका प्रजापति की शादी 14 मई 2017 को संदीप से हुई थी। एक बेटा भी हुआ, लेकिन पति-पत्नी के रिश्तों में दरार आ गई। दो साल पहले प्रियंका ससुराल से जेवर लेकर मायके आई और फिर अचानक लापता हो गई। इसी बीच गांव में सनसनीखेज अफवाह उड़ीकृपिता ने जेवर के लालच में बेटी और नाती की हत्या कर लाश सरयू में फेंक दी ! पति ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अदालत के आदेश पर 4 नवंबर 2024 को पिता दयाराम, मां सुभावती, रिश्तेदार संजना और अशोक कुमार मौर्य पर हत्या और साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज हो गया। लाश, बिना सबूत केमां-बाप 'हत्यारे' घोषित कर दिए गए। सच्चाई इससे बिल्कुल उलट निकली। प्रियंका आत्महत्या के इरादे से अयोध्या पहुंची थी, लेकिन वहां उसकी मुलाकात राजस्थान के मंगल चंद्र से हुई। आत्महत्या का इरादा बदल गया और वह उसके साथ राजस्थान चली गई। दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे। उधर बस्ती में उसके माता-पिता हत्या के आरोपी बनकर सामाजिक तिरस्कार झेलते रहे। कहानी में ट्विस्ट तब आया जब पति संदीप के मोबाइल पर प्रियंका के आधार कार्ड में बदलाव का ओटीपी आया।

शक गहराया, पुलिस हरकत में आई और आखिरकार प्रियंका राजस्थान में जिंदा मिल गई। दो साल से 'मरी हुई' महिला खुद चलकर थाने पहुंच गई। सच्चाई सामने आने के बाद माता-पिता पर से हत्या का कलंक तो मिटा, लेकिन रिश्तों की डोर पूरी तरह टूट चुकी है। मां-बाप उसे अपनाने को तैयार नहीं। पति भी साथ रखने से इंकार कर रहा है। प्रियंका अपने नए साथी मंगल चंद्र के साथ ही रहना चाहती है। बेटा अब अपने जैविक पिता संदीप को पिता मानने को तैयार नहीं। यह मामला सिर्फ एक पारिवारिक विवाद नहीं, बल्कि सवाल है क्या सिर्फ अफवाह के आधार पर किसी को हत्यारा बना देना इतना आसान है? दो साल तक बेगुनाह माता-पिता समाज और कानून के कटघरे में खड़े रहे। अब उनकी खोई इज्जत कौन लौटाएगा ? इसमें बिना जांच किया पुलिस गलतफहमी का शिकार हुआ ना तो प्रियंका की लाश बरामद हुई और ना ही कोई ठोस साथ मिला लेकिन पुलिस मुकदमा लिखकर प्रियंका के मन-बा प दोनों को जेल से लेकर कोर्ट के चक्कर काटने पड़े। मां-बाप प्रियंका को लड़कीमानने से इनकार कर दिया।

# डीएम, एसपी ने बोर्ड परीक्षा-2026 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये की बैठक

**●85 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी बोर्ड परीक्षाहाईस्कूल के 25620 एवं इण्टरमीडिएट के 22713 छात्र-छात्रायें बोर्ड परीक्षा में होगें शामिल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** बोर्ड परीक्षा-2026 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने आज जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के परिसर में केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सचल दल प्रभारी, मानीटरिंग सेल प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 18 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2026 तक संचालित होगी। हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में पूर्वान्ह 8.30 बजे से पूर्वान्ह 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5.15 बजे तक संचालित होंगी। हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परीक्षा हेतु 85 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमें राजकीय विद्यालय 13, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय 22 एवं वित्तविहीन विद्यालय 50 सम्मिलित है। हाईस्कूल की परीक्षा में 25620 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 22713 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होगें। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में कुल 48333 छात्र-छात्रायें शामिल होगें। बोर्ड परीक्षा हेतु केन्द्र व्यवस्थापक 85, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक 85, जोनल मजिस्ट्रेट 04, सेक्टर मजिस्ट्रेट 13 एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट 85 बनाये गये है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्र पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, जनरेटर/इन्वर्टर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाये। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा एवं प्रबन्धन की जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी। सभी सम्बन्धित अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एव सकुशल ढंग से सम्पन्न करायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी, स्थानीय थाने से पुलिस फोर्स, क्राइम ब्रान्च, सोशल टीम सतर्क दृष्टि बनाये रखेगें। बोर्ड परीक्षा के महत्वपूर्ण प्रश्न पत्र वाले दिन विशेष निगरानी रखी जायेगी और किसी के द्वारा यदि कोई भी घटना घटित हो तो उसकी सूचना तत्काल दी जाये जिससे कि वहां पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जा सके। परीक्षा के दौरान किसी भी अराजक तत्व द्वारा यदि परीक्षा में व्यवधान डाला जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें और परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न करायें। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी**

**सुलतानपुर** - जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अलहदादपुर बसौंहा गांव में गुरुवार देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतका की पहचान 36 वर्षीय सुनीता के रूप में हुई है, जो लाल बहादुर की पत्नी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है।मृतका के भाई पूर्णमासी, जो अंबेडकर नगर के बेवाना थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर खुर्द गांव के निवासी हैं, ने गोसाईगंज थाना में लिखित तहरीर दी है। उन्होंने अपनी बहन की मौत को संदिग्ध बताया है। सुनीता अपने पीछे 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस और 11 वर्षीय पुत्र रिंस को छोड़ गई हैं। गोसाईगंज पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

## बलरामपुर में 48 केंद्रों पर गेहूं खरीद होगी:चार एजेंसियों को जिम्मेदारी, पिछले साल से 7 केंद्र कम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** जिले में धान खरीद प्रक्रिया जारी रहने के बीच अब गेहूं खरीद की तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। इस बार किसानों से गेहूं की सरकारी खरीद के लिए कुल 48 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पिछले वर्ष 55 केंद्र संचालित किए गए थे, जिससे इस बार सात केंद्रों की कमी की गई है।गेहूं खरीद की जिम्मेदारी चार प्रमुख एजेंसियों को सौंपी गई है। खाद्य विपणन विभाग 14 केंद्रों का संचालन करेगा, जबकि पीसीएफ को सर्वाधिक 18 केंद्रों की जिम्मेदारी दी गई है। यूपिनास 15 केंद्रों पर खरीद करेगा और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) एक केंद्र का संचालन करेगा।

प्रभारी जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी उमेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि तीनों मंडी समितियों में क्रय केंद्र खोले जाएंगे, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा होगी। मंडी समिति भगवतीगंज में तीन, पचपेड़वा में दो और तुलसीपुर में चार क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।इनके अतिरिक्त, जैतापुर, उतरौला, हरैया सतघरवा, कुडऊ बौड़ीहार, ललिया, विशुनीपुर, श्रीनगर, मथुरा, सरकहवा, बरगदही, कौवापुर, तुलसीपुर, गैसड़ी, लौकहवा (दो केंद्र), पचपेड़वा एट शंकरपुर, पचपेड़वा एट भगवानपुर, लक्ष्मीनगर एट पोखरभिटवा, खरदौरी, अचलपुर परसिया, बैरिया सुर्जनपुर, अलाउद्दीनपुर, क्रय-विक्रय समिति भगवतीगंज और बसंतपुर में भी गेहूं की खरीद की जाएगीप्रशासन का दावा है कि इस बार खरीद व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित बनाया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ समय पर दिलाना और उन्हें अनावश्यक भटकने से बचाना है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे समय पर अपना पंजीकरण कराएं और अपनी उपज निर्धारित केंद्रों पर ही लाएं।

# नवागत एसपी ने 29 इंस्पेक्टर व दरोगा का किया स्थानांतरण

**●सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए बदले गए 16 मुख्य आरक्षी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** - पुलिस अधीक्षक (एसपी) चारू निगम ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा 'मैनपावर ऑडिट' के क्रम में बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं। बुधवार देर रात जारी सूची में 29 निरीक्षक/उप निरीक्षक और 16 मुख्य आरक्षी शामिल हैं। इन तबादलों में निरीक्षक विपेंद्र कुमार वर्मा को जनसूचना सेल का प्रभारी बनाया गया है, जबकि निरीक्षक विजय सिंह को सीसीटीएनएस का प्रभार सौंपा गया है। निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह पुलिस अधीक्षक के वाचक नियुक्त किए गए हैं। अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों में निरीक्षक गिरीश चंद्र अग्निहोत्री को रिट सेल प्रभारी और निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्रा को अपराध शाखा में भेजा गया है। उप निरीक्षक चुन्नू लाल को रिट सेल, रवींद्र सिंह को थाना कोतवाली देहात का व0उ0नि0 और वैभव त्रिपाठी को थाना कोतवाली नगर में तैनात किया गया है। दिलीप कुमार को थाना लम्भुआ, गोविंद चौहान को थाना कोतवाली नगर, महिला चांदनी देवी को थाना जयसिंहपुर, संजय कुमार सिंह को थाना बन्धुआकला, सुखदेव सिंह यादव और अमित सिंह को थाना अखण्डनगर भेजा गया है। हीरालाल यादव और रामचंद्र कनौजिया को थाना लम्भुआ, संतोष पाल सिंह को थाना अखण्डनगर, शंकर बक्श सिंह और बीरेंद्र कुमार मिश्रा को थाना चाँदा, पंकज कुमार राय और राजेश चंद्र तिवारी को थाना जयसिंहपुर में नई तैनाती मिली है। बलिराम यादव को थाना धनपतगंज, तारा चंद्र और अतिबल सिंह को थाना कोतवाली नगर, रविकांत गुप्ता को साइबर थाना, विजयशंकर पाण्डेय को थाना बन्धुआकला और अजय सिंह को थाना अखण्डनगर में पदस्थापित किया गया है। महिला उप निरीक्षक गीतावती सिंह और मोहिनी देवी मीना को थाना कोतवाली नगर, तथा गायत्री त्रिपाठी को थाना गोसाईगंज में तैनात किया गया है। इसी क्रम में 16 मुख्य आरक्षियों को भी नई तैनाती दी गई है। इनमें जितेंद्र कुमार को थाना कोतवाली नगर, अमृतेश सिंह को थाना कुड़वार, अमरनाथ को थाना धम्मौर, मयंक वर्मा को थाना दोस्तपुर, आनंद कुमार यादव को थाना कादीपुर, बृजेश कुमार यादव को थाना कोतवाली देहात, अवधेश कुमार को थाना चाँदा, श्याम नारायण को थाना शिवगढ़, अशोक कुमार को थाना धनपतगंज, मनीष सत्यार्थी को थाना अखण्डनगर, राजेश कुमार को थाना करौदीकला और रूपेश मौर्या को थाना हलियापुर भेजा गया है। महिला मुख्य आरक्षी सरोज कुमारी यादव को थाना कोतवाली नगर में तथा महिला आरक्षी ममता मौर्या को थाना शिवगढ़ में तैनात किया गया है। आरक्षी जितेंद्र कुमार यादव को थाना जयसिंहपुर में नई जिम्मेदारी मिली है।

# विश्वास की हैट्रिकः सुभाष पांडे लगातार तीसरी बार निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष

**●कर्मचारियों के भरोसे का नाम सुभाष पांडे, सुभाष पांडे बोले– कर्मचारियों का हित ही मेरी प्राथमिकत**

**लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने सुभाष पांडे का शुकुल बाजार में हुआ भव्य स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** ग्राम विकास एसोसिएसन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर सुभाष पांडे का शुकुल बाजार में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विभागीय कर्मचारियों तथा प्रबुद्धजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।स्वागत समारोह में ग्राम विकास एसोसिएसन के जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार एवं जिला संयोजक मीडिया विभाग सुशील कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायक व रोजगार सेवक मौजूद रहे। सभी ने माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी।

ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुभाष पांडे ने विभागीय कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे तथा उनकी हर समस्या के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। वेतन विसंगतियों के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाते हुए उसके निराकरण के लिए प्रभावी प्रयास करने की बात कही।सुभाष पांडे पूर्व में शुकुल बाजार विकासखंड में सेवाएं दे चुके हैं, जिसके चलते क्षेत्र में उन्हें विशेष मान-सम्मान व प्रतिष्ठा प्राप्त है। उनके निर्विरोध तीसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर सैकड़ों प्रबुद्धजन, सहयोगी कर्मचारी एवं शुभचिंतक उन्हें बधाई देने पहुंचे। समारोह का वातावरण उत्साह, सम्मान और संगठनात्मक एकता के भाव से ओत-प्रोत रहा। प्रमुख रूप से संगठन के जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग के जिला संयोजक सुशील कुमार मिश्रा,ब्लॉक अध्यक्ष रवि यादव, ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी नीरज कुमार, ग्राम विकास अधिकारी कामिनी गिरी ,ग्राम विकास अधिकारी सुरेश मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी पुनीत राज कौशल, ग्राम विकास अधिकारी अमरनाथ तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी सूरज पटेल, पूर्व प्रधान उदय नारायण मिश्रा, प्रधान रमई,पूर्व प्रधान दलन सिंह, पूर्व प्रधान रामसुंदर यादव सहित समस्त ग्राम विकास अधिकारी पंचायत सहायक, रोजगार सेवक वह क्षेत्र के संभ्रांतजन मौजूद रहे।

## 10 वें बजट में थारू संस्कृति संग्रहालय का जिक्र

**●बलरामपुर के इमलिया कोडर में, थारू विरासत को मिल रही नई पहचान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** भारत-नेपाल सीमा से सटे बलरामपुर जनपद के सोहेलवा जंगल क्षेत्र के समीप स्थित थारू बाहुल्य गांव इमलिया कोडर में थारू जनजाति संस्कृति संग्रहालय का लोकार्पण किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने 10वे बजट में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष जोर दिया है,और यह संग्रहालय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।यह संग्रहालय थारू समुदाय की समृद्ध परंपराओं, लोककला, वेशभूषा, आभूषण, कृषि उपकरण, लोकगीतों और जीवन शैली को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सरकार का उद्देश्य है कि आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहें और थारू समाज अपनी विरासत पर गर्व महसूस करे। बजट भाषण के दौरान भी सरकार ने जनजातीय समाज की पहचान और उनके योगदान को सम्मान देने को प्राथमिकता बताया था।इमलिया कोडर में स्थापित यह संग्रहालय न केवल सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करेगा, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी क्षेत्र को नई पहचान दिलाएगा। सोहेलवा वन क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित यह स्थल स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। स्थानीय लोगों में संग्रहालय के निर्माण को लेकर उत्साह है। उनका मानना है कि इससे थारू समाज की परंपराएं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगी। इस पहल को जनजातीय संस्कृति को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, मामला दर्ज



**बार।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम खैरा निवासी विजेन्द्र उर्फ बृजराज पुत्र कमलेश यादव ने गांव के ही चार लोगों पर घर के बाहर आकर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 11 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3:30 बजे पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर बृजेश पुत्र सूरजभान यादव उनके घर के बाहर आकर गाली देने लगा। विरोध करने पर बृजेश, अभिषेक पुत्र बृजेश, किशन पुत्र सुजान यादव व गजरा पत्नी सूरजभान यादव ने मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए उनके भाई शिवम को भी आरोपियों ने पीट दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाना बार में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही बार पुलिस ने पुलिस ने मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अध्यक्ष आनंद कुमार मेहरोत्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौपा ज्ञापन



**बिसवां (सीतापुर)** बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन, बिसवां के अध्यक्ष आनंद कुमार मेहरोत्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संघ द्वारा हालिया घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्यवाही की मांग की गई। संघ ने अपने ज्ञापन में पीड़ित अधिवक्ता के परिवार को न्यायोचित सहायता प्रदान किए जाने की मांग करते हुए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा ?50,00,000 (पचास लाख रुपये) की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। अध्यक्ष आनंद कुमार मेहरोत्रा ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है और अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं सम्मान से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर परदिनेश श्रीवास्तव रजनीश मिश्रा, राजकिशोर मिश्रा, सुशील शुक्ला मोहम्मद शोएब, अनिल अवस्थी, बरखा सिंह, कमलेंद्र कुमार बाजपेई, दिनेश श्रीवास्तव, नागेंद्र प्रताप, बृजेश नारायण गुप्ता, सरोज वर्मा विपिन यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थिति रहे।

### बाइक सवार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौके पर दर्दनाक मौत

**बाइक सवार मां बेटे घायल गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर**



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर बाल्हेमऊ गांव स्थित हनुमान मंदिर के निकट बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल से घर लौट रहे बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरे कालिका बख्श मजरे ऐहार निवासी बद्री प्रसाद साहू उम्र लगभग (70) वर्ष पुत्र पूर्वीदीन साइकिल से बाजार से लौट रहे थे। तभी रायबरेली की ओर से आ रही बाइक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर अटौरा बुजुर्ग के शमशेर का पुरवा निवासी सुमन देवी अपने बेटे अंकित के साथ बैठी थीं। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बद्री प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुमन देवी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। बुजुर्ग की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सुखा देवी, बेटे नंदकिशोर, बेटी मालती और नाती धर्मेंद्र साहू का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बिना अनुमति 16 प्रतिबंधित पेड़ काटे

**क्रेता व विक्रेता पर मुकदमा दर्ज।**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव में गणेशन मंदिर के पास ठेकेदार ने बिना अनुमति 16 पेड़ काट दिए गए। वनरक्षक नीरज की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। क्रेता और विक्रेता दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वनरक्षक नीरज कुमार ने तहरीर देकर बताया कि दौलत सिंह का पुरवा निवासी ठेकेदार रामकुमार यादव ने बिना अनुमति पेड़ कटवाए। इनमें 10 नीम, 3 आम और 3 सागवान के पेड़ शामिल हैं। पेड़ बिशुन खेड़ा गांव निवासी गोलू मिश्रा ने बेचे थे। मामला संज्ञान में आने के बाद वन विभाग ने जांच की। इसके बाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि वनरक्षक की तहरीर पर वन संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले में दोषी को 20 साल की क़ैद कोर्ट ने 2021 के केस में सुनाया फैसला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में पुलिस की प्रभावी पैरवी और विवेचना के चलते नाबालिग के यौन उत्पीड़न के एक गंभीर मामले में अदालत ने अभियुक्त को कड़ी सजा सुनाई है। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना तम्बौर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 242/21 की सुनवाई में न्यायालय ने दोषसिद्धि के बाद अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई यह मामला वर्ष 2021 में दर्ज किया गया था, जिसमें नाबालिग का यौन उत्पीड़न की घटना सामने आई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन किया विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान, चिकित्सीय साक्ष्य तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रमाणों को मजबूती से न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष ने भी सुनवाई के दौरान प्रभावी पैरवी करते हुए घटना की गंभीरता को रेखांकित किया न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या 14/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सीतापुर ने अभियुक्त कमल किशोर उर्फ कमलू पुत्र मुन्नालाल चौहान निवासी ग्राम लालपुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को धारा 5ड/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 20,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जनपद में महिला एवं बाल अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के माध्यम से लंबित मामलों में त्वरित न्याय दिलाने का अभियान निरंतर जारी है। इस फैसले से अपराधियों में कड़ा संदेश गया है कि गंभीर अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा!

## शिविर में 21 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**● स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर श्रीहरिद्वारी वैश्य महासभा द्वारा हुआ आयोजन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर।** श्रीहरिद्वारी वैश्य महासभा के तत्वावधान में सीतापुर ब्लड बैंक के सहयोग से स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन गल्ला मंडी परिसर में किया गया। इस मौके पर 21 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान रक्तदान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार एवं मंडी समिति के सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के माल्यापर्ण एवं उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित करने के साथ हुआ। शिविर से पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित किया एवं स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सीएमओ एवं मंडी समिति सचिव ने रक्तदान भी किया। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि हर साल 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। लेकिन आज भी लोगों में इसके प्रति जागरूकता का अभाव है। लोग रक्तदान करने से झिझकते हैं। लोगों में इसको लेकर सबसे बड़ी भ्रांति ये है कि इससे कमजोरी आती है, लेकिन ऐसा नहीं है। रक्तदान करने से फायदे ज्यादा हैं। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन के स्तर को नियंत्रण में रख जा सकता है। इससे दिल की बीमारी का खतरा कम होता है। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता रहता है। शरीर में बड़ी मात्रा में आयरन के बनने से ऑक्सीडेटिव डैमेज हो सकता है, जो एजिंग, दिल के दौरे, स्ट्रोक आदि के खतरे को बढ़ाता है। रक्तदान इस खतरे से बचाता है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की प्रभारी डॉ. पूजा ने कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है बल्कि खुद के खतरे भी कम किए जा सकते हैं। प्रतिदिन हमारे शरीर में पुराने रक्त का क्षय होता रहता है और प्रतिदिन नया रक्त बनता रहता है। शरीर 24 घंटों में दिये गये रक्त के तरल भाग की पूर्ति कर लेता है।

इस मौके पर श्रीहरिद्वारी वैश्य महासभा के जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल गुप्ता, सभासद राकेश गुप्ता पिंकू, आकाश वर्मा, संजीव गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता तेजू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा, विमल गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, दीपक गुप्ता, संतोष गुप्ता, कपिल गुप्ता, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीलम गुप्ता, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## तहसील कर्मी के दुर्व्यवहार पर अधिवक्ताओं में नाराजगी

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील के अधिवक्ता सभागार में बृहस्पतिवार को बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की ओर से एक अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में गहरी नाराजगी व्यक्त की। बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन की बैठक अधिवक्ता सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र नाथ सिंह ने की। बैठक में बताया गया कि 10 फरवरी को तहसील के एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने अधिवक्ता अभिषेक तिवारी के साथ दुर्व्यवहार किया था। इस घटना की अधिवक्ताओं ने कड़ी निंदा की। इसे अधिवक्ता समाज का अपमान बताया गया।अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील परिसर में सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। न्यायिक कार्य से जुड़े लोगों के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से पूरी तरह विरत रहेंगे। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, डॉ. विनय भदोरिया, राज बहादुर मौर्य, शिव शंकर पांडेय, संजय अवस्थी, पंकज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ....जब नल लगे, टंकी बनी फिर कहां गया पानी..! संघर्ष की मीनार से जूझती प्यासों की कहानी

**●तीन हजार आबादी के हित में ग्राम समूह पेयजल से बनी टंकी 12 साल से बंद , 23 साल पहले निर्माण!**

**10 साल में दो बार रिवोर के बाद तीसरी बार जमीन तलाश रहा संबंधित विभाग, पत्राचार का हवाला घंटों लाइन में ग्रामीण!**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**लालगंज रायबरेली।** हर घर जल, जल जीवन निगम , एक बूंद पानी नाना प्रकार की अलग-अलग थीम और करोड़ों रुपयो की परियोजनाओं की जमीनी हकीकत की पृष्ठभूमि सरकारी दावों और दफ्तरों की चमकती चासनी और चांदनी से बिल्कुल जुदा है आजादी के अमृत काल में लीन देश आज भी पानी की किल्लत सिस्टम की लाचारी से झेल रहा। विकासखंड लालगंज की ग्राम पंचायत सोंडासी का बाजपेईपुर खटिकाना, चमरौली, सोन्डासी, पूरे शुक्लन, बैशखा, आदि गांव शुद्ध पेयजल पीने के लिए आज भी तरस रहा है यहां घंटों एक हैंड पंप के सहारे समूचा गांव प्यास बुझाने के लिए मस्कत और संघर्ष की दास्तान रच रहा है और संबंधित विभाग पत्राचार का हवाला देते देते समूचे 12 साल व्यतीत कर दीए ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 2003 मे ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत निर्मित हुई पानी टंकी निर्माण साल से मात्र 10 साल तक ही पानी की सप्लाई देने में सफल हुई और इस बीच निर्माण कार्य में बरती गई शिथिलता के कारण दो बार रिबोर भी कराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद भी पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई और आज की स्थिति में बाजपेई पुर गांव में निर्मित पानी की टंकी जंग और झाड़ियों से दो चार कर रही है पानी पूर्ति की सप्लाई करना हास्यास्पद होगा करीब 12 साल से खराब मोटर, पाइप इत्यादि सामग्री मे पूर्ण रूप से जंग लग चुका है लेकिन संबंधित विभाग पूरी तरीके से उदासीनता पे उतारू है अनेकों बार शिकायत करने के बावजूद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गांव वालों की व्यथा समझने की जहमत नहीं जुटा पा रहे हैं जो विभागी अधिकारियों की मक्कारी की इतिश्री ही कही जाएगी बाजपेईपुर सहित उपरोक्त गांव की स्थिति इतनी जटिल है की बूढ़े बच्चे नौजवान सब कोसों दूर एक-एक बूंद पानी के लिए घंटो समय जाया कर रहे तब जाकर अपनी बारी आने पर उन्हें एक बाल्टी पानी हैंडपंप के सहारे मिल पाता जबकि ग्राम पंचायत के निवासी अभिषेक शुक्ला के द्वारा जिलाधिकारी महोदया को करीब साल भर पूर्व दिए गए।

पत्र के माध्यम से रूबरू कराया गया की ग्राम बाजपेई पूर में शुद्ध पेयजल की भारी किल्लत है और बंद पड़ी पानी टंकी का रिबोर मरमतीकरण कराके पानी की व्यवस्था सुलभ कराई जाए लेकिन इन शिकायतों का कोई प्रभाव अभी तक जमीनी स्तर पर देखने को नहीं मिला जबकि 17/01/ 2025 को कार्यालय अधिशासी अभियंता जल निगम रायबरेली के द्वारा जारी एक पत्र के माध्यम से आईजीआरएस में की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए जारी पत्र के माध्यम से बताया गया ग्राम समूह पेयजल योजना वर्तमान में अपनी 30 वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुकी है जिस कारण उक्त ग्राम में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत सोंडासी पेयजल योजना हेतु प्रस्तावित किया गया और यह कार्य जून 2025 तक पूर्ण कराने की बात कही गई लेकिन उक्त योजना भी ग्राम सभा की पटल पर अभी तक उतर नहीं पाई जिससे आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा चेतावनी जारी करते हुए आगामी पंचायत व विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की बात कही गई है। महत्वपूर्ण सवाल है कि अगर आजादी के इतने सालों के बाद हमारा सरकारी तंत्र बेहतर पेयजल व्यवस्था सुलभ नहीं करा पा रहा तो देश कौन सी आजादी का अमृत काल मना रहा जबकि वर्तमान सरकार द्वारा करोड़ों रुपए हर घर जल पहुंचाने को लेकर खर्च किया जा रहा हैं लेकिन लापरवाह अधिकारी है कि अपनी कमजोरी की छाप से सरकार की मंशा को ठेस पहुंचा रहे हैं। दो बार रिबोर कराया गया लेकिन स्टेटा दूषित होने की वजह से सफल नहीं हो पाया संबंधित अधिकारियों को पत्राचार किया गया है ग्राम सभा में नई परियोजना के तहत भूमि का चयन करके टांकी निर्माण कार्य किया जाएगा।

सफीर्कुर रहमान एक्सीयन ग्रामीण जल निगम

## बजट में आमजन को अनदेखा करने का आरोपः कांग्रेस

**देवरिया।** कांग्रेस के जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने उत्तर प्रदेश बजट को आलोचना का निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि रोजगार की तलाश में युवा तथा उचित मूल्य की उम्मीद रखने वाले किसानों के लिए बजट में ठोस कदम नहीं दिखते। मिश्रा ने आरोप लगाया कि सरकार अमीरों के लिए मेहरबान, लेकिन किसानों, युवाओं और मध्यम वर्गी परिवारों को उपेक्षित कर रही है। उन्होंने कहा कि देवरिया में रोडवेज बस अड्डा का नया भवन, बंद पड़ी चीनी मिलों का पुनरुद्धार और बाढ़-कटान से प्रभावित नदियों के किनारे स्थाई तटबंध की अपेक्षाएं थीं, लेकिन बजट में इन मुद्दों पर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं हुई। कांग्रेस ने प्रदेश सरकार से बजट प्रावधानों पर पुनर्विचार करते हुए किसानों, युवाओं, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की, ताकि संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित हो सके। मिश्रा ने कहा कि यह बजट 2027 में सरकार के लिए चुनावी असर भी रखता है।

### जिला मीडिया प्रभारी शुभम रस्तोगी ने प्रतीकात्मक रूप से समझौते की प्रति को खुद जलाकर दर्ज कराया विरोध



**बिसवां/सीतापुर** भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के जिला मीडिया प्रभारी शुभम रस्तोगी ने प्रतीकात्मक रूप से समझौते की प्रति अकेले जलाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान शुभम रस्तोगी ने कहा कि यह समझौता देश के किसानों के हितों के खिलाफ है और इससे छोटे व मझोले किसानों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने 'हमारा खेत, हमारा अधिकार' का नारा देते हुए केंद्र सरकार से इस समझौते पर पुनर्विचार करने की मांग की। रस्तोगी ने कहा कि यदि सरकार ने किसानों की आवाज को नजरअंदाज किया तो भारतीय किसान यूनियन आगे व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## दो युवकों के अपहरण-हत्या की अफ़वाह कार में खून के धब्बे और मोबाइल मिलने से फैली सनसनी, दोनों युवक सकुशल बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार देर रात कार सवार दो युवकों के कथित अपहरण और हत्या की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन स्टेट हाईवे के पास घर पर देर रात तक हंगामा करते रहे। हालात को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्राधिकारी नेहा त्रिपाठी, इंस्पेक्टर अमर सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर दोनों युवकों को बरामद किया। रिश्तेदारी से लौट रहे इस्लाम और तहसीम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। उनकी कार सड़क किनारे खड़ी मिली, जिसमें खून के धब्बे और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। कार की स्थिति और खून के निशान देखकर परिजनों ने अपहरण और हत्या की आशंका जताई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओजी और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने कार से साक्ष्य जुटाए और आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन सर्विलांस के जरिए ट्रेस करना शुरू किया। जांच के दौरान पता चला कि लापता युवक इस्लाम पर चार दिन पहले मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिससे मामले को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही थीं। तड़के पुलिस को बड़ी राहत मिली जब शहर सीमा के पास एक मोहल्ले के घर से दोनों युवक सकुशल बरामद कर लिए गए। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि अपहरण और हत्या की सूचना भ्रामक थी।

अफवाह फैलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज होगा सीओ सदर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब उनके खिलाफ झूठी सूचना देकर अफवाह फैलाने और अधिकारियों को गुमराह करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है!!

## रेडिको खेतान लिमिटेड,बिसवा द्वारा सीएसआर के अंतर्गत कंदुनी क्रिकेट स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बिसवां, सीतापुर,** 11 फरवरी 2026 रेडिको खेतान लिमिटेड, बिसवां (सीतापुर) इकाई द्वारा आज दिनांक 11 फरवरी 2026 को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) पहल के अंतर्गत कंदुनी क्रिकेट स्टेडियम में खेलकूद एवं मनोरंजन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'दौड़ेंगे हम दुनिया देखेगी दम' रही, जिसने बच्चों में उत्साह, ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कंपनी की सीएसआर प्रमुख श्रीमती अनीता चौहान ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री शरद चौधरी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही प्लांट हेड श्री अंशु श्रीवास्तव, फाइनेंस हेड श्री अनिल कुमार जैन , एचआर हेड श्री अजय गोस्वामी, इंजीनियरिंग हेड श्री उपेंद्र नाथ पांडेय, बॉटलिंग प्रोडक्शन हेड श्री भूपेंद्र सिंह तोमर, प्रोसेस हेड श्री धर्मेंद्र कुमार यादव एवं कमर्शियल हेड श्री दीपक सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन श्री अजय गोस्वामी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय कंदुनी, जगदीशपुर, कौरासा तथा उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कंदुनी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के लिए 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न रोचक एवं सहभागितापूर्ण खेल गतिविधियाँ भी आयोजित की गई, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के अभिभावक एवं संबंधित विद्यालयों के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम में और अधिक गरिमा एवं प्रेरणा का वातावरण बना। प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

कंपनी द्वारा बच्चों को साइकिल, एजुकेशन किट सहित अन्य उपयोगी उपहार वितरित किए गए। पुरस्कार प्राप्त कर सभी विजेता प्रतिभागी अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित दिखाई दिए। उनके चेहरे की खुशी और आत्मविश्वास कार्यक्रम की सफलता का प्रतीक रहा। कार्यक्रम के दौरान एवं समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को एनर्जी ड्रिंक एवं पौष्टिक नाश्ता वितरित किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि रेडिको खेतान लिमिटेड के कर्मचारियों के परिवारजन भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

खेल का संचालन, अनुशासन व्यवस्था एवं कार्यक्रम का सफल समापन प्लांट सीएसआर इंचार्ज श्री विशाल शर्मा एवं उनकी संपूर्ण सीएसआर टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अपने संबोधन में श्रीमती अनीता चौहान ने कहा कि कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बाल विकास के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि श्री शरद चौधरी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रयास एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्लांट हेड श्री अंशु श्रीवास्तव ने बच्चों को खेल एवं शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में खेल भावना, आत्मविश्वास एवं सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## डीएम-एसपी की अध्यक्षता में यूपी बोर्ड परीक्षा की प्रशिक्षण बैठक सम्पन्न

**●डीएम-एसपी ने यूपी बोर्ड की परीक्षा को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने के निर्देश दिये**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली,** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा वर्ष 2026 की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने हेतु तैनात किए गए जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक के साथ प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई। प्रशिक्षण बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 18 फरवरी से 12 मार्च तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए जनपद रायबरेली में 107 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रथम पाली का समय प्रातः 08:30 बजे से 11:45 बजे एवं द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 02:00 बजे से 05:15 बजे तक रहेगा। परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न करने के लिए जनपद को 09 जोन एवं 19 सेक्टर में विभाजित करते हुए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र, व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कुल विद्यार्थी 38,026 जिसमें बालक 19,178 व बालिकायें 18,848 शामिल है तथा इंटरमीडिएट में कुल विद्यार्थी 31,635 जिसमें बालक 15,721 व बालिका 15,914 शामिल है। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 69,661 है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नामित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केंद्रों का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए केंद्र पर प्रभावी नियंत्रण रखेंगे तथा अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों के स्टैटिक मजिस्ट्रेट मॉनिटरिंग करते हुए परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक परीक्षा तिथि एवं पाली पर उनकी उपस्थिति में सुनिश्चित कराएंगे। बोर्ड परीक्षा में तैनात जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि जोनल मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं केन्द्रों पर अवांछित भीड़ इकट्ठा न होने देने के दृष्टिगत पुलिस दल के साथ परीक्षा अवधि में अपने जोन के परीक्षा केन्द्रों में नियमित दौरा करेंगे। जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम 01 किमी की परिधि में फोटो कापियर्स एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबंधित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रत्येक दिन दोनों पालियों की परीक्षाओं में केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करेंगे। परीक्षा केन्द्रों में नकल की रोकथाम के लिये सेक्टर मजिस्ट्रेट का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व होगा तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट स्थानीय पुलिस के सहयोग से नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण परीक्षा कराने हेतु समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। प्रत्येक केंद्र पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्र पर नकल विहीन शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिये व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक दशा में न्यूनतम 01 घण्टे पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, जिससे स्ट्रांग रूम तथा प्रश्नपत्र रखे डबल लॉक अलमारी को निर्धारित समयान्तर्गत खोला जा सके। परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी का मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, प्रधानाचार्य पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रत्नेश कुमार सहित समस्त जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहें।

## लघु उद्योग के लिए यह बजट मील का पत्थर साबित होगाः राज्य मंत्री वैश्य नेटवर गोयल



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में योगी सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये लघु उद्योग विकास निगम के उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री नटवर गोयल ने कहा कि सूक्ष्म-लघु एवं मध्यम उद्यम सेक्टर की योजनाओं के लिए 3822 करोड़ रुपये की व्यवस्था व एमएसएमई उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से 575 करोड़ और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान हेतु एक हजार करोड़ सहित एक जनपद एक व्यंजन जो एक नई योजना है के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था तथा हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग की योजनाओं के लिए लगभग 5041 करोड़ रुपये की व्यवस्था करके प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विकास के साथ युवाओं को स्वरोजगार देने की तैयारी कर ली है।आने वाला वर्ष प्रदेश के लिये स्वर्णिम काल की तरह होगा। उन्होंने आगे कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-2027 में वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में तीस हजार रोजगार बढ़ेंगे। प्रदेश को गारमेंट हब बनाने हेतु पीएम मित्र पार्क योजना के अंतर्गत विश्वस्तरीय मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना करायी जायेगी। इससे लखनऊ कानपुर झांसी आगरा मेरठ अलीगढ़ सहारनपुर गोरखपुर बनारस प्रयागराज आदि महानगरों में व्यापार और रोजगार में बढ़ोत्तरी होगी। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में 800 इकाइयों को 40 करोड़ रुपये बैंक ऋण से नये उद्यम स्थापित कराकर सोलह हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कुल मिलाकर यह बजट व्यापारियों एवं लघु उद्योगों को नई दिशा देने वाला शानदार बजट है।

# पाखंड की ओट में छुपा दान: क्या यह सच में पुण्य है?

**[ सुनहरे आवरण में लिपटा काला सच: दान या छल? ]**
**[ क्या गलत कमाई का दान कभी पुण्य बन सकता है? ]**

मनुष्य की आत्मा जब अपने कर्मों का निष्पक्ष लेखा-जोखा करती है, तब सबसे पहले यह प्रश्न उसके अंतर्मन में गूँजता है—क्या धन की पवित्रता से बड़ा कोई नैतिक मूल्य हो सकता है? आज के युग में, जब अनेक लोग छल, कपट और अनैतिक तरीकों से अर्जित धन को धार्मिक कार्यों में लगाकर स्वयं को धर्मात्मा सिद्ध करने का प्रयास करते हैं, तब इस प्रवृत्ति की गंभीर समीक्षा अनिवार्य हो जाती है। यह विषय केवल दान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र, विवेक और सामाजिक उत्तरदायित्व की कसौटी है। भव्य मंदिर, विशाल दानशालाएँ और चमकदार आयोजन हमारी आँखों को चकाचौंध कर सकते हैं, किंतु उनके पीछे छिपा अन्याय प्रायः दृष्टि से ओझल रह जाता है। यही भ्रम धीरे-धीरे हमारी चेतना को शिथिल करता है और हमें नैतिक पतन की खाई की ओर धकेल देता है। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी गलत कमाई को अच्छे कार्यों में लगा रहा है, तो कम से कम वह समाज का हित तो कर ही रहा है। परंतु यह सोच न केवल सतही है, बल्कि अत्यंत भ्रामक भी है। जिस धन की नींव शोषण, धोखा और भ्रष्टाचार पर रखी गई हो, वह कभी भी सच्चे कल्याण का माध्यम नहीं बन सकता। ऐसा धन पीड़ितों की आहों, आँसुओं और असहनीय पीड़ा से जुड़ा होता है। जब उसी धन से दान किया जाता है, तब वह सहायता नहीं, बल्कि अन्याय का एक नया रूप बन जाता है—अन्याय का पुनर्वितरण। समाज को यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि सच्ची भलाई का मार्ग केवल शुद्ध और न्यायपूर्ण साधनों से होकर ही गुजरता है।

भारतीय दर्शन सदैव साधन और साध्य—दोनों की शुद्धता पर बल देता आया है। उपनिषद, गीता और स्मृतियाँ एक स्वर में यह उद्घोष करती हैं कि अधर्म से अर्जित धन कभी भी पुण्य का स्रोत नहीं बन सकता। श्रीमद्भगवद्गीता में सात्त्विक, राजस और तामस दान का विवेचन करते हुए शुद्ध भावना और ईमानदार कमाई को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। मनुस्मृति भी यही प्रतिपादित करती है कि अन्यायपूर्ण साधनों से प्राप्त संपत्ति आत्मिक उन्नति में बाधक बनती है। वास्तव में धर्म का उद्देश्य मनुष्य को नैतिक ऊँचाइयों तक पहुँचाना है, न कि उसे अपने पापों पर आडंबर का आवरण चढ़ाने की अनुमति देना। इतिहास स्वयं इस निर्विवाद सत्य का साक्षी है कि अपराध और दान का संगम कभी भी महानता की रचना नहीं कर सका। अनेक शासकों और धनाढ्य व्यक्तियों ने अस्पताल, विद्यालय और धार्मिक स्थलों का निर्माण करवाया, परंतु उनके अत्याचार, अन्याय और निर्दयता उन्हें कभी महान नहीं बना सके। जनता के खून-पसीने और पीड़ा से अर्जित धन से खड़े किए गए भवन केवल निर्जीव पत्थर के ढाँचे होते हैं, जिनमें नैतिकता और संवेदनशीलता की आत्मा का सर्वथा अभाव होता है। समय ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि व्यक्ति का वास्तविक मूल्य उसके आचरण और कर्मों से आँका जाता है, न कि उसके दान की भव्यता और राशि से।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी गलत कमाई से किया गया दान आत्म-शुद्धि का एक झूठा भ्रम उत्पन्न करता है। अनेक लोग इसे अपने अपराध-बोध से मुक्ति पाने का सरल उपाय मान लेते हैं। वे यह मान बैठते हैं कि कुछ धन दान कर देने मात्र से उनके पाप धुल जाएँगे और उनका अंतर्मन निर्मल हो जाएगा। किंतु यह मानसिकता आत्म-सुधार नहीं, बल्कि आत्म-छल और आत्म-प्रवंचना का रूप है। सच्चा प्रायश्चित तभी संभव होता है, जब मनुष्य अपने गलत मार्ग को त्यागकर सत्य, ईमानदारी और नैतिकता के पथ पर दृढ़ता से अग्रसर हो। बिना आचरण बदले किया गया दान आत्मा को अस्थायी संतोष देने वाला एक छलावा मात्र बनकर रह जाता है। समाज पर इस प्रवृत्ति का प्रभाव अत्यंत गहरा और चिंताजनक होता है। जब बेईमान लोग बड़े-बड़े दानों के माध्यम से सम्मान, प्रतिष्ठा और सामाजिक स्वीकार्यता प्राप्त कर लेते हैं, तब ईमानदार और परिश्रमी व्यक्ति स्वयं को उपेक्षित और हताश अनुभव करता है। इससे समाज का नैतिक संतुलन डगमगाने लगता है और युवाओं को यह गलत संदेश मिलने लगता है कि सफलता का मार्ग सत्य और परिश्रम से नहीं, बल्कि चतुराई, छल और अनैतिकता से होकर जाता है। धीरे-धीरे यही सोच पूरे सामाजिक ताने-बाने को खोखला कर देती है और परस्पर विश्वास की नींव को गहराई से हिला देती है।

वास्तव में सच्चा दान वही होता है, जो त्याग, करुणा और पवित्र परिश्रम की भूमि पर अंकुरित होता है। जब कोई व्यक्ति अपनी सीमित आय और साधनों के बावजूद दूसरों की पीड़ा को समझकर सहायता के लिए हाथ बढ़ाता है, तब उसका योगदान आकार में छोटा होकर भी मूल्य में महान बन जाता है। उसमें अहंकार का प्रदर्शन नहीं, बल्कि निःस्वार्थ सेवा की भावना होती है। ऐसा दान समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है और नैतिक मूल्यों की जड़ों को और अधिक सुदृढ़ करता है। इसके विपरीत, गलत कमाई से किया गया दान प्रायः दिखावे, प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि की अतृप्त लालसा से प्रेरित होता है, जिसमें संवेदना से अधिक स्वार्थ छिपा होता है। समाधान का मार्ग पूर्णतः स्पष्ट और निर्विवाद है। हमें दान की मात्रा और भव्यता से अधिक उसके स्रोत और भावना की शुद्धता पर ध्यान केंद्रित करना होगा। समाज का दायित्व है कि वह भ्रष्टाचार और अनैतिकता से अर्जित धन को सम्मान देने के बजाय ईमानदार, परिश्रमी और सत्यनिष्ठ जीवन को सर्वोच्च आदर्श के रूप में स्थापित करे। शिक्षण संस्थानों, धार्मिक संगठनों और मीडिया को भी इस विषय पर निरंतर जागरूकता फैलाकर लोगों की सोच को सही दिशा देनी चाहिए। जब हम संपत्ति से ऊपर चरित्र को स्थान देंगे, तभी सच्चे अर्थों में एक न्यायपूर्ण, संवेदनशील और नैतिक समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि गलत तरीकों से कमाए गए धन से किया गया दान पुण्य नहीं, बल्कि अन्याय और पाप पर चढ़ाया गया एक चमकदार आवरण मात्र है। यह समाज को भ्रमित करता है, सत्य को ढक देता है और नैतिक मूल्यों को धीरे-धीरे क्षीण कर देता है। सच्ची धार्मिकता मंदिरों, मस्जिदों या दानपेटियों की सीमाओं में नहीं, बल्कि ईमानदार जीवन, अडिग सत्यनिष्ठा और करुणामय आचरण में निवास करती है। हमें इतना साहस अवश्य दिखाना होगा कि हम ऐसे दिखावटी दान की प्रशंसा करने से इंकार करें और स्पष्ट शब्दों में यह घोषित करें—पुण्य का मार्ग केवल शुद्ध, न्यायपूर्ण और नैतिक साधनों से होकर ही जाता है।

**प्रो. आरके जैन**

# आतंकवाद की नई परिभाषा सफेद पोश आतंकवाद

**आतंकवाद से वैश्विक अराजकता।**

उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैंद्य व्हाइट-कॉलर क्राइम' शब्द का प्रयोग कथित तौर पर 1939 में हुआ था और तब से यह व्यापार और सरकारी पेशेवरों द्वारा किए गए सभी प्रकार के धोखाधड़ी के मामलों का पर्याय बन गया है। इसराइल, हमास ,फिलिस्तीन युद्ध में हमास के लड़ाकुओं ने उच्च टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल द्वारा इजरायल की आंखों में धूल झोंक कर 8 अक्टूबर को इसराइल के शहर अस्क लोन में लगभग 5000 रॉकेट से हमला किया और अपने आतंकवादी लोगों को हवाई रास्ते से इजराइल में उतार कर लगभग 1200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया । हमला बड़ा दर्दनाक था, इसे टेक्नोलॉजी के सारे गुप्त रखा गया था इसराइल को इसकी भनक तक न थी । वर्तमान समय में तकनीकी के सहारे मानवता का नरसंहार करने वाली बहुत विकराल घटना है। रूस यूक्रेन युद्ध में भी ज्यादा समय से युद्ध किया जा रहा है जो निसंदेह मानवता के लिए और विश्व शांति के लिए आने वाले समय में बहुत बड़ा खतरा है ।पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थेद्य अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैंद्य आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैंद्य अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं। या सोशल मीडिया में झूठी तथा गलत खबरों के जरिए युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं। निसंदेह ये अज्ञात होते हैं। लेकिन समूची युवा पीढ़ी को मानसिक रूप से प्रभावित कर उनके विकास की दिशा बदल सकते हैं। ऐसे में सारी खुफिया एजेंसियां हाथ पर हाथ धरे बैठ रह जाती हैं। भारत के परिपेक्ष्य में जम्मू कश्मीर, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स के लिए एक सॉफ्ट टारगेट होते हैं। यह अपनी तकनीकी ज्ञान के चलते सोशल मीडिया में नाम बदलकर, रूप बदलकर, युवाओं को आम जनता को गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित करते रहते हैं, एवं दंगे भड़काने का काम भी करते हैं। मूलतः ये टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स सफेदपोश होते हैं। एवं आम लोगों के बीच घुल मिल जाते हैं। ऐसे में इनका पता लगाना इन्हें खोजना अत्यंत कठिन हो जाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स देश के सामरिक महत्व की जानकारी अपने उग्रवादी संगठनों को प्रदान करते हैं। इन जानकारियों का आतंकवादी संगठन उग्रवाद के लिए बेहद खतरनाक ढंग से किसी भी देश के खिलाफ कर सकते हैं। भारतीय संदर्भ में यदि जम्मू कश्मीर को लिया जाए तो अब वहां आतंकवादियों ने अपना युद्ध का तरीका बदल दिया है। युद्ध का मैदान नया है, जहां पारंपरिक अथवा हथियारों, सकरी गलियों और जंगली युद्ध के मैदानों के स्थान पर कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और स्मार्टफोन ने ले लिया है। जिसके फलस्वरूप यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल अपने अपने घरों में बैठकर सड़कों, मैदानों तथा जंगल में युद्ध छेड़ सकते हैं। अपने सूचना तंत्र तथा तकनीकी ज्ञान तथा उपकरणों के दम पर युवाओं तथा आम जनता के मध्य झूठी खबर फैलाकर आतंकवादियों एवं अलगाववादियों संगठनों की मंशा के अनुरूप तोड़ मरोड़ कर परिस्थितियां तैयार कर युवाओं को देश के खिलाफ भड़का कर असामाजिक स्थिति पैदा कर देते हैं।

यह सफेदपोश आतंकवादी अधिकारी, नेताओं, व्यवसायियों की गुप्त सूचना प्राप्त कर उन उनको ब्लैकमेल कर धन राशि तथा सूचना एकत्र कर आतंकवादियों की मदद करते हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स तब और ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं, जब देश की संवेदनशील सामरिक सूचनाएं आतंकवादियों तथा दुश्मन देश को अपने तकनीकी ज्ञान के दम पर हैक करके भेजना शुरू कर देते हैं। जिससे देश की सुरक्षा संबंधी सब गुप्त सूचनाएं एवं नवीनतम रणनीति, दुश्मनों के समक्ष उजागर हो जाती है। जिससे देश की सुरक्षा तथा जानमाल को बहुत ज्यादा खतरा बन जाता है। अब ज्यादातर आतंकवादी संगठन टेक्निकल सहायता लेकर मैदानों, फील्ड में ना जाकर टारगेटेड मिसाइल तथा एयरक्राफ्ट से विनाश करने में लगे हुए हैं। अब नई टेक्नोलॉजी में ड्रोन भी सुरक्षा के लिए खतरनाक साबित होने लगे हैं। हालाँकि की सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद को खत्म करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर उनसे निपटने की तैयारी करते हैं। अमेरिका का काबुल पर आतंकवादियों के खिलाफ ड्रोन का इस्तेमाल सबसे बड़ा और नवीनतम उदाहरण है। पर दूसरी तरफ आतंकवाद से जुड़े उग्रवादी लोग भी ड्रोन का इस्तेमाल कर विध्वंस की साजिश करने से नहीं चूक रहे हैं। कुल मिलाकर नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स वैश्विक तथा भारत की शांति के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं जिन्हें बहुत जल्दी खोज कर इनकी पहचान किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**संजीव ठाकुर**

# अध्यक्ष और लोकसभा सांसद

लोकसभा में इसके अध्यक्ष श्री ओम बिरला के विरुद्ध विपक्षी सांसदों ने उन्हें पद से हटाये जाने की अनुरोध सूचना सदन के महासचिव को सौंप दी है जिस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं अतः अब आगे की कार्रवाई के लिए सदन के नियमानुसार प्रक्रिया चलेगी और इस अविश्वास प्रस्ताव पर सदन के भीतर चर्चा कराई जायेगी । अभी तक जो सूचना मिल रही है उसके अनुसार चालू बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरू होने पर इस प्रस्ताव पर 9 मार्च को सदन में बहस कराई जायेगी जिसके बाद मतदान होगा, जिसमें प्रस्ताव के स्वीकृत या होने का फैसला हो जायेगा। मगर एक समस्या यह खड़ी हो सकती है कि सदन में फिलहाल कोई भी उपाध्यक्ष नहीं है। लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पिछली लोकसभा से ही खाली पड़ा हुआ है। इस पद को पिछली लोकसभा में भी भरने की आवश्यकता महसूस नहीं की गई थी और 2024 में नई लोकसभा के गठन के बाद भी इसे अभी तक नहीं भरा गया है जबकि उपाध्यक्ष का पद भी पूरी तरह संवैधानिक पद होता है और इसके पास भी अध्यक्ष के समान ही सदन को चलाने के लिए पूरे अख्तियार होते हैं मगर इस पद को भरे जाने की जिम्मेदारी अध्यक्ष पर ही होती है क्योंकि संविधान के अनुसार वह ही इस पद के चुनाव की घोषणा व अधिसूचना जारी करते हैं। सदन की यह भी परंपरा रही है कि उपाध्यक्ष पद विपक्षी सदस्यों में से किसी एक को दिया जाता है जिससे सदन की कार्यवाही पूरी तरह निष्पक्ष होकर चलती दिखे व आसन पर सत्ता व विपक्ष दोनों की तरफ के सदस्यों का विश्वास अडिग रहे। इसकी मूल वजह यह है चूंकि अध्यक्ष पारंपरिक रूप से सत्ता पक्ष के ही बनते हैं अतः उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देकर सदन में सन्तुलन बनाकर रखा जाये जिससे अध्यक्ष का आसन सही मायनों में विक्रमादित्य का आसन समझा जा सके। परन्तु हम जानते हैं कि वर्तमान समय की कर्कश राजनीति में परम्पराएं टूट रही हैं। संसद में सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। यह स्थिति संसदीय लोकतन्त्र के लिए बहुत अप्रिय है मगर राजनीतिक तौर पर इसका औचित्य दोनों ही तरफ से ढूंढा जा रहा है। अब सवाल यह है कि सदन में उपाध्यक्ष के न होने से श्री बिरला को पद से हटाये जाने की बहस के दौरान बैठकों की सदारत कौन करेगा। वैसे तो सदन में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में सभा की अध्यक्षता करने के लिए सभापतियों का एक पूरा पैनल है। जाहिर है कि प्रस्ताव की सुनवाई के दौरान इन्हीं में से किसी वरिष्ठतम सदस्य का चुनाव होगा। मगर सदन में इससे पूर्व ऐसा कोई उदाहरण नहीं है अतः सदन की संवैधानिक नियमावली के अनुसार ही कोई न कोई रास्ता निकाला जायेगा। वैसे इस अवसर पर लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष स्व. जी.वी. मावलंकर के उस कथन की तरफ ध्यान दिये जाने की जरूरत है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारी संसद में एक दिन वह भी आ सकता है जब इसके अध्यक्ष पर सदन से बाहर के किसी निष्पक्ष व्यक्ति को बैठाने की मांग होने लगे। स्व. मावलंकर ने ये शब्द एक संसदीय प्रणाली पर आयोजित समारोह में ही व्यक्त किया थे। स्वयं उनके विरुद्ध ही 1954 में लोकसभा में उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाया गया था क्योंकि विपक्ष के कुछ सांसदों का आरोप था कि अध्यक्ष उनके साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। बेशक वह प्रस्ताव भारी मतों से गिर गया था मगर उस पर सदन में खुलकर बहस हुई थी और विपक्षी सांसदों ने अपनी बातें बेबाक होकर कहीं थीं। जबकि स्व. मावलंकर लोकसभा अध्यक्ष के पद को पूरी तरह सरकार से निरपेक्ष बनाये रखने के उत्प्रेरक थे और उन्हीं के प्रयासों से अध्यक्ष का पृथक सचिवालय स्थापित हुआ था जिससे अध्यक्ष को किसी भी बात पर सरकार पर निर्भर न रहना पड़े और वह सदन के भीतर सभी पक्षों के सदस्यों के साथ पूर्ण न्याय कर सकें और सदन के भीतर प्रत्येक सदस्य के अधिकारों का संरक्षण निर्भय होकर बिना किसी राग-द्वेष के कर सकें।

अध्यक्ष के खिलाफ जब उन्हें पद से हटाये जाने का प्रस्ताव सदन में स्वीकृत हो जाता है और उस पर बहस शुरू हो जाती है तो अध्यक्ष अपने आसन पर नहीं बैठ सकते और उन्हें सामान्य सांसदों के साथ ही बैठना पड़ता है। वह प्रस्ताव पर होने वाली बहस में भी हिस्सा नहीं ले सकते क्योंकि बहस का विषय उन्हीं का आचरण होता है और न ही मतदान में भाग ले सकते हैं। अतः श्री बिरला का यह निर्णय समायोचित है कि उन्होंने प्रस्ताव पर फैसला हो जाने तक सदन में न आने की मंशा जाहिर की है लेकिन विपक्ष को भी यह विचार करना चाहिए कि जब अध्यक्ष के विरुद्ध वह प्रस्ताव लाता है तो लोकतन्त्र के लिए उसके मायने बहुत गंभीर होते हैं। बेशक हमने अध्यक्ष के चुनाव की सर्वसम्मत परम्परा को तिलांजिली दे दी है मगर उस पद की मर्यादा को कायम रखने का दायित्व सभी पक्षों का बनता है। मर्यादा तो यह भी कहती थी कि जब अध्यक्ष श्री बिरला ने विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी को अवकाश प्राप्त जनरल नरवणे की पुस्तक का हवाला न दिये जाने पर अपना अ?न्तम फैसला दे दिया था तो वह इसका जिक्र अपने भाषण में न करते और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर अपनी बात को दूसरी तरह से कहते। मगर उन्होंने ऐसा करने का कोई प्रयास नहीं किया और अपनी जिद पर अड़े रहे। लोकतन्त्र कभी भी 'जिद' से नहीं चलता है, बल्कि यह 'जहन' से चलता है। वक्त का तकाजा था कि विपक्ष के नेता कोई ऐसा बीच का रास्ता निकालते जिससे राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वह अपनी बात बिना किताब का सन्दर्भ दिये ही कह पाते लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा संभव नहीं हो सका और सत्ता पक्ष भी जिद पर अड़ गया, जिसकी वजह से आज ये हालात बने। अब लोकसभा से यही उम्मीद की जानी चाहिए कि अविश्वास प्रस्ताव पर जब आगामी 9 मार्च को सदन में बहस हो तो पूरी तरह शान्त और गरिमामयी वातावरण में हो। मगर इसमें अभी बहुत समय बाकी है और इस दौरान राजनीति क्या-क्या रंग लायेगी, कोई कुछ नहीं कह सकता क्योंकि देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा भी होनी है।

# संपादकीय

## लोकतंत्र की निर्णायक घड़ी या कट्टरपंथ की दस्तक, बांग्लादेश के लिए अस्तित्व का चुनाव

बांग्लादेश आज अपने इतिहास के एक अत्यंत संवेदनशील मोड़ पर खड़ा है। तेरहवें आम चुनाव के लिए हो रहा मतदान केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह उस दिशा का निर्धारण भी है जिस ओर यह दक्षिण एशियाई राष्ट्र आगे बढ़ेगा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने और भारत में शरण लेने के बाद यह पहला राष्ट्रीय चुनाव है। ऐसे समय में जब राजनीतिक परिदृश्य अस्थिर है और समाज में अविश्वास गहराया हुआ है तब यह चुनाव लोकतंत्र की परीक्षा भी है और सामाजिक सौहार्द की भी।

देश के लगभग बारह करोड़ अस्सी लाख मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान के लिए सफेद मतपत्र नई सरकार के चयन हेतु है जबकि पिंक मतपत्र के माध्यम से जुलाई नेशनल चार्टर नामक संवैधानिक संशोधन पर भी जनमत लिया जा रहा है। इस दोहरे मतदान ने चुनाव को और अधिक निर्णायक बना दिया है। एक ओर सरकार चुनने की प्रक्रिया है तो दूसरी ओर संविधान की आत्मा में परिवर्तन का प्रस्ताव है। ऐसे में यह चुनाव केवल राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि राष्ट्र की विचारधारा की दिशा तय करने वाला जनमत संग्रह बन गया है।

चुनावी माहौल में डर और असुरक्षा की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। विशेषकर हिंदू समुदाय के बीच भविष्य को लेकर गहरी चिंता है। पिछले कुछ महीनों में हुई घटनाओं ने इस आशंका को और बढ़ाया है। विभिन्न जिलों में मंदिरों पर हमले हुए हैं दुकानों में आगजनी हुई है और समुदाय विशेष के लोगों को निशाना बनाए जाने की खबरें सामने आई हैं। रंगपुर में सुसेन चंद्र सरकार की हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। खुलना में मंदिर में तोड़फोड़ की गई। चटगांव में दीपक साहा की दुकान को लूटा गया और आग के हवाले कर दिया गया। लालमोनिरहाट में एक शिक्षक के परिवार पर हमला हुआ। बरिसाल में गौरव दास को चुनावी रैली के बाद चाकू मारा गया। इन घटनाओं ने चुनाव को केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा का मुद्दा बना दिया है।

राजनीतिक परिदृश्य में भी बड़ा बदलाव आया है। लंबे समय तक सत्ता में रही अवामी लीग इस चुनाव में मुख्य दावेदार के रूप में नहीं दिख रही। मैदान में मुख्य रूप से बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी और जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाला गठबंधन है। बीएनपी का नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के हाथों में है। अधिकांश सर्वेक्षणों में बीएनपी को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। दूसरी ओर जमात ए इस्लामी एक व्यापक गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में है जिसमें नवगठित नेशनल सिटिजन पार्टी भी शामिल है। इस गठबंधन की वैचारिक दिशा को लेकर समाज में बहस तेज है क्योंकि जमात लंबे समय तक प्रतिबंधित रही और उस पर कट्टरपंथी एजेंडा चलाने के आरोप लगते रहे हैं।

हिंदू समुदाय के कई लोग खुद को राजनीतिक रूप से असहाय महसूस कर रहे हैं। उनका मानना है कि मुख्य दलों में कोई भी स्पष्ट रूप से उदारवादी या मध्यममार्गी दृष्टिकोण लेकर सामने नहीं आया है। कुछ मतदाता बीएनपी को अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं जबकि जमात के प्रभाव को लेकर आशंका व्यक्त कर रहे हैं। ढाका के एक मतदाता ने कहा कि वे ऐसे दल को वोट देंगे जो देश को धार्मिक कट्टरता की ओर न ले जाए। यह भावना केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि उस वर्ग की है जो स्थिरता और समान अधिकारों की गारंटी चाहता है।

चुनाव आयोग ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक पुलिस और सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। करीब एक लाख सैनिक भी विभिन्न क्षेत्रों में तैनात हैं। देश के आधे से अधिक मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा कैमरे लगाए गए हैं। एक क्षेत्र में उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मतदान स्थगित कर दिया गया है। इन व्यवस्थाओं से स्पष्ट है कि प्रशासन संभावित हिंसा को लेकर सतर्क है।

चुनाव प्रचार के दौरान हुई हिंसक घटनाएं स्थिति की गंभीरता को दर्शाती हैं। दिसंबर से फरवरी के बीच राजनीतिक झड़पों में कई लोगों की जान गई और सैकड़ों घायल हुए। मानवाधिकार संगठनों ने पिछले डेढ़ वर्ष में राजनीतिक हिंसा में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने और हजारों के घायल होने की जानकारी दी है। यह आंकड़े लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर गहरे सवाल खड़े करते हैं। यदि चुनाव हिंसा की छाया में होगा तो उसकी वैधता पर भी प्रश्न उठेंगे।

इस बार का चुनाव एक वैचारिक संघर्ष भी है। क्या बांग्लादेश अपने संविधान की मूल भावना धर्मनिरपेक्षता और बहुलतावाद को बनाए रखेगा या धार्मिक पहचान को राजनीतिक शक्ति के रूप में स्वीकार करेगा। पिंक मतपत्र के माध्यम से प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन इसी दिशा का संकेत देगा। यदि मतदाता बड़े पैमाने पर संशोधन का समर्थन करते हैं तो देश की राजनीतिक संरचना में दीर्घकालिक परिवर्तन संभव है। यदि वे इसे अस्वीकार करते हैं तो यह वर्तमान व्यवस्था पर भरोसे का संकेत होगा।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी इस चुनाव पर नजर रखे हुए है। दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए बांग्लादेश की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत के साथ उसके संबंध रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से अहम हैं। शेख हसीना के भारत में रहने के कारण यह चुनाव द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण हो गया है। नई सरकार की नीतियां क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं।

आम मतदाता के लिए यह चुनाव केवल राजनीतिक बहस का विषय नहीं बल्कि रोजमर्रा के जीवन से जुड़ा प्रश्न है। आर्थिक चुनौतियां बेरोजगारी महंगाई और सामाजिक असुरक्षा लोगों की प्राथमिक चिंताएं हैं। यदि नई सरकार इन मुद्दों पर ठोस कदम उठाने में विफल रहती है तो असंतोष और बढ़ सकता है। इसलिए मतदाता केवल विचारधारा नहीं बल्कि शासन क्षमता को भी परख रहे हैं।

बांग्लादेश ने अपने स्वतंत्रता संघर्ष से लेकर अब तक कई उतार चढ़ाव देखे हैं। सैन्य शासन से लोकतंत्र की ओर वापसी और फिर राजनीतिक ध्रुवीकरण का दौर देश की यात्रा का हिस्सा रहा है। आज का चुनाव उसी यात्रा का नया अध्याय है। यह तय करेगा कि देश समावेशी लोकतंत्र की राह पर आगे बढ़ेगा या वैचारिक टकराव की ओर जाएगा।

मतदान के परिणाम चाहे जो भी हों एक बात स्पष्ट है कि बांग्लादेश के सामने सबसे बड़ी चुनौती सामाजिक विश्वास की पुनर्स्थापना है। यदि राजनीतिक दल चुनाव के बाद भी संवाद और सहमति की राजनीति अपनाते हैं तो लोकतंत्र मजबूत होगा। यदि प्रतिशोध और विभाजन की राजनीति हावी रही तो अस्थिरता बढ़ सकती है। इसलिए यह चुनाव केवल सरकार बदलने का अवसर नहीं बल्कि राष्ट्रीय आत्ममंथन का क्षण है।

लोकतंत्र की असली शक्ति मतपेटी में नहीं बल्कि मतदाता के विश्वास में निहित होती है। बांग्लादेश के नागरिक आज उसी विश्वास की परीक्षा दे रहे हैं। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि जनता ने किस दिशा को चुना है। परंतु यह निश्चित है कि यह चुनाव इतिहास में उस मोड़ के रूप में दर्ज होगा जब राष्ट्र ने स्वयं से पूछा कि वह कैसा भविष्य चाहता है?

**कांतिलाल मांडोत**

# नौ लाख बारह हजार करोड़ का बजट विकास, आर्थिक और सामाजिक संतुलन की बढ़ोतरी का खाका

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026 27 के लिए 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का जो बजट पेश किया है ।वह आकार और संदेश दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। यह सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है और कुल मिलाकर दसवां बजट है। पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्रस्तुत यह बजट स्पष्ट संकेत देता है कि सरकार विकास की गति को बनाए रखते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले व्यापक सामाजिक और आर्थिक संदेश देना चाहती है। बजट का सबसे प्रमुख पक्ष इसका आकार है। नौ लाख करोड़ से अधिक का प्रावधान उत्तर प्रदेश जैसी विशाल आबादी वाले राज्य के लिए संसाधनों की बड़ी प्रतिबद्धता दर्शाता है। सरकार ने लगभग 25 प्रतिशत राशि इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करने की घोषणा की है। सड़कों पुलों कॉरिडोर और औद्योगिक पार्कों के निर्माण पर भारी निवेश का उद्देश्य राज्य को लॉजिस्टिक्स और विनिर्माण का केंद्र बनाना है। 34 हजार करोड़ रुपये के नार्थ ईस्ट कॉरिडोर से लेकर नॉर्थ साउथ कॉरिडोर के चौड़ीकरण और 4808 करोड़ रुपये के पुल निर्माण तक की योजनाएं बताती हैं कि बुनियादी ढांचे को विकास का आधार बनाया गया है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में पांच रनवे की परिकल्पना राज्य को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूत करने की कोशिश है।

औद्योगिक विकास को लेकर सरकार ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केंद्र बन चुका है और कुल उत्पादन का 65 प्रतिशत हिस्सा प्रदेश में हो रहा है। यदि यह रफ्तार बरकरार रहती है तो रोजगार सृजन और निर्यात दोनों में वृद्धि संभव है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 2069 करोड़ रुपये तथा आठ डेटा सेंटर पार्कों पर 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर संकेत करती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए 225 करोड़ रुपये और एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना भविष्य की तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था में राज्य की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास है। रोजगार इस बजट का सबसे बड़ा राजनीतिक और सामाजिक मुद्दा है। सरकार ने 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। मिशन रोजगार के तहत हजारों शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी दी गई है। कौशल विकास प्रशिक्षण के जरिए युवाओं को निजी क्षेत्र में अवसर दिलाने की बात भी कही गई है। हालांकि चुनौती यह होगी कि घोषित लक्ष्य और वास्तविक रोजगार के आंकड़ों के बीच पारदर्शिता बनी रहे। उत्तर प्रदेश की युवा आबादी बहुत बड़ी है और रोजगार की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में दस लाख का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है पर इसके लिए ठोस औद्योगिक निवेश और छोटे मध्यम उद्यमों को गति देना आवश्यक होगा।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी बजट में विशेष जोर दिया गया है। सरकार ने 3 लाख 4 हजार 321 करोड़ रुपये से अधिक के गन्ना मूल्य भुगतान का उल्लेख करते हुए इसे रिकॉर्ड बताया है। पेराई सत्र के लिए 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि से किसानों को लगभग 3000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ मिलने का अनुमान है। दुग्ध और पशुपालन क्षेत्र में नई डेयरी परियोजनाएं 220 नई दुग्ध समितियां तथा गो संरक्षण के लिए 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान ग्रामीण आय बढ़ाने की दिशा में कदम हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी प्रवाह बढ़ सकता है बशर्ते भुगतान समय पर और पारदर्शी ढंग से हो। सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं में भी कई घोषणाएं की गई हैं। बेटियों की शादी के लिए सहायता राशि 51 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये करना सीधे तौर पर निम्न और मध्यम वर्ग को राहत देने का प्रयास है। मेधावी छात्राओं के लिए 400 करोड़ रुपये से स्कूटी वितरण और छात्रों को फ्री टैबलेट तथा स्मार्टफोन के लिए 2374 करोड़ रुपये का प्रावधान डिजिटल और शैक्षिक सशक्तिकरण की दिशा में कदम है। शिक्षा क्षेत्र में 14 नए मेडिकल कॉलेज और तीन नई यूनिवर्सिटी खोलने की घोषणा स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा ढांचे को विस्तार देने का संकेत देती है। हालांकि स्वास्थ्य बजट का कुल प्रतिशत सीमित रहने पर विशेषज्ञ यह सवाल उठा सकते हैं कि क्या केवल संस्थानों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त होगा या मानव संसाधन और उपकरणों पर भी समान ध्यान दिया जाएगा। शहरी और ग्रामीण विकास के लिए 7705 करोड़ रुपये का प्रावधान आवासीय योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं को विस्तार देने के लिए है। मध्यम वर्ग के लिए नई रेजिडेंशियल स्कीम और मजदूरों के लिए आवासीय सुविधाएं सामाजिक आधार को मजबूत करने का प्रयास हैं। सात शहरों को स्मार्ट बनाने की योजना शहरीकरण को व्यवस्थित दिशा देने की कोशिश है। पर्यटन धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में अयोध्या नैमिषारण्य मथुरा वाराणसी और विंध्यवासिनी धाम जैसे स्थलों के विकास के लिए अलग से बजट प्रावधान किया गया है। मंदिरों के जीर्णोद्धार और सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे सकती है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। यह कदम सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक गतिविधि दोनों को साधने की रणनीति के रूप में देखा जा सकता है। परिवहन क्षेत्र में ई बसों के लिए 400 करोड़ रुपये और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में संकेत देता है। सोलर स्ट्रीट लाइट और नाइट सफारी जैसी परियोजनाएं शहरी सौंदर्यीकरण और पर्यटन को जोड़ती हैं। व्यापारिक संगठनों ने बजट का स्वागत किया है और इसे ऐतिहासिक बताया है। यह समर्थन बताता है कि उद्योग और व्यापार जगत को इसमें अवसर दिखाई दे रहे हैं। फिर भी किसी भी बजट की असली परीक्षा उसके क्रियान्वयन में होती है। बड़े आकार की घोषणाएं तभी प्रभावी होंगी जब परियोजनाएं समय पर पूरी हों और भ्रष्टाचार तथा देरी पर नियंत्रण रहे।

समग्र रूप से देखा जाए तो यह बजट विकास और सामाजिक संतुलन का मिश्रित खाका प्रस्तुत करता है। इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग के जरिए आर्थिक विस्तार तथा सामाजिक योजनाओं के जरिए व्यापक जनसमर्थन हासिल करने की रणनीति स्पष्ट है। 2027 के चुनावी परिदृश्य को देखते हुए यह बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण संदेश है। आने वाले महीनों में यह स्पष्ट होगा कि नौ लाख बारह हजार करोड़ रुपये का यह महत्त्वाकांक्षी प्रावधान उत्तर प्रदेश को आर्थिक शक्ति के नए चरण में ले जाता है या फिर यह घोषणाओं तक सीमित रह जाता है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर धोखाधड़ी से बचाव और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की दी गयी जानकारी

**वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित**

**देवरिया।** भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में 9 से 13 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम केवाईसीः सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम है, जिसका उद्देश्य लोगों को सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार के प्रति जागरूक करना है। अग्रणी जिला प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आर.एस. प्रेम ने बताया कि सप्ताह भर केवाईसी अपडेट, केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री के लाभ, खाता सुरक्षा, फर्जी कॉल व संदिग्ध लिंक से बचाव तथा मनी म्यूल जैसे जोखिमों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ब्लॉक रामपुर कारखाना के ग्राम सिरिसिया नंबर-1 में मेगा वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित हुआ, जिसमें बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर बैंकिंग समस्याओं का समाधान भी किया गया। सभी बैंकों से कम से कम दो जागरूकता शिविर लगाने का आह्वान किया गया है।

### एएनएम क्षेत्र में रहकर लोगों को उपलब्ध कराएं सेवाएंः सीएमओ

**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में धन्वंतरि सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने सभी सूचकांकों की रिपोर्ट दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कम प्रसव पर एमओआई, बीपीएम व बीसीपीएम को फटकार लगाई गई। उन्होंने निर्देश दिया कि एएनएम बुधवार व शनिवार को टीकाकरण कार्य के साथ अन्य दिनों में क्षेत्र में रहकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं तथा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। 16 से 27 फरवरी तक चलने वाले एमआर टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने, एनसीडी स्क्रीनिंग बढ़ाने तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### ट्रक्टर से मिक्सर मशीन ले जाते समय ढलाई मशीन के पलटने से एक मजदूर की मौत एक घायल



**मनकापुर गोण्डा** – प्राप्त जानकारी के मुताबिक खोड़ारे थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित छत ढालने वाला मिक्सर मशीन गुरुवार सुबह छत ढूलाई के लिए ट्रक्टर से ले जाते समय ट्रक्टर अनियंत्रित होकर नवी नगर मोड़ पर पलट गया जिससे उस पर सवार निने उर्फ़ वृज लाल पुत्र भरोसे उम्र लगभग 53 वर्ष निवासी नरहर पुर की ढलाई मशीन से दबकर मौके पर मौत हो गई तथा दूसरे व्यक्तिगंभीर रूप से घायल हो गए दोनों व्यक्ति एक ही गांव के बताये जारहे है दोनों का मुख्य व्यवसाय मजदूरी है।घटना की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया। सुचना पर पहुंची खोड़ारे पुलिस ने परिजनों को सूचित कर घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुककन पुर लेगये और मृतक के शव को कब्जे मे लेकर शव का पंचायत नामा कर जिलास्पताल पीएम के लिए भेज कर जाँच पड़ताल कर रही है। इस बावत थानाध्यक्ष खोड़ारे यशवंत सिंह ने बताया कि मृतक के भाई के प्रार्थना पत्र पर शव को कब्जे मे लेकर जिला अस्पताल पीएम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही जारी है।

### भारतीय सभ्यता का मूल है वैदिक ज्ञानः पंडित महातम

**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया के माधव सभागार में महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित महातम मिश्र ने कहा कि वैदिक साहित्य में भारतीय संस्कृति की आत्मा निहित है और वेदों में वर्णित ज्ञान से भारत पुनः विश्व गुरु बन सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। पंडित महातम मिश्र ने अपने संबोधन में स्वामी जी के जीवन, त्याग और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संदेश 'वेदों की ओर लौटो' आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि सत्यार्थ प्रकाश के माध्यम से स्वामी जी ने समाज को उसके गौरव से परिचित कराया। अंत में सभी शिक्षक-विद्यार्थियों ने स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# खजनी रजिस्ट्री कार्यालय में बैनामा को लेकर बवाल, दो पक्ष आमने-सामने, हंगामे से अफरा-तफरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी-** गोरखपुर जनपद के खजनी तहसील स्थित निबंधक (रजिस्ट्री) कार्यालय में गुरुवार दोपहर जमीन के बैनामे को लेकर जमकर हंगामा हो गया। ग्राम बघाड़ से जुड़े इस विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे रजिस्ट्री परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति बिगड़ती देख फिलहाल बैनामा की प्रक्रिया रोक दी गई है और दोनों पक्षों को आपसी सुलह-समझौते की सलाह दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बघाड़ की मूल निवासी तारा देवी पत्नी सीताराम (वर्तमान निवास कानपुर) ने अपनी जमीन अशोक कुमार पुत्र दयाराम निवासी बघाड़ को 10 लाख 50 हजार रुपये में तय की थी। आरोप है कि तारा देवी ने उक्त रकम अग्रिम के रूप में ले ली और कुछ दिनों का समय मांग लिया। गुरुवार को लगभग दो बजे तारा देवी कथित रूप से चुपके से रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचीं और उसी जमीन का बैनामा अधिक कीमत पर बिरेंद्र हरिजन, मूल निवासी चपरहट, के पक्ष में कराने लगीं। बताया जा रहा है कि यह सौदा एक दलाल के माध्यम से तय हुआ।

इसकी भनक पहले से एडवांस दे चुके अशोक कुमार और उनके परिजनों को लग गई। सूचना मिलते ही दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुष रजिस्ट्री कार्यालय पहुंच गए और जमकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ लोग मारपीट पर उतारू हो गए थे, जिससे परिसर में मौजूद अन्य लोग भी घबरा गए। हंगामे के दौरान एक व्यक्ति द्वारा आत्मदाह की धमकी दिए जाने की भी चर्चा रही, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने हस्तक्षेप कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया।निबंधक कार्यालय से जुड़े रमेश राम ने बताया कि विवाद के चलते बैनामा की प्रक्रिया रोक दी गई है। उनके अनुसार दोनों पक्षों के बीच लेन-देन का मामला है और जब तक आपसी सहमति या स्पष्ट कागजात प्रस्तुत नहीं होते, तब तक रजिस्ट्री नहीं की जाएगी। फिलहाल मामला ग्राम बघाड़ की जमीन से जुड़ा बताया जा रहा है। प्रशासन की ओर से दोनों पक्षों को आपसी समझौते के बाद ही आगे की प्रक्रिया करने की सलाह दी गई है। घटना के बाद रजिस्ट्री कार्यालय में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा।

# गीडा में सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासाः पार्टी के बहाने बुलाकर युवक की चाकू मारकर हत्या, दो गिरफ्तार, तीसरा फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के गीडा थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अभियुक्त अभी फरार है। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गीडा व एसओजी/स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। थाना गीडा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0051/2026 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित मामले में पवन कुमार पुत्र चन्द्रिका निषाद और विजय पुत्र चन्द्रिका निषाद, निवासी गीता वाटिका (पानी की टंकी के पास), आवास विकास कालोनी, थाना शाहपुर, को गिरफ्तार किया गया।

घटना के संबंध में वादी ने 6 फरवरी 2026 को तहरीर दी थी कि उनका पुत्र शाम के समय घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने कई बार मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, परंतु फोन रिसीव नहीं हुआ। पूरी रात खोजबीन के बाद 7 फरवरी को युवक का शव बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि युवक की चाकू मारकर हत्या की गई थी। पुलिस विवेचना के दौरान पवन कुमार, विजय तथा निखिल कुमार गौड़ उर्फ गोलू उर्फ रितिक का नाम प्रकाश में आया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि मृतक से उनका आपसी विवाद चल रहा था। 6 फरवरी को उन्होंने युवक को पार्टी के बहाने बुलाया और योजनाबद्ध तरीके से चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। तीसरा अभियुक्त निखिल कुमार गौड़ उर्फ गोलू उर्फ रितिक पुत्र नन्दू गौड़ निवासी सुअरज थाना गोला अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सक्रिय है। इस कार्रवाई में थाना गीडा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम शामिल रही। पुलिस का कहना है कि आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही फरार अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस की त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की.

# शिक्षा और राष्ट्रभक्ति का संगमः स्व. केशभान राय की पुण्यतिथि पर भव्य समारोह, मेधावियों का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** गोला तहसील क्षेत्र के गोला-कौड़ीराम मार्ग स्थित आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज, ककरही में गुरुवार को पूर्वांचल की धरती के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं पूर्व उप शिक्षा मंत्री स्वर्गीय केशभान राय की 35वीं पुण्यतिथि एवं संस्थापक दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति और संस्कारों की भावना से ओतप्रोत नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश त्रिपाठी ने स्व. राय की प्रतिमा व चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्व. केशभान राय का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे निडर स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी चिंतक और दूरदर्शी शिक्षाविद् थे। संसाधनों के अभाव के दौर में ग्रामीण क्षेत्र ककरही में इंटर कॉलेज की स्थापना करना उनकी दूरगामी सोच का परिचायक है। आज यही संस्थान हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को संवार रहा है। विधायक श्री त्रिपाठी ने विधायक निधि से निर्मित अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी भी प्रोजेक्टर और इंटरनेट के माध्यम से जटिल विषयों को सरलता से समझ सकेंगे। यह पहल डिजिटल शिक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने छात्रों को इंटरनेट का सीमित एवं शैक्षिक उपयोग करने की सलाह दी तथा विद्यालय के बाहर स्थापित स्व. केशभान राय और पं. रामलखन शुक्ला की प्रतिमाओं पर छत निर्माण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता वीर बहादुर चंद ने की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करना और आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की और देशभक्ति गीतों 'मेरा रंग दे बसंती चोला' व 'मेरे घर राम आए हैं' पर मनोहारी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर स्व. केशभान राय प्रतिभा खोज तहसील स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित कक्षा 6 से 12 तक के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी मेडल एवं उपहार प्रदान किए गए। विद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामकृपाल को भी विशेष सम्मान दिया गया। विद्यालय के प्रबंधक रविप्रताप राय एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह ने स्व. केशभान राय के शिक्षा-संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान ।

# सहजनवां में कलयुगी बेटे का खौफनाक हमलाः पिता और छोटे भाई के गले पर ब्लेड से वार, हालत नाजुक, गांव में मचा कोहराम!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवां-** गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा महुआपार में गुरुवार सुबह एक ऐसी वारदात हुई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। एक नशे के आदी बेटे ने अपने ही पिता और छोटे भाई पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी बड़ा पुत्र विशाल निषाद ने मामूली कहासुनी के बाद गुस्से में आकर पहले छोटे भाई बिनय निषाद के गले पर वार किया, फिर बीच-बचाव करने आए पिता रविन्द्र निषाद को भी लहूलुहान कर डाला। दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और वे अस्पताल में जिंदगी-मौत की जंग लड़ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि विशाल लंबे समय से नशे की लत में डूबा हुआ था। पिता रविन्द्र निषाद उसे बार-बार नशा छोड़ने की सलाह देते थे, लेकिन वह नहीं मानता था। इसी बात को लेकर घर में बहस छिड़ गई, जो जल्द ही हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से के आग बबूला विशाल ने घर में मौजूद ब्लेड उठाया और पहले छोटे भाई बिनय पर टूट पड़ा। उसने बिनय के गले पर गहरा वार किया, जिससे खून बहने लगा। चीखें सुनकर पिता रविन्द्र बीच में आए, लेकिन विशाल ने उन्हें भी नहीं बख्शा। पिता के गले और शरीर पर कई वार किए गए, दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े।

घर से उठती चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और ग्रामीण दौड़े आए। किसी तरह उन्होंने विशाल को पकड़कर काबू में किया। सूचना मिलते ही सहजनवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम उन्हें बचाने में जुटी है। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है, गले पर गहरे घाव होने से खतरा बना हुआ है। घायल पिता की पत्नी ने थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने विशाल निषाद को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने पारिवारिक विवाद और नशे की लत को मुख्य कारण माना है। आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे कोई और वजह तो नहीं, यह पता चल सके। इस घटना ने पूरे गांव में दहशत और आक्रोश फैला दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि युवाओं में नशे की बढ़ती लत परिवारों को बर्बाद कर रही है। 'कलयुगी बेटे' जैसी घटनाएं अब आम हो गई हैं, जहां नशा इंसानियत को मार डालता है। ग्रामीणों ने नशा मुक्ति अभियान और युवाओं के लिए जागरूकता की मांग की है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

# ख़जनी क्षेत्र उनवल में रेलवे स्टेशन को लेकर भड़का जनाक्रोश, आंदोलन की राह पर क्षेत्रीय जनता

**●बढ़नी गांव में निर्माण की योजना का खुलासा होते ही संघर्ष समिति का गठन, दर्जनों गांवों में जनसंपर्क तेज; जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनीः गोरखपुर।** खजनी-गोरखपुर-सहजनवां-दोहरीघाट रेलवे लाइन पर 'उनवल' नाम से स्वीकृत रेलवे स्टेशन का निर्माण बढ़नी गांव के पास कराए जाने की जानकारी सामने आते ही क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्टेशन का निर्माण उनवल की सीमा के बजाय अन्य स्थान पर किया जाना जनभावनाओं के विपरीत है। इसे लेकर क्षेत्र में संघर्ष समिति का गठन कर व्यापक आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। नगर पंचायत उनवल सहित गोरसैरा, भिउरी, परसौनी, पुरासपार, कोठा, भलुआन, रतसही, लमती, कूंडा भरत, ढढौना, जमौली और नकदह समेत दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि 'उनवल' नाम से स्टेशन स्वीकृत हुआ है तो उसका निर्माण भी उनवल में ही होना चाहिए। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र अमित विक्रम पांडेय और प्रभाकर राम त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र के विकास से समझौता नहीं किया जाएगा। उनका कहना है कि यदि मांगों की अनदेखी हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की कई पुरानी मांगें अब तक लंबित हैं, जिनमें आमी नदी प्रदूषण का मुद्दा, धोबीघाट पर पीपा पुल, 12 एनबीजी नलकूप के ध्वस्त कूलावे का निर्माण, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण, इंटर कॉलेज व महाविद्यालय की स्थिति, तथा ब्लॉक मुख्यालय की स्थापना शामिल हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो आगामी पंचायत और विधानसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा। फिलहाल क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के मुद्दे को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

# मानवता के मसीहा दुर्घटना की सूचना मिलते ही मदद को दौड़े समाजसेवी डब्लू सिंह, दो घायल मजदूरों को दिया जीवनदान

**●संकट के समय देवदूत बनकर पहुँचते हैं डब्लू सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रेणुकूट (सोनभद्र)।** समाज में आज भी ऐसे लोग मौजूद हैं जो दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। बुधवार, 11 फरवरी 2026 को कुछ ऐसा ही वाकया सामने आया, जहाँ प्रख्यात समाजसेवी डब्लू सिंह ने सड़क दुर्घटना का शिकार हुए दो मजदूर भाइयों की मदद कर मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की है। डब्लू सिंह की पहचान एक ऐसे व्यक्ति के रूप में है, जो सोनभद्र या उसके आसपास कहीं भी हों, यदि उनकी उपस्थिति में कोई दुर्घटना होती है, तो वे बिना पल गंवाए मदद के लिए पहुँच जाते हैं। घायलों को अस्पताल पहुँचाना और उनकी जान बचाना उनकी प्राथमिकता रहती है। इसी सेवा भाव का परिचय उन्होंने एक बार फिर रन टोला की घटना में दिया। जानकारी के अनुसार, ग्रासिम कानोरिया प्लांट में कार्यरत दो युवा मजदूर भाई रन टोला के पास एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाइयों के पैर में गंभीर चोट आई और वे सड़क पर तड़प रहे थे। राहगीर मूकदर्शक बने थे, तभी इस दुखद घटना की जानकारी डब्लू सिंह को मिली। समाजसेवी डब्लू सिंह उस समय चोपन से वापस लौट रहे थे। जैसे ही उन्हें फोन पर इस दुर्घटना की सूचना मिली, उन्होंने तत्काल घटनास्थल और अस्पताल के बीच समन्वय स्थापित किया। रेणुकूट पहुँचने के उपरांत, उन्होंने बिना समय नष्ट किए दोनों घायल मजदूरों को हिंडालको हॉस्पिटल पहुँचाया और उन्हें प्राथमिक उपचार हेतु भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के साथ-साथ डब्लू सिंह ने अपनी ओर से घायल मजदूरों के इलाज के लिए आर्थिक मदद भी प्रदान की। उन्होंने घायलों के चिंतित परिजनों को ढांढस बंधाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मेरा मुख्य ध्येय जरूरतमंदों की सेवा करना है। ईश्वर से प्रार्थना है कि ये दोनों युवा मजदूर भाई जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अपने घर-परिवार के बीच वापस लौटें। डब्लू सिंह दुर्घटना के समय तुरंत सक्रिय होकर मजदूरों की जान बचाने और उनके उपचार का पूरा प्रबंध करने की इस पहल की स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों द्वारा काफी सराहना की जा रही है। डब्लू सिंह ने अंत में जय हिंद के उद्घोष के साथ सभी से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और पीड़ितों की मदद के लिए सदैव तैयार रहने की अपील की।

# सोनभद्र जिलाधिकारी ने दिए ग्रीन चौपाल और शत-प्रतिशत वृक्षारोपण के निर्देश, पर्यावरण संरक्षण पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** दिनांकः 12 फरवरी, 2026 जनपद में पर्यावरण संतुलन, हरियाली बढ़ाने और नदियों के संरक्षण के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि वृक्षारोपण केवल कागजी लक्ष्य नहीं बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वृक्षारोपण हेतु स्थलों का चयन तत्काल पूरा कर लें। विभाग अपने कार्यालय परिसरों में खाली पड़ी भूमि पर पौधरोपण कर हरियाली सुनिश्चित करें। जिन विभागों को फलदार पौधों की आवश्यकता है, वे उनकी सूची जल्द से जल्द वन विभाग को उपलब्ध कराएं। पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी सुरक्षा और जीवितता सुनिश्चित करना भी संबंधित विभाग का उत्तरदायित्व होगा। पर्यावरण समिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने एनजीटी (NGT) के आदेशों का अक्षरश पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़कों पर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा सड़कों पर कचरा गिराने वाले ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। लोक निर्माण विभाग (PWD) को सड़कों के गड्ढों की मरम्मत करने और सड़क किनारे सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नदियों के संरक्षण की दिशा में जिलाधिकारी ने दो बड़े नवाचारों पर जोर दिया। शासन के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जहाँ ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। सोन नदी के किनारे बसे गांवों में किसानों को आर्गेनिक (जैविक) खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे न केवल लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि नदी के जल की शुद्धता भी बनी रहेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में वन विभाग और जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से आशुतोष जायसवाल (DFO राबर्ट्सगंज), कमल कुमार (DFO रेनुकूट)। हेमन्त कुमार सिंह (जिला विकास अधिकारी), रवीन्द्र वीर सिंह (DC मनरेगा)। मुकुल आनन्द पाण्डेय (BSA), जयराम सिंह (DIOS)। नमिता शरण (DPRO) एवं अन्य विभागीय अधिकारी। जिलाधिकारी का मुख्य संदेश पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए हमें शासन की मंशा के अनुरूप ठोस कार्य करना होगा

# बीपैक्स कचनरवा केंद्र पर सचिव की मनमानी से किसान त्रस्त, किसानों ने लगाया कटौती करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र** – जनपद में लक्ष्य पूरा होने से पुनः क्रय केन्द्र बंद हो जाने से किसान परेशान हैं वहीं केन्द्र प्रभारी की मनमानी ने किसानों की चिंता बढा दी है। ऐसा ही मामला विकास खण्ड कोन अंतर्गत बीपैक्स ( सहकारी समिति) कचनरवा की है । मिली जानकारी के अनुसार धान क्रय केन्द्र प्रभारी की मनमानी इस कदर बढ़ गयी है जहां सरकार की मंशा के विपरीत अपने चहेते व मिलर की मिलीभगत से धान कचनरवा न्याय पंचायत के बाहर के किसानों की धान खरीदी की गयी है। जबकि अन्य किसान अभी तक शेष रह गये हैं । किसान संजय व विनोद सहित अन्य किसानों ने बताया कि बीपैक्स कचनरवा केन्द्र पर प्रभारी द्वारा अपनी चहेतों व अन्य क्षेत्रों जैसे रॉबर्टसगंज, चुर्क, नग़वां कोन, डोमा, खेतकटवा , खेमपुर आदि स्थानों के किसानों का बहुतायत में धान क्रय किया गया है और वहीं तौल कराने के नाम पर 1 से 2 रुपये प्रति किलो लेकर 10 से 12.30 प्रतिशत कटौती किया गया है। किसानों से ढलता या अन्य कारण दिखाकर प्रति कुंतल 10 से 12.50 प्रतिशत की कटौती की गयी है जो शासन की मंशा के विपरीत है । सबसे बड़ा सवाल कि कचनरवा बीपैक्स पर जब सचिव नियुक्त है तो आखिर किन कारणों से अन्य बीपैक्स के सचिव को धान क्रय केन्द्र प्रभारी बनाया गया और उक्त के संदर्भ में बीपैक्स अध्यक्ष को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई जो बहुत बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है। जबकि उक्त केन्द्र प्रभारी के ऊपर उर्वरक वितरण में भी अनियमितता और ओवर रेंटिग का आरोप लगाया जा चुका था जो कि मामला दबा रह गया। जिसके क्रम में समिति के अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने कहा कि मुझे धान क्रय केंद्र बनाने व क्रय केंद्र प्रभारी बनाने के संदर्भ में कोई सूचना नहीं दी गई है बल्कि किसानों से जानकारी मिली है कि क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा धान खरीदी में कटौती किया गया है। किसानों का कहना है कि बीपैक्स कचनरवा में अब तक जिन किसानों का धान खरीदा गया है उसमें स्थानीय किसान 15 प्रतिशत को छोड़कर ज्यादातर किसान न्याय पंचायत के बाहर के हैं जो कि शासनादेश के विपरीत है। जिसके संबंध में सपा नेता / किसान नेता जोखन प्रसाद ने कहा कि जिन किसानों का बी पैक्स कचनरवा पर धान खरीदी गई है उनकी सूची सार्वजनिक करते हुए उनकी सत्यापन कराते हुए संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराने की मांग किया है और उन्होंने आगे कहा कि किस शासनादेश के तहत न्याय पंचायत के बाहर के किसानों का धान खरीदा गया जबकि समिति स्थानीय स्तर के लिए बना है जहाँ समिति के सदस्य / अध्यक्ष का चुनाव होता है। न्याय पंचायत स्तर से बाहर के किसानों की जो धान खरीदी गई है जो संबंधित पोर्टल पर किसानों का नाम प्रदर्शित हो रहा है। धान खरीदी की अंतिम तिथि 28 फरवरी है पर लक्ष्य पूरा दिखाकर खरीदी बंद कर दी गई है।जिससे किसानों के सामने धान बेचने की समस्या खड़ी हो गई है और वहीं बीपैक्स कचनरवा पर अब तक जिन किसानों के धान खरीदी व तौल कराये गये हैं उनमें भारी अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। उन्होंने जिलाधिकारी समेत संबंधित विभाग से मांग किया है संबंधित केन्द्र पर खरीदी की गई किसानों की सूची केन्द्र पर चस्पा व किसानों की धान अविलंब खरीदी किये जाने और दोषी केन्द्र प्रभारी पर कठोर कार्यवाही करने की मांग किया है। इस बावत् एडीसीओ अवधेश सिंह ने कहा कि जनपद का लगभग बीपैक्स का लक्ष्य पूर्ण हो गया है इस वजह से खरीदी बंद हो गई है और एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई कटौती करने का कोई शासनादेश नहीं है अगर किसी भी केन्द्र पर कटौती या वसूली की गई है तो उसकी जाँच कराकर दोषी पाये जाने वाले केन्द्र प्रभारियों के ऊपर कठोर कार्यवाही की जायेगी। देखना अब दिलचस्प होगा कि क्या ऐसे भ्रष्टाचार में लिप्त केन्द्र प्रभारियों के ऊपर कार्यवाही होता है या ठंडे बस्ते में चला जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**सिंगाही- खीरी।** पुलिस अधीक्षक लखीमपुर एवं निघासन पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम् कुमार निघासन के कुशल नेतृत्व में सिंगाही पुलिस उपनिरीक्षक कृष्ण चंद्र तिवारी, हेड कांस्टेबल छत्तर पाल, मोहमद अली, दरोग़ा आकाश भाटी, सिपाही पोपील बंसला वारंटी एवं न्यायालय में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार की रात बड़ी कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैरमपुर हरद्वारी में छापेमारी कर पुलिस टीम ने न्यायालय से वांछित चल रहे अभियुक्त दिनेश, छंगा एवं जमुना निवासीगण थाना सिंगाही को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए सभी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जनपद में टीबी व कैंसर स्क्रीनिंग के लिए 100 विशेष कैंप आयोजित होंगे



**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में टीबी (क्षय रोग) एवं कैंसर की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माह फरवरी में 100 विशेष स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर तैयार कार्ययोजना के अनुसार जनपद के प्रत्येक विकास खंड में 10-10 स्क्रीनिंग कैंप लगाए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय कक्ष में डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियान की रूपरेखा, तिथियों, टीम गठन तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की गई। सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने निर्देश दिए कि कैंपों में अधिक से अधिक लोगों की जांच सुनिश्चित की जाए, विशेषकर टीबी और कैंसर के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होंने कहा कि जिन मरीजों में टीबी या कैंसर के संदिग्ध लक्षण पाए जाएंगे, उन्हें पुष्टि जांच के लिए उच्च चिकित्सा इकाइयों को रेफर किया जाएगा तथा उनका समुचित और समयबद्ध उपचार सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य को कैंपों की जानकारी आशाओं एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से व्यापक रूप से दी जाए, ताकि अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सकें। बैठक में संबंधित कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीआईजी एस. चन्नप्पा ने किया वार्षिक निरीक्षण, अपराध नियंत्रण पर कड़े निर्देश



**देवरिया,।** एस. चन्नप्पा, पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र ने जनपद का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर टर्नआउट, अनुशासन व प्रशिक्षण की समीक्षा की तथा बलवा मॉक ड्रिल, डायल 112 वाहन व दंगा नियंत्रण उपकरणों का निरीक्षण किया। आरटीसी, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, बैरक, मेस व अन्य व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय में साइबर थाना, आईजीआरएस, डीसीआरबी समेत विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया। अपराध गोष्ठी में संजीव सुमन सहित अधिकारियों को हत्या, लूट, महिला व साइबर अपराधों में त्वरित कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट व कुर्की की प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद थाना मईल व गौरीबाजार का निरीक्षण कर बीट पुलिसिंग मजबूत करने, हिस्ट्रीशीटरों पर कार्रवाई व शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल दिया। आईजीआरएस कार्यालय को प्रदेश में प्रथम स्थान पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# जीवित व्यक्ति को मृतक दिखा, फर्जी वरासत कराने का आरोप

● प्रधान ने जारी किया फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र, मुकदमा पंजीकृत कराये जाने की मांग

जमीन हड़पने के इस खेल में प्रधान से लेकर तहसीलदार तक के शामिल होने के आरोप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** तहसील गोला में राजस्व विभाग के भ्रस्टाचार का एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। जिसने प्रशासन की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताते चलें कि आम आदमी जिस पटवारी/लेखपाल और कानूनगो, तहसीलदार पर भरोसा करता है और अपनी पूरी जिन्दगी की कमाई लगाता है। यदि वहीं अधिकारी कर्मचारी भू-माफिया के साथ मिल जाय तो न्याय की उम्मीद किससे की जाय?

**क्या है पूरा मामला-**

तहसील गोला अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदुआ निवासी हरी राम पुत्र रजई को सपने में भी अंदाजा नहीं था। कि जो जमीन उसकी है और जिस जमीन का वह मालिक और एक मात्र हकदार है।उसी जमीन को भारी भरकम नजराना लेकर किसी मौर्या बिरादरी की महिला पिंकी के नाम फर्जी वरासत भर देंगे और जीवित रहते हुए काग़ज़ों पर उसे मृतक दिखा दिया जायेगा। गोला तहसील के परगना कुकुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदुआ में एक ऐसा ही सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है।जहां के प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा चंद गांधी छाप काग़ज़ के टुकड़ों की चकाचौंध में जीवित हरीराम धोबी को मृतक दिखाकर उसकी जमीन मौर्य बिरादरी की पिंकी देवी को हरीराम की पुत्री दिखाकर बतौर वारिस वरासत दर्ज कर बड़ा फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है।बताया जाता है कि हरीराम धोबी जाति से है,और जीवित रहते हुए रेलवे विभाग से पेंशन ले रहा है। सूत्र बताते हैं कि वैसे भी तहसील प्रशासन पर सूबे के मुखिया और उच्च न्यायालय के आदेश को ताक पर रखकर सरकारी जमीनों खेल मैदान, और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित रिक्त पडी जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा कराकर लाखों की ठगी करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। हरीराम राम का आरोप है कि लेखपाल, कानूनगो और प्रधान पंचायत सचिव ने हरीराम पुत्र रज़ई को मृतक दिखाकर उसकी जमीन गाटा संख्या 731 ठ की फर्जी वरासत गांव की ही मौर्य बिरादरी की एक महिला पिंकी देवी/बिंदर पाल को हरिराम की फर्जी पुत्री बनाकर लाखों रुपये की ठगी की गई है।उक्त महिला मौर्य बिरादरी की है जबकि हरीराम धोबी जाति का है। तो उक्त पिंकी देवी हरीराम की पुत्री कैसे हो सकती है? सूत्र बताते हैं कि हरिराम की फर्जी पुत्री बनी पिंकी देवी/बिंदर पाल कथित पुत्री हरिराम ग्राम हरदुआ परगना कुकुरा तहसील गोला जिला खीरी की निवासी और मौर्य बिरादरी की बताई जाती हैं। उक्त मामले में आज तक कोई कार्रवाई न होना बड़ा सवाल खड़ा करता है। कि इसे अधिकारियों की लापरवाही कहे या फिर प्रधान,पंचायत सचिव और लेखपाल द्वारा की गयी कमाई में भागीदारी समझा जाय। बड़ा सबाल यह भी है कि यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति के साथ घटित धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा की घटना का नहीं बल्कि सिस्टम में दीमक की तरह लगे भ्रस्टाचार का सबूत है।जब रक्षक ही भक्षक बन बैठे तो आम आदमी अपनी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने किसके पास जाय? फर्जी वरासत के विवाद में घिरे जिम्मेदारों पर आज तक कोई कार्रवाई न होना प्रशासन की सुस्ती को उजागर करता है।अब देखना है कि दोषी लोगों पर कब तक शिकंजा कसा जाता है? पीड़ित ने पूनः मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर दोषी ग्राम प्रधान राम किशन के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराए जाने तथा दर्ज फर्जी वरासत को निरस्त कराकर जमीन वापस दिलाए जाने की मांग की है।

इस मामले पर ग्राम प्रधान हरदुआ रामकिशुन ने बताया म्रत्यु प्रमाणपत्र अनजाने में मेरे द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार गोला भीम चंद ने बताया कि यह विरासत का मामला सीधे कोर्ट में आया था। आप पूनः रेस्टोरेशन दाखिल कर दीजिए मैं वरासत को निरस्त कर हरीराम के पक्ष में वरासत साक्ष के आधार पर दर्ज किए जाने का आदेश कर दूंगा।

## नौरंगाबाद में पिंजरे में कैद हुआ 'दहशत' का पर्याय बना तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही-खीरी।** उत्तर बेलरायां रेंज के नौरंगाबाद क्षेत्र में पिछले कई दिनों से खौफ का कारण बना तेंदुआ आखिरकार गुरुवार सुबह वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने से जहां एक ओर स्थानीय ग्रामीणों ने चैन की सांस ली है, वहीं वन विभाग की टीम ने भी अपनी कड़ी मशक्कत के सफल होने पर संतोष व्यक्त किया है।

मामले की गंभीरता तब बढ़ी जब 25 जनवरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में देखा गया कि तेंदुए के पैर में कुछ फंसा हुआ है। जख्मी होने के कारण तेंदुआ काफी आक्रामक हो गया था और लगातार आबादी वाले इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ाकर आतंक मचा रहा था।तेंदुए की मौजूदगी और ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। इलाके में अलग अलग स्थानों पर दो पिंजरे और तेंदुए की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए CCTV कैमरे भी



लगाए गए। टीम लगातार इलाके में गश्त भी कर रही थी। कई दिनों के इंतजार के बाद, गुरुवार सुबह तेंदुआ बिछाए गए जाल में फंस गया और पिंजरे में कैद हो गया। सुबह जैसे ही ग्रामीणों को तेंदुए के पकड़े जाने की भनक लगी, मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। बेलरायां रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शोसल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद उच्च अधिकारियों के आदेश पर पिंजरे लगाए गए थे जिसमे आज सुबह तेंदुआ फंस गया प्रथम द्रष्टया उसके पैर में कोई चोट नही है, उसे मेडिकल परीक्षण कराने के बाद करतनिया के जंगल मे छोड़ दिया जायेगा।

## दरोगा अजय गौड़ की हत्या पर कांग्रेस ने जताया शोक



**देवरिया।** बस्ती जनपद के परशुरामपुर थाना में तैनात दरोगा अजय कुमार गौड़ की हत्या के बाद गुरुवार शाम जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता देवरिया कोतवाली क्षेत्र के मूडाडीह गांव पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान परिजनों के दुःख से माहौल भावुक हो उठा। जिलाध्यक्ष ने सरकार से घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद, जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, जिला महासचिव आलोक त्रिपाठी 'राजन', जिला सचिव विनोद दुबे, जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अशोक गोंड, शहर प्रवक्ता विनोद त्रिपाठी व रमाशंकर यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सी डी ओ साहब एक नज़र नगर पंचायत खीरी की ओर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** इस शीर्षक के साथ आप सब को बहुत जल्द पढ़ने को मिलेगा जनहित में एक खास लेख। ज़िले के मुख्य विकास अधिकारी ( सी डी ओ ) की सख्त कार्यशैली और उनकी ईमानदारी के चर्चे आजकल ज़िले भर में सुने जा रहे हैं। हम अपने लेख के माध्यम से खीरी टाउन की जनता की आवाज़ बनकर सी डी ओ साहब से अनुरोध करेंगे कि नगर पंचायत खीरी के अधिशाषी अधिकारी विनीत कुमार का हाल चाल भी ले लें। नगर पंचायत खीरी द्वारा आश्चर्यजनक तरीके से नाला निर्माण जनचर्चा में तो चल ही रह है लेकिन **राम लीला पार्क के निर्माण** को लेकर नगर पंचायत खीरी की कार्यशैली पिछले काफी दिनों से सुर्खियों में बनी हुई है। सूत्र बताते हैं कि इस पार्क के लिये जो जमीन प्रस्तावित की गई उसपर पार्क का निर्माण न करवाकर बल्कि एक विधवा की खरीदी हुई ज़मीन पर निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा इस पूरे पटाई किये हुए इलाके पर प्लाटिंग करने वाले युवक के द्वारा जो सड़क हाई वे 727 से मिलकर उत्तर से दक्षिण की तरफ ले जाई गई है और भविष्य में उसे पुख्ता रूप दिया जाना है वो सरासर अवैध बताई जा रही है। नगर पंचायत खीरी ने किसकी क्या फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से कौन कौन से किये हैं जतन? पार्क निर्माण आदि में अदालत के स्थगनादेश को तक किया जा रहा नजरअंदाज।

**इस पार्क और पास पड़ोस के प्लाटों में किस कदर अनियमितताएं हैं?**

» अदालत में विचाराधीन मुकदमा में तक सुलह नामा लगाकर माफियाओं को कैसे पहुंचाया गया लाभ?

» महादेव के नाम से है कितनी ज़मीन?

» पार्क के लिए प्रस्तावित है कौन से गाटे की भूमि?

» किस जगह पर बन रहा है पार्क?

» नगर पंचायत खीरी के ई ओ की भूमिका क्या होनी चाहिए लेकिन क्या है?

» अन्धेर नगरी चौपट राजा, टका सेर भाजी टका सेर खाजा, की तर्ज़ पर चल रहा है निज़ाम। ई ओ खामोश।

आखिर नगर पंचायत खीरी के *ई ओ विनीत कुमार आश्चर्यजनक चुप्पी क्यों साढ़े हुए हैं? इन सभी बातों का खुलासा करते हुए विस्तार के साथ हम शीघ्र जनहित में वायरल करेंगे एक लेख। इस लेख को वाट्सएप के ऐसे ग्रुपो में भी हम वायरल करने का करेंगे प्रयास, जिन ग्रुपों से जुड़े हैं कई आला अफसर भी। इसके साथ साथ हमारा प्रयास ये भी रहेगा कि आने वाले लेख को हम सी0 डी0 ओ0 महोदय के पर्सनल नम्बर पर भी भेजकर खीरी टाउन की जनता की तरफ से माँग करें कि - *सी0 डी0 ओ0 साहब एक नज़र नगर पंचायत खीरी की तरफ* तब तक आप सब लोग इन्तिज़ार के साथ बने रहिये हमारे साथ।

## हैदराबाद पुलिस ने चार वारंटियो को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में दिनांक 12.02.2026 को थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा 04 नफर वारन्टी अभियुक्तगणो 1. दीपू उर्फ दिनेश कुमार निवासी ग्राम जडौरा थाना हैदराबाद जनपद खीरी मु0स0 267/15 धारा 279/338/427 भादवि थाना नीमगांव सम्बन्धित न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखीमपुर खीरी 2. रियाज पुत्र रोज अली निवासी ग्राम दतेली थाना हैदराबाद खीरी मु0स0 246/25, अ0स063/13 धारा 498ए/323/504/506 भादवि व ड डी.पी.एक्ट थाना हैदराबाद सम्बन्धित न्यायालय सी.जे.(सी.डी.) एफ.टी.सी. (सी.ए.डब्लू.) खीरी 3.जस्सू उर्फ भोला पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम अजान थाना हैदराबाद जनपद खीरी मु0स0 13423/23 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना हैदराबाद सम्बन्धित न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लखीमपुर खीरी 4.मुकेश पुत्र भंगड कंजड निवासी ग्राम अजान थाना हैदराबाद जनपद खीरी मु0स0 1542/17 अ0स0 141/8 धारा 323/504/506 भादवि थाना हैदराबाद सम्बन्धित न्यायालय सिविल जज(क0प्र0)एफटीसी लखीमपुर जिला खीरी को सम्बन्धित वारन्टो में गिरफ्तार कर न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरिक्षक खेमेन्द्र कुमार, अशोक कुमार सिंह चौकी प्र0 अजान, उ0नि0 अशोक कुमार सिंह,व आरक्षी संजीव यादव, सुरेश कुमार, रवि कुमार, अंकुश कुमार थाना हैदराबाद जनपद खीरी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## कमिश्नर विजय विश्वास ने लिया महाशिवरात्रि की तैयारी का जायजा



**गोला गोकर्ण नाथ खीरी** महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर कमिश्नर विजय विश्वास पंत, आईजी एस किरण, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार , एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उसके बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया?। नीलकंठ मैदान में जिला, तहसील प्रशासन, नगर पालिका परिषद, वालेंटियर्स, आपदा मित्रों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। गोला के सावन मेला को राजकीय मेला घोषित कराने में प्रयास करने का आग्रह किया गया।

## पट्टेदारो को आवंटित भूमि पर कब्ज दिलाए जाने की मांग, सौपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन (खीरी)।** सर्वहित कल्याण मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पट्टेदारों को आवंटित भूमि पर शीघ्र कब्जा दिलाए जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय निघासन पहुँचकर माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि लगभग उन्नीस वर्ष पूर्व भेड़ौरा की सीलिंग की भूमि को उपजिलाधिकारी द्वारा गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को पट्टे के रूप में आवंटित किया गया था। लेकिन उक्त भूमि पर सिंगाही के राजा के परिवार द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था। इस संबंध में उनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय की खंडपीठ लखनऊ में रिट याचिका दाखिल कर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया गया था।

बताया गया कि दिनांक 04 नवंबर 2022 को उच्च न्यायालय द्वारा उक्त रिट याचिका खारिज कर दी गई थी। इसके बाद पट्टेदारों ने तहसील में प्रार्थना पत्र देकर कब्जा दिलाने की मांग की, जिस पर




तहसील प्रशासन द्वारा पैमाइश कराई गई और तीन पट्टेदारों को कब्जा दिलाया गया, लेकिन शेष भूमि पर पुनः अवैध कब्जा कर लिया गया।संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि सभी पात्र पट्टेदारों को तत्काल कब्जा दिलाया जाए तथा अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।ज्ञापन में गाटा संख्या 760 दान कौर पत्नी गुरबाज सिंह, गाटा संख्या 763 नारद पुत्र जवाहर, कमलेश पुत्र पुत्तू, प्रकाश पुत्र बेचई निवासी ग्राम चिरकुआ पोस्ट सिंगाही, जनपद लखीमपुर खीरी सहित अन्य पट्टेदारों के नाम शामिल हैं।

## क्योलड़िया पुलिस ने डेढ़ साल पुराने लापता किशोरी मामले में किया दोहरे हत्याकांड का खुलासा प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने किया

● आरोपी ने 8 वर्ष पूर्व अपनी पत्नी की भी हत्या कर चुका है उसका भी क्यों लड़ियां पुलिस ने किया खुलासा किशोरी की

हत्या के आरोप में पकड़े जाने पर पत्नी की हत्या भी की स्वीकार आरोप में डॉक्टर कंपाउंडर को भेजा जेल

कई प्रभारी निरीक्षक नहीं कर सके थे इस घटना का खुलासा वेद सिंह ने कर दिया अनावरण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/क्योलडिया।** थाना क्योलड़िया पुलिस ने डेढ़ साल पुराने नाबालिग किशोरी के लापता मामले में बड़ा खुलासा करते हुए दोहरे हत्याकांड का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने किशोरी की हत्या और वर्ष 2017 में महिला की हत्या के आरोप में सलीम हुसैन और उसके साथी आसिम उर्फ अमित उर्फ 'डॉ. बंगाली' को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी पॉलीग्राफ टेस्ट के नोटिस के बाद घबराकर पश्चिम बंगाल भागने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान 11 फरवरी को भौआ बाजार के आगे बौरिया कट से उन्हें दबोच लिया गया।

**पत्नी और प्रेमिका दोनों की हत्या का आरोप, तकनीकी साक्ष्यों से खुली परतें**

ग्राम सतवन पट्टी निवासी अजीज अहमद ने 8 जनवरी 2025 को अपनी 16 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान सितंबर 2025 में कैलाश नदी किनारे गन्ने के खेत से बालों की चोटी, कपड़े और हड्डियां बरामद हुई। डीएनए रिपोर्ट से पुष्टि हुई कि अवशेष किशोरी के ही थे। मोबाइल सीडीआर जांच में गांव के ही सलीम हुसैन की गतिविधियां संदिग्ध पाई गई। पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने किशोरी को बुलाकर खेत में गला दबाकर हत्या कर दी और मोबाइल नदी में बहा दिया।

जांच में यह भी सामने आया कि सलीम भौआ बाजार स्थित एक क्लीनिक में 'डॉ. बंगाली' के साथ काम करता था। पूछताछ में आसिम उर्फ डॉ. बंगाली ने स्वीकार किया कि उसने वर्ष 2017 में पत्नी रजनी की हत्या की साजिश रची थी। विवाद के चलते दोनों ने मिलकर महिला की गला दबाकर हत्या कर शव को दफना दिया था।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी गंभीर है। सलीम पर लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं, जबकि आसिम उर्फ डॉ. बंगाली अपहरण, पॉक्सो और पत्नी हत्या जैसे मामलों में पहले भी नामजद रह चुका है। एसपी दक्षिणी मुकेश कुमार मिश्र ने बताया कि सर्विलांस, साइबर सेल और एसओजी की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस दोहरे हत्याकांड का खुलासा किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है। इन अपराधियों को पकड़ने में प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उपनिरीक्षक और अरिमर्दन सिंह अर्जित कुमार मुकेश कुमार हेडकस्टेबल नवीन कुमार कांस्टेबल सचिन कुमार लोकेंद्रसिंह लकी सिंह आदि पुलिस का सराहनीय कार्य पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी।

## विद्या निकेतन के इण्टरमीडिएट छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** दिनांक दिन गुरुवार को स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज के सभागार में कक्षा 11 के विद्यार्थिओं ने इण्टर के विद्यार्थिओं को विदाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र का अनावरण, पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात प्रांजली, पीहू, अंशिका जायसवाल, शीतल वर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, अंश शुक्ला आदि छात्र/छात्राओ ने अपने भावों को व्यक्त कर छात्र/छात्राओं को नित्य नई ऊंचाइयों को छूने तथा अपनी उपलब्धि सांझा करने के लिये उत्साह वर्धन किया। विद्यालय की बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में बताया कि छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विद्यार्थी, अध्यापकों के कार्यों का विषय, अध्यापकों के विचारों का लक्ष्य और अध्यापकों के प्रयासों का प्रतिबिम्ब होते हैं। यह सत्य है कि, हमने आप सभी को शिक्षित किया है हालांकि, यह भी सत्य है कि, हमने भी आप सभी से बहुत कुछ सीखा है। बारह साल का यह लम्बा सफर था हालांकि, आप सभी की भविष्य में कुछ बेहतर करने की दृढ़ इच्छा के कारण यह समय बहुत जल्दी बीत गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री कौशल किशोर मिश्रा ने परीक्षा केंद्र पर पहुँचने से पहले की सावधानियों, समय पर पहुचने एवं परीक्षा देते समय की जानकारियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने छात्र/छात्राओं को परीक्षा में उच्चअंक प्राप्त कर उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सुनियोजित अध्ययन, नियमित रिवीज़न, और लिखकर अभ्यास करने महत्व पर प्रकाश डाला तथा साथ ही यह भी बताया कि सार्थक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना भविष्य की सफलता की नींव है। कार्यक्रम के अंत में सूक्ष्म जलपान कर विद्यार्थी प्रसन्नता पूर्वक विदा हुए।

### बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में 12वीं की छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न

**बस्ती।** जिले केबेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज के परिसर में कक्षा 12वीं की छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद आलम एवं प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया। विदाई समारोह के दौरान मुख्य अतिथि मोहम्मद आलम ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अपने आशीर्वचनों में विद्यालय की प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और छात्राओं को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल भावनात्मक और उत्साहपूर्ण हो गया। शिक्षकों ने छात्राओं के शैक्षिक एवं नैतिक विकास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय को उन पर गर्व है। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से छात्राओं को स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विदाई समारोह आपसी स्नेह, सम्मान और प्रेरणा के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अलका पांडेय ने किया। समारोह में मुख्य रूप से श्रीमती प्रेमलता, श्रीमती अंजुम परवीन, ईरम फातिमा, नजराना बतूल, आरिफा खातून, मलिक सबा अफजल सहित अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रही।

## सिंगाही थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित:सभी धर्मो के लोगों ने लिया हिस्सा, शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही-खीरी।** स्थानीय थाना परिसर में महाशिवरात्रि के महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने की, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, मंदिर समितियों के पदाधिकारियों एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विभिन्न मंदिरों से निकाली जाने वाली शिव बारात एवं जुलूस के संबंध में संभावित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मार्ग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही निकाला जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा न करने की भी हिदायत दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा



न हो और पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से पर्व को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप पुरवार, श्याम मोहन दीक्षित, सभासद रामनरेश गुप्ता सहित गांव व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा लोगों को जागरूक किया गया



**सीखड़।** स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत द्वारा गुरुवार को भगीरथपुर ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत के संयोजक एवं जिला पंचायत सदस्य सीखड़ कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत का उद्देश्य है कि लोग स्वदेशी सामानों की अपनी दिन चर्या में शामिल करें। स्वदेशी जागरण मंच जहां लोगों के एकता में पिरोने का कार्य करता है वहीं अपने देश का पैसा अपने देश में करने के लिए लोगों को प्रेरित भी करता है। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने नवदंपति को दिया आशीर्वाद,ओडीओपी उत्पाद भेंट कर दी शुभकामनाएं



12 फरवरी 2026/ उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो0 सुरेंद्र सिंह की पुत्री के विवाह के शुभ अवसर पर नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर नवदंपति को उपहार स्वरूप प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी)' के अंतर्गत निर्मित उत्कृष्ट उत्पाद भेंट किए। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना प्रदेश के पारंपरिक एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बनी है। यह योजना न केवल कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान कर रही है, बल्कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान दे रही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विवाह जैसे पावन अवसरों पर स्थानीय उत्पादों को उपहार स्वरूप प्रदान करना 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को सुदृढ़ करता है तथा प्रदेश के हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका वैवाहिक जीवन प्रेम, सौहार्द, आपसी विश्वास एवं खुशहाली से परिपूर्ण हो।

## टेट अनिवार्यता बयान के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रतीकात्मक दहन



**बीआरसी ज्ञानपुर, जनपद भदोही** उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जनपद भदोही के बीआरसी ज्ञानपुर परिसर में सैकड़ों शिक्षकों ने एकत्र होकर शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा भारतीय संसद में टेट अनिवार्यता के संदर्भ में दिए गए बयान का विरोध किया। इस दौरान शिक्षकों ने मंत्री के बयान की प्रति का प्रतीकात्मक दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञातव्य है कि शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा सेवारत शिक्षकों को भी अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता संबंधी बयान दिया गया था। शिक्षकों का कहना है कि इस निर्णय से प्रदेश सहित पूरे देश के लगभग 20 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। शिक्षकों ने इसे उनके सम्मान के साथ प्रत्यक्ष अन्याय बताया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला संयोजक धीरेंद्र यादव एवं सहसंयोजक अरुण पांडे द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने सरकार से बयान वापस लेने एवं शिक्षकों के हितों की रक्षा करने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानपुर रविंद्र कुमार पांडे, मोनू सरोज, अनुराग कुमार, ओमप्रकाश मिश्रा, जितेंद्र कुमार, भूपेंद्र यादव, राजेश नवनीत, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. प्रमोद मिश्रा, अरविंद उपाध्याय, सूबेदार यादव, वीरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, अखिलेश यादव, जितेंद्र कुमार पटेल, मंगलेश यादव, मोहम्मद रिजवान अंसारी, धीरेंद्र मिश्रा, जिला संरक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ला सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने उपजिलाधिकारी को सौंपा आठ सूत्रीय ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चुनार, मीरजापुर।** गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन जनपद मिर्जापुर द्वारा चुनार तहसील में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के खिलाफ देश भर के किसान संगठन धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन के माध्यम से अमेरिका-भारत व्यापार समझौता को रद्द करने की मांग कर रहें हैं। भारतीय किसान यूनियन इस ज्ञापन के माध्यम से अमेरिका-भारत व्यापार समझौता को रद्द करने की मांग करती है क्योंकि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता किसान विरोधी कदम है।भारत की आत्मा गांव में बसती है लेकिन जिस तरह से यह व्यापार समझौता सामने आया है,उससे सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसानों की सहमति ली गई है, क्या उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। सस्ती विदेशी उपज से भारतीय किसान तबाह होंगे:- अमरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित, पूरी तरह मशीनीकृत और बड़े कॉर्पोरेट फार्म मॉडल पर आधारित है अगर भारत सोयाबीन, मक्का, गेंहूँ, डेयरी उत्पाद, दालों पर आयात शुल्क घटाता है तो सस्ती अमेरिकी फसल भारतीय मंडियों आयेंगी। इससे भारतीय किसान जो पहले ही एममसपी की लड़ाई लड़ रहा है, वह इस प्रतिस्पर्धा में कैसे टिकेगा। डेयरी सेक्टर पर सीधा हमला: भारत का डेयरी मॉडल छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित, सहकारी व्यवस्था पर टिका हुआ है। आसानी से अमेरिकी डेयरी उत्पादों की प्रवेश होने से लाखों दुग्ध उत्पादक परिवार प्रभावित होंगे जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा आघात है। एमएसपी और खाद्य सुरक्षा पर खतरा:- व्यापार संतुलन के नाम पर भारत के ऊपर कृषि सब्सिडी कम करने, सार्वजनिक खरीद प्रणाली को कमजोर करने का दबाव होने से एमएसपी व्यवस्था, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य आत्मनिर्भरता पर प्रहार होगा। बीज और कॉर्पोरेट नियंत्रण: अमेरिकी कंपनियां पेटेंट आधारित बीज, बौध्दिक संपदा अधिकार के जरिये अपने किसानों को आत्मनिर्भर बनाती है जबकि भारत में आज भी किसान अपनी परंपरिक बीज संचय व संरक्षण पर निर्भर है। बीज पर कंपनियों के हाथ में आने से भारतीय किसान अपनी परंपरिक बीज स्वतंत्रता व नियंत्रण खो देगा।

यह समझौता केवल व्यापार का मामला नहीं है बल्कि यह किसान की आय, ग्रामीण रोजगार, खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय आर्थिक स्वायत्तता का प्रश्न है। इसलिए अमेरिका-भारत व्यापार समझौता को रद्द किया जाए। साथ मे संगठन के द्वारा जिले स्तर की 8 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम उप जिलाधिकारी महोदय को सौपा गया जिसमें चुनार तहसील अंतर्गत गंगा किनारे बसे गांव बगही, शिवपुर, चित्रहा,जलालपुर माफी ,व गांगपुर में बाढ़ के दिनों में कटान होने से सैकड़ो एकड़ जमीन और मकान गंगा में समाहित होते जा रहे हैं जिसको को रोकने का उचित प्रबंध और ग्राम सभा बगही से जलालपुर माफी के बीच का सड़क बाढ़ की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है इसका निर्माण कराया जाए , बेला से बगही की सड़क लगभग 2 मीटर ऊंचा व जरगो नदी का पुल भी ऊंचा कराया जाए जिससे बाढ़ के दिनों में किसानों को आने-जाने में राहत मिल सके, ढाब क्षेत्र शिवपुर, बगही, जलालपुर व अन्य गांव के किसान जमीन पर कृषि ऋण लिए हुए हैं जो कटान की वजह से गंगा नदी में जमीन समाहित हो गई है ऐसी स्थिति में संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए ,और शासनादेश के मुताबिक 28 फरवरी तक धान क्रय केंद्र खोलकर जिन किसानों ने नंबर लगाया हुआ है प्राथमिकता के आधार पर धान खरीदा जाए और धान खरीद में हुई अनियमित की जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, सदर तहसील अंतर्गत परगना कंतित स्थित मौज ददरी खुर्द में अडानी समूह द्वारा विद्युत तापीय परियोजना लगाएं जाने का विरोध करते हुए किसानों ने मांग किया कि इस परियोजना को रद्द किया जाय या यहां सोलर विद्युत परियोजना लगाया जाय और नारायणपुर बैकुंठपुर में रेलवे लाइन के नीचे अंडरपास बनाए जाने की मांग की और लंबे समय से मांग किया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सात पर बरईपुर गेट के सामने कट दिया जाय। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह,प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला उपाध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, डॉक्टर पंचम सिंह, विश्वनाथ सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राममहाल सिंह, राम सिंगर सिंह रामवृक्ष सिंह रामप्यारे सिंह अनुराग सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, कैलाश नाथ, रामनरेश, रामवृक्ष सिंह, किस्मत कुशवाहा राजेश यादव व अन्य किसान उपस्थित रहे।

## डाक विभाग प्रकरण में भुगतान, बीमा कंपनी पर रिकवरी वारंट




**ज्ञानपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, भदोही ने उपभोक्ता हितों की रक्षा में अपनी सक्रियता दिखाई है। एक प्रकरण में आयोग ने डिग्रीधारक तेज बहादुर सिंह को 68,394 रुपये का भुगतान कर उपभोक्ता हितों की रक्षा की, जबकि दूसरे प्रकरण में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के शाखा प्रबंधक के विरुद्ध रिकवरी वारंट जारी किया गया। डाक विभाग द्वारा सेवा में कमी से जुड़े मामले में आयोग ने वादी के पक्ष में निर्णय दिया। अपील प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश संजय कुमार डे एवं महिला सदस्य दीप्ति श्रीवास्तव ने भुगतान चेक डिग्रीधारक को सौंपा। मामले का अंतिम निस्तारण 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत में होगा। इसी क्रम में बीमा कंपनी के विरुद्ध प्रकरण में आयोग ने जिलाधिकारी भदोही को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली अधिकारियों के माध्यम से 37,711 रुपये की राशि भू-राजस्व की भांति वसूल कर आयोग में जमा कराई जाए। धनराशि 6 मार्च 2026 तक जमा कराई जाने का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है।

# एक दूजे के हुए एक सौ तीन जोड़ें





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भदोही जनपद के सभी विकासखंडों में कुल 103 नवदम्पति जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में नव निर्मित कल्याण मण्डपम, फतुपुर में गूंजी शहनाई और भदोहीवासियों को भव्य मण्डप की नई सौगात मिली। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शादी पर होने वाले अपव्यय पर रोक लगाई जाती है, जिससे गरीब परिवार भी अपनी बहनों, बेटियों और बेटों की शादी खुशी और गरिमा के साथ कर सकते हैं। इस वर्ष विकासखंड ज्ञानपुर में 20, भदोही में 20, डीघ में 20, अभोली में 15, सुरियावां में 13, नगर पालिका परिषद भदोही में 5, गोपीगंज में 2, नगर पंचायत ज्ञानपुर में 3 और सुरियावां में 5 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुखगण, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, खण्ड विकास अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने नवदम्पतियों को पवित्र दाम्पत्य सूत्र में बंधने पर आशीर्वाद और शुभकामनाएँ दीं।

मुख्य विकास अधिकारी ने सामूहिक विवाह योजना द्वारा सामाजिक एकता और अखंडता को मजबूत किए जाने पर बल दिया। सभी जातियों के लोग एक मंडप में सामंजस्यपूर्ण विवाह समारोह में शामिल हुए, जिससे समाज में समानता, समरसता और संस्कृति की मिसाल स्थापित हुई। इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़ो को कन्या हेतु 60,000 रुपये की सहायता राशि, विवाह उपहार सामग्री 25,000 रुपये तथा समारोह की व्यवस्थाओं के लिए 15,000 रुपये प्रदान किए गए। इस तरह कुल खर्च का लक्ष्य रू0 एक लाख प्रति जोड़ा निर्धारित किया गया है।

# 14-15 फरवरी को आज़मगढ़ में आयोजित होगा सरदार पटेल इंटर स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2026

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश)**, 12 फरवरी 2026 पूर्वांचल एवं ग्रामीण भारत में युवाओं के कौशल विकास, खेल प्रतिभा संवर्धन, नवाचार तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यरत सामाजिक संस्था IDEA और स्टार्टअप पूर्व द्वारा 14 एवं 15 फरवरी 2026 को 'सरदार पटेल इंटर स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2026' का आयोजन केशव वि?द्यापीठ इंटर कॉलेज परिसर, मऊकुतुबपुर, सगड़ी, आज़मगढ़ में किया जा रहा है। यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं के समग्र विकास की एक व्यापक और चरणबद्ध पहल की शुरुआत है। संस्था की योजना इस क्षेत्र के आस-पास के गांवों से खेल संस्कृति विकसित करने, गांव स्तर पर स्पोर्ट्स क्लब स्थापित करने तथा स्थानीय प्रतिभाओं को संगठित मंच प्रदान करने की है। इसके पश्चात इन्हीं युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, स्टार्टअप जागरूकता एवं उ?द्यमिता कार्यक्रमों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगार सृजक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार गांव-गांव खेल संस्कृति से क्लब, क्लब से स्किल और स्किल से स्टार्टअप/उद्यमिता तक एक सतत विकास श्रृंखला विकसित की जाएगी। इसी क्रम में आज़मगढ़ जनपद के हरैया एवं अजमतगढ़ ब्लॉकों को प्रारंभिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां चरणबद्ध रूप से खेल, स्किलिंग और स्टार्टअप गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों की प्रतिष्ठित टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को 51,000, उपविजेता को 31,000 तथा मैन ऑफ द सीरीज़ को 10,000 प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सर्वश्रेष्ठ अटैकर, सर्वश्रेष्ठ लिबेरो और सर्वश्रेष्ठ सेटर को ?5,000-25,000 की विशेष पुरस्कार राशि दी जाएगी। दर्शकों के लिए त्तक्र कोड आधारित सहभागिता प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें तीन भाग्यशाली विजेताओं को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. ओंकार राय, पूर्व महानिदेशक, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई): पूर्व विकास आयुक्त (एसईजेड आईटी/टीईएस); तथा पर्व कार्यकारी अध्यक्ष, स्टार्टअप ओडिशा ने कहा, 'यह पहल केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रतिभा पहचान, संरचित प्रशिक्षण और दीर्घकालिक खिलाड़ी विकास का प्रयास है। हमारा उद्देश्य खेल को आधार बनाकर युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करना तथा उन्हें कौशल और स्टार्टअप अवसरों से जोडना है।

# श्रमिकों ने एकदिवसीय हड़ताल कर किया धरना प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मीरजापुर।** गुरूवार को कोतवाली क्षेत्र के धौहा स्थति मेसर्स शांति गोपाल कान कास्ट लिमिटेड के इंजिनियरिंग मजदूर यूनियन संघ के श्रमिकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को पत्रक सौंपा गया।यूनियन के जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महासंघों द्वारा केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के कारण मजदूरों की लगातार बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त किया गया । इस संबंध में केंद्र सरकार को कई बार ज्ञापन दिया गया। दिनांक 9 जनवरी 2026 को दिल्ली के केंद्रीय श्रम संगठन के द्वारा एक प्रस्ताव विभिन्न मांगों को लेकर 12 फरवरी 26 को एक दिवसीय आम हड़ताल करने का निर्णय लेते हुए देश के सभी ट्रेनिंग में उसे हिस्सा लेने के अपील की गई। राष्ट्रीय श्रमिक संघ के उक्त निर्णय का समर्थन करते हुए एयरटेल द्वारा सूचित किया गया कि आपके प्रतिष्ठान के प्रति श्रमिक एक दिवस की हड़ताल पर रहेंगे। 24 घंटे कोई भी कार्य नहीं करेंगे। हड़ताल के दौरान मजदूरों ने विभिन्न मांगों को रखा। जिसमें चारों श्रम संहिता को रद्द किया जाए।बिजली संशोधन विधेयक 2025 को वापस लिया जाए। विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आज का मिशन गारंटी अधिनियम वापस कर मनरेगा को बहाल किया जाए। प्रदेश के न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड का गठन किया जय। विक्रय संवर्धन कर्मियों को सेल्स प्रमोशंस इंप्लाइज के लिए न्यूनतम सलाहकार बोर्ड के उप समिति का गठन किया जाए तथा न्यूनतम वेतन 26000 से कम ना हो ,काम करने के 8 घंटे के नियम को सख्ती से लागू किया जाए । शुगर होटल इंजीनियरिंग उद्योग में वेतन पुनरक्षण किया जाए। उत्तर प्रदेश में श्रम कानून का पालन कड़ाई से किया जाए। असंगठित क्षेत्र के मजदूर के लिए सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था किया जाए। वर्कर आंगनवाड़ी आशा समिति कार्यकर्ता के लिए न्यूनतम वेतन 26000 घोषित किया जाए । रिटायरमेंट के बाद लिमिटेड फंड एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए। उनको सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और दक्षिण अंतर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सहित सभी साधनी क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाई जाए।

सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर रोजगार का सृजन किया जाए। सरकारी क्षेत्र में अधिक पदों पर भर्ती किया जाए। समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए। ठेका प्रथा समाप्त किया जाए। नियमित प्रकृति के काम करने में मजदूर कर्मचारी रखा जाए।संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित किया जाय । सहित अन्य मांगों को भी रखा गया।धरना प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने बताया कि महा माया कंपनी की ओर से किसी भी श्रमिकों का आईडी कार्ड नहीं बनाया गया है जिससे रात में डिप्टी कर घर जाते समय रास्ते में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और कम वेतन पर श्रमिकों से कार्य कराया जाता है जो नियम के विरुद्ध है बताया कि श्रमिकों द्वारा अपना हक मांगने पर कार्य से निकाल देने की धमकी दी जाती है और कम्पनी के ड्राईवर गोपी अजय जीतलाल बुल्लू ने बताया कि हम लोगों से बारह घंटे ड्यूटी कराई जाती है। जिससे गाड़ी चलाने में दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। बिहार से कार्यरत महिला मजदूर संगीत देवी ,कुमारी देवी, अंजली देवी, लक्ष्मिना लीला ने बताया कि आठ घंटे ड्यूटी कराने के ऐवज में कम मजदूरी दिया जाता है। वहीं मेस में कार्य करने वाली बाराडीह की महिला माया व ऊषा ने बताया कि हम लोगों को आठ घंटे काम कराने के बाद 220 रूपए के दर से प्रतिदिन की मजदूरी दी जाती है,पूरी मज़दूरी मांगने पर कार्य से निकाल देने की धमकी दी जाती है। धरना प्रदर्शन के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि आप लोगों की मांगे शासन स्तर पर भेज दिया जाएगा उनके आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त कर सभी कर्मचारी अपने अपने कार्य पर चले गए। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, अवधेश सिंह, प्रदीप, धनेश सिंह ,विपिन बिहारी, विजय सिंह, जितलाल, गुड्डू मिश्रा सहित सैकड़ों महिला, पुरुष और कजरहट चौकी की पुलिस मौजूद रही।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर डी श्रेणी मामलों की डीएम ने की सख्त समीक्षा

**● 5 साल से अधिक पुराने वादों के त्वरित निस्तारण को 'न्यायालय आपके द्वार' लगाने के निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर डी श्रेणी में दर्ज कर-करेत्तर, लंबित रिट याचिकाओं, राजस्व कार्यों एवं राजस्व न्यायालयों से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 5 वर्ष से अधिक पुराने लंबित वादों का 'न्यायालय आपके द्वार' के माध्यम से स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को पुराने मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अमीनवार वसूली की गहन समीक्षा करने तथा सभी निकायों को पीएम स्वनिधि सहित अन्य मदों में वसूली बढ़ाकर जनपद की राजस्व रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने आरसी वसूली को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान असंतोषजनक फीडबैक पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतें डिफॉल्टर श्रेणी में जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही खतौनी अंश निर्धारण, स्वामित्व योजना, एंटी भू-माफिया अभियान, रिट याचिकाओं एवं लंबित राजस्व वादों की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, खनन एवं राजस्व विभाग को अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीस कमेटी की बैठक कर त्यौहारों को आपसी भाई चारे के साथ मनाने की की गयी अपील

**मीरजापुर।** गुरुवार को 'पवन कुमार गंगवार' जिलाधिकारी जनपद मीरजापुर व 'अपर्णा रजत कौशिक' पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आगामी त्योहारों शिवरात्रि, रमजान सहित अन्य त्यौहारों को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस के प्रशासनिक अधिकारीगण तथा विभिन्न धर्मगुरूओं, पीस कमेटी के पदाधिकारीगण के साथ बैठक की गई । इस दौरान आगामी त्योहारों को आपसी भाई-चारा के साथ शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अपील की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक (UT), समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण सहित अन्य अधिकारीगण एवं धर्मगुरु, पीस कमेटी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सीखड़ मीरजापुर

**सामग्री आपूर्ति हेतु-अल्पकालिक निविदा सूचना**

**पत्रांक/लेखा/बैंक स्टेटमेन्ट/जनवरी 2026/** **दिनांक-13/02/2026**

विकास खण्ड, सीखड़ जनपद मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम / केन्द्रीय वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिनखित विवरण के अनुसार परियोजनाओं के कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति करने हेतु याणिज्य कर विभाग में पंजीकृत फर्मो से अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती ही। फर्म एक या एक से अधिक कार्यो पर सामग्री आपूर्ति के लिये निविदा निम्न शर्ते पूर्ण कर डाल सकती है। शर्ते- 1-कार्यालय खण्ड विकास अधिराकारी सीखड़ मीरजापुर में दिनांक 13.02.2026 से प्रातः 10 बजे से दिनांक 27.02.2026 तक दोपहर 11.00 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त कर लिफाफा बन्द निविदायें डाली जा सकती है। 2-दिनांक 27. 02.2026 को शांम 03:00 बजे अधोहस्तादारी/निविदा समिति के द्वारा फर्मो की उपस्थिति में (जो उपस्थित रहना चाहती हो) निविदायें खोली जायेगी। 3-जिस फर्म की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकृति की जायेगी। 4-निविदा की दरों में सभी करों को सम्मिलित करके ही दर उपलब्ध कराया जॉग। 5- टेण्डर फार्म के साथ सामग्री अंश का 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एन.एस.सी./एफ.डी. आदि के रूप में परियोजनावार अलग-अलग अमोहरताहारी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही साथ जी0एस0टी0 को पंजीकरण, पैन कार्ड, आधार कार्ड, की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 6-टेण्डर स्वीकृति होने के उपनरान्त 08 प्रतिशत धनराशि धरोहर / जमानत के रूप में परियोजनावार एन.एस.सी. / एफ.डी.आदि के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बन्धक करा कर जमा करना अनिवार्य होगा। 7-निविदा प्रपत्र फर्म की धनराशि रु0 1000.00 मात्र कार्यालय के कार्य दिवस में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। 8 परियोजनाओं पर समाग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है। 9- टेण्डर की कार्यवाही सम्पन्न होने के उपरान्त लिखित रूप में स्वीकृति आदेश जारी होने पर ही परियोजनाओं पर सामग्री की आपूर्ति की कार्यवाही की जायेगी। 10 अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्य में प्राप्त किया जा सकता है। 11-अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त किया सक्ती है। 12 जी0एस0टी0 का भुगतान सम्बन्धित फर्म स्वयं करेगी तथा उसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को देगी। साथ ही साथ कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर-प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0 705 दिनांक 26.09.2018 के अनुसार 01 प्रतिशत की दर से एस0जी0एस0टी0 एवं 01 प्रतिशत की दर से सी0जी0एस0टी कुल 02 प्रतिशत साथ हीं आयकर 02 प्रतिशत तथा सेस 01 प्रतिशत की कटौती आधोहस्ताक्षरी के द्वारा भी की जायेगी। खनिज आपूर्ति पर एम0एम0 11 देना अनिवार्य होगा अन्यथा नियमानुसार कटौति किया जायेगा। 13- टेण्डर दाता मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायत सीखड़ के रिस्तेदार नहीं होने चाहिये।

(धनराशि लाख रूपये में)

| क. सं. | परियोजना का नाम | सामग्री अंश | प्रा. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत बसारतपुर में लालमन के प्रथमिक विद्यालय तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। ग्राम पंचायत धनेता में बाबूलाल के घर से संजय सिंह के खेत तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 3.73 | 4.73 |
| 2. | ग्राम पंचायत मगरहों में चन्द्रमोहन के घर से शीतला हरिजन से होते हुए संजय के घर तक सी0सी0 रोज निर्माण कार्य। | 7.76 | 9.78 |
| 3. | ग्राम पंचायत मगरहों में चन्द्रमोहन के घर से शीतला हरिजन से होते हुए संजय के घर तक सी0सी0 रोज निर्माण कार्य । | 5,84 | 5,84 |
| 4 | ग्राम पंचायत बटोआ के पूरनपट्टी में कछतों चुनार गार्ग रो श्री राम सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 7.83 | 9.84 |
| 5. | ग्राम पंचायत रामगढ़ कला में राधे यादव के खेत से इन्द्रपाल सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 7.86 | 9.95 |
| 6. | ग्राम पंचायत सोनवर्षा में सोनवर्षा कुशहां मार्ग से शेकरणी के खेत्त तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 5.40 | 6.80 |
| 7. | ग्राम पंचायत सोनवर्षा में सोनवर्षा कुशहां मार्ग से शुशील सिंह के स्कूल तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 8.78 | 9.83 |
| 8. | ग्राम पंचायत सोनवर्षा में सोनवर्षा कुशहां मार्ग से रविन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 1.88 | 2.18 |
| 9. | विकास खण्ड सीखड़ में विभिन्न स्थानो पर चार अच्द्द पोर्टेबल चल शौचालय का आपूर्ति कार्य। | 9.42 | 9.61 |
| 10. | ग्राम पंचायत मगरहों में शहंशाहपुर संपर्क मार्ग से सूर्यप्रकाश सिंह के घर तक मिट्टी व खडंजा मरम्मत का आपूर्ति कार्य। | 1.05 | 1.42 |
| 11. | ग्राम पंचायत अदलपुरा में कम्पोजिट विद्यालय में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 3.79 | 5.31 |

आपूर्ति ली जाने वाली सामग्री-जैसे ईट, लोकल बालू, चोपन बालू, पत्थर चौका, सीमेन्ट, गिट्टी, इन्टरलाकिंग, कट स्टोन, साइन बोर्ड, इत्यादि। अन्य सामानों की जानकारी कार्यालय में अवर अभियन्ता (ल0सि0) से प्राप्त किये जा सकते है।

**छत्रपति सतेन्द्र कुमार सिंह**
**व्लाक प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत सीखड़**

**(रामजी मिश्रा)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**सीखड़, मीरजापुर।**

# संक्षिप्त खबरें

## नाबालिग लड़की लापता,युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र से एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की लापता हो गई। लड़की के पिता ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है नैनी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस युवक और नाबालिग लड़की की तलाश के लिए छानबीन शुरूकर दी है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के ग्राम सुकहर, पोस्ट सकरिया, थाना लितरंगी का रहने वाला एक परिवार नैनी स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर,अरैल, शेरू लकड़ी वाले के पास रहते हैं। वह यहां पर परिवार के साथ रहकर मजदूरी करते है।पिता के अनुसार आरोपी शुभम भारतीया कतवारीपुर,थाना सरायनाइत हनुमानगंज, उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया। बेटी की काफी खोजबीन की गई।लेकिन कही पता नहीं चला। बेटी के न मिलने पर पिता नैनी थाने पहुंचकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं मामले में नैनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## जैसे ही राहुल ने कहा- साथ में बात करते हैं, मीडिया से बात अधूरी छोड़ भाग खड़े हुए केंद्रीय मंत्री



**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का सामना करने से मोदी सरकार के मंत्री कितना हिचकिचाते हैं इसकी मिसाल आज संसद भवन के बाहर देखने को मिली। यूं तो संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी तकरार होती रहती है। लेकिन बुधवार को जो नजारा दिखा, उसका वीडियो काफी वायरल हो रहा है। दरअसल बुधवार को संसद परिसर में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रह्लाद जोशी मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उसी बीच अचानक लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी वहां पहुंच गए। राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'चलिए, मिलकर बात करते हैं।' उनके इतना कहते ही दोनों केंद्रीय मंत्री बातचीत अधूरी छोड़कर वहां से निकल गए। वीडियो में दिख रहा है कि दोनों केंद्रीय मंत्री मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे और बजट की उपलब्धियां गिना रहे थे। तभी राहुल गांधी वहां पहुंचे और अनौपचारिक अंदाज में हंसते हुए कहा कि मैं भी आप लोगों के साथ बात करता हूं। हालांकि, बातचीत का प्रस्ताव देने पर दोनों मंत्रियों को ज्यादा पसंद नहीं आया। उन्होंने हाथ से इशारा कर संकेत दिया कि नेता विपक्ष ही बात करें और दोनों वहां से चले गए। इस दौरान कांग्रेस महासचिव और केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं और वह मुस्कुराती नजर आईं। संसद का बजट सत्र इस बार लगातार हंगामेदार रहा है। विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, डेटा सुरक्षा और अमेरिका डील को लेकर सरकार पर हमलावर है। ऐसे माहौल में संसद के बाहर हुआ यह छोटा सा घटनाक्रम राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। इस पर प्रियंका गांधी मुस्कुराती रहीं। उनके साथ कुछ और कांग्रेस सांसद भी थे। इसके बाद राहुल गांधी भी हंसते नजर आए। यज नजारा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## टीबी मुक्त भदोही की दिशा में कदम, 50 मरीजों को मिला पोषण पोटली



**भदोही।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी भदोही द्वारा गुरुवार को 50 टीबी मरीजों को पोषण आहार पोटली का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी भदोही ने मरीजों को पोषण आहार वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रशासन संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहा है। विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से टीबी मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने मरीजों से नियमित दवा सेवन, संतुलित आहार लेने तथा सकारात्मक सोच के साथ स्वास्थ्य पर ध्यान देने की अपील की। एडिशनल सीएमओ डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने मरीजों को नियमित दवा एवं पोषण आहार लेने तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी और टीबी मुक्त भदोही के सहयोग का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज सेवा का सशक्त उदाहरण बताया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह, नोडल रेडक्रॉस डॉ. ओ.पी. शुक्ला सहित रेडक्रॉस के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं, क्यों पीछे हटी बीजेपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** भाजपा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने के लिए नोटिस दाखिल किया है, हालांकि उनके खिलाफ कोई विशेषाधिकार प्रस्ताव नहीं लाया जाएगा। यह कार्रवाई कांग्रेस सांसद के उस भाषण के एक दिन बाद सामने आई है जिसमें उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और केंद्रीय बजट पर हमला किया था। बुधवार को अपने भाषण में गांधी ने भू-राजनीतिक संघर्ष, एआई डेटा और अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर मोदी सरकार की धज्जियां उड़ाई थीं। उनका यह भाषण पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का जिक्र करने के बाद उन्हें बोलने न देने के विरोध में विपक्ष द्वारा कई दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच आया था।

यह हैरान करने वाली बात है कि केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने बुधवार को संसद में और संसद के बाहर कहा था कि बीजेपी राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएगी। लेकिन गुरुवार को बीजेपी ने सिर्फ लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की। समझा जाता है कि विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव रखे जाने पर बीजेपी को अपने सहयोगी दलों से समर्थन की उम्मीद नहीं थी। दूसरा यह कि इस पर संसद में बहस के दौरान सारा ध्यान राहुल गांधी पर जाता। सरकार नहीं चाहती कि राहुल गांधी पर बहस केंद्रित हो। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ कोई विशेषाधिकार प्रस्ताव नहीं है, लेकिन उन्होंने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एक ठोस प्रस्ताव पेश किया है। पीटीआई के अनुसार, दुबे ने कहा, 'कोई विशेषाधिकार प्रस्ताव नहीं है।

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मैंने एक ठोस प्रस्ताव पेश किया है जिसमें मैंने उल्लेख किया है कि वे कथित तौर पर सोरोस फाउंडेशन, फोर्ड फाउंडेशन, यूएसएआईडी से जुड़े हुए हैं और थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम और अमेरिका जैसे स्थानों की यात्रा करते हैं, और भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हुए हैं। मैंने मांग की है कि उनकी सदस्यता रद्द की जाए और उन्हें जीवन भर के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जाए।'

अपने खिलाफ लाए जा रहे विशेषाधिकार प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'क्या उन्होंने आपको कुछ कीवर्ड दिया है?' राहुल के कहने का आशय ये है कि बीजेपी किस मुद्दे पर उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएगी। अगर वो एपस्टीन फाइल्स में लिए गए नाम पर लेते हैं तो उस बहस होगी। न चाहते हुए भी हरदीप पुरी और अनिल अंबानी के नाम आएंगे। इसी तरह अगर ट्रेड डील की वजह से विशेषाधिकार प्रस्ताव आता है तो इस पर भी बहस होगी और सरकार को भारी आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की भाजपा की योजना पर वेणुगोपाल ने कहा, 'मैं भाजपा को राहुल गांधी के भाषण का जवाब देने की चुनौती देता हूं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कल अपने भाषण में सबसे अहम मुद्दे उठाए। निर्मला सीतारमण ने उनके सवालों का जवाब नहीं दिया। सदन स्थगित होने के बाद किरण रिजिजू ने एक वीडियो ट्वीट किया। उन्हें संसद का वीडियो कैसे मिला? संसदीय कार्य मंत्री अब असंसदीय हो गए हैं। उनका कर्तव्य संसद के सुचारू संचालन के लिए विपक्ष के साथ समन्वय करना है, लेकिन यहां संसदीय कार्य मंत्री खुद ही यह सब कर रहे हैं।'

## नाली निर्माण से जल भराव एवं सड़क साफ दिखता है-सचिन केशरी



**कोराव प्रयागराज।** नगर पंचायत कोरांव के गोविंद नगर मोहल्ले में सभासद सचिन केशरी के प्रस्ताव से 3 नालियों का कार्य प्रारंभ हुआ गांधी चौराहे से PNB बैंक। किशोरी वर्मा से नहर तक एवं तालाब से हरि चंद्र गोस्वामी तक का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।इसी प्रकार गोविंद नगर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में 20 लाख रुपए स्वीकृत हुवा है। 2 सड़क का टेंडर खुलना बाकी है। समूचे गोविंद नगर में विकाश कार्य तेजी से है। दुड़िया बस्ती में हर घर पिय जल का कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में लगभग 20 लोगों का पैसा आया है।हर प्रस्ताव पर चेयरमैन कोरांव ओम प्रकाश केशरी जी के सहमति से कार्य कराया जा रहा है ऐसा जानकारी सभासद सचिन केशरी द्वारा दिया गया। उक्त कार्यक्रम में शुभम केशरी (माल्या), धीरज सोनकर, नंद कुमार वर्मा, किशोरी वर्मा, सुदामा गोस्वामी, रज्जन कुशवाहा समेत मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

## मनरेगा बचाओ 'जनचौपाल' जन अधिकार यात्रा की शुरुआत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** बालसन चौराहा से गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधीवादी युवाओं द्वारा मनरेगा बचाओ 'जनचौपाल' यात्रा की शुरुआत की गई। यात्रा का शुभारंभ करते हुए जितेश मिश्रा ने कहा कि युवाओं का स्पष्ट संदेश है कि गांधी जी देश भर के शोषित, वंचित, ग़रीब, मज़दूर और किसान के लिए समर्पित थे उनके नाम पर बनी मनरेगा जैसी योजना को ये तानाशाही मजदूर विरोधी सरकार ख़त्म कर रही है देश का युवा इसे कतई बर्दाश्त नही करेगा। अक्षय यादव ने कहा की VB- G RAM G जैसी योजना जिसमे सीधे तौर पर कारपोरेट इंडिया की झलक दिख रही है सरकार ने मजदूरों को इस योजना के तहत पुनः बेरोजगारी और असुरक्षा की ओर धकेल दिया है जिससे बहुत ही असंतोष, निराशा और रोष है लोगो में महिला अधिकारों का पूर्ण हनन है गारंटी जैसा शब्द यहाँ पूर्णतया बेईमानी है। युवाओ ने बताया की यह यात्रा कुल 125 किमी लगभग 225 ग्राम पंचायतों से गुजरेगी 11 दिन की यह यात्रा प्रयाग से काशी तक है इस यात्रा का समापन वाराणसी के राजघाट में है। आदेश शर्मा ने बताया कि कुल 15 ब्लॉक से यात्रा जाएगी और हर 15 किमी पर एक बृहद 'जनचौपाल' का आयोजन है जहाँ आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से मज़दूर, किसान और महिलाये शामिल होगी।मुहिम की शुरुआत में यूपी युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेश कुमार मिश्रा, एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अक्षय यादव 'क्रांतिवीर', एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आयुष नारायण मिश्रा, डा. प्रांशु मिश्रा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आदेश शर्मा, अभिषेक सुकला, आदर्श प्रजापति, शिवम् कुशवाहा, अमन पासी, अजीत पासी, राजेश यादव, राहुल राम, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान की जड़ों से वैश्विक वित्तीय नेतृत्व तक

● 'मैं नई दृष्टिकोण और प्रभावी समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ,- सीए दिक्षित जैन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।



जब सीए दिक्षित जैन ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर वक्ता के रूप में खड़े थे, तो यह केवल एक औपचारिक सम्मान नहीं था। यह उस जीवन यात्रा का शिखर था जो राजस्थान के एक छोटे कस्बे की गलियों से शुरू हुई थी, जहाँ एक बालक ने गाँव के साधारण विद्यालय में पढ़ाई की, मूल्यों और दृढ़ता से पोषित हुआ, और अंततः दुबई में विश्व के वित्तीय नेताओं का मार्गदर्शन करने तक पहुँचा। जैन की जीवन यात्रा शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। यह कहानी विशेषाधिकार की नहीं, बल्कि धैर्य और परिश्रम की है–एक ऐसा जीवनपथ जो संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की भावना से गहराई से जुड़ा हुआ है।

यह कार्यक्रम यूरोप इंडिया सेंटर फॉर बिज़नेस एंड इंडस्ट्री (EICBI) और वॉटर एंड शार्क द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था, जिसमें वैश्विक आवाज़ें शिक्षा की भूमिका पर विचार करने के लिए एकत्रित हुईं। जैन का संबोधन 'नेक्स्ट-जेन कैपिटल एंड इम्पैक्ट इन्वेस्टिंग: एजुकेटेड डिसीज़न्स फॉर सस्टेनेबल वैल्यू क्रिएशन' एक आह्वान था–कि शिक्षा-आधारित निर्णय ही सुदृढ़ अर्थव्यवस्थाओं की नींव हैं। इस अवसर पर उन्हें लॉर्ड कुलदीप साहोटा, हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य द्वारा सम्मानित किया गया। ब्रिटिश संसद में यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था, बल्कि उन मूल्यों की पहचान थी जिन्हें जैन प्रतिनिधित्व करते हैं–शिक्षा, समुदाय और वैश्विक नागरिकता। जैन का दृष्टिकोण गहराई से संस्कृत श्लोकों और आध्यात्मिक शिक्षाओं से प्रभावित है। वे अक्सर कहते हैं कि शिक्षा केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में उन्होंने शिक्षा के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। संस्कृत पृष्ठभूमि से उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा: 'जीवन के प्रथम आयु में यदि आप अध्ययन नहीं करते, तो आप कुछ भी नहीं कर सकते।' शिक्षा सदैव प्रथम होनी चाहिए; यही वह आधार है जिस पर सब कुछ निर्मित होता है। यही उन्हें वैश्विक वित्त जगत में एक दुर्लभ आवाज़ बनाता है–जो संख्याओं जितना ही मूल्यों पर भी बोलते हैं।

ICAI दुबई चैप्टर की कार्यकारी समिति के लिए अपने नामांकन की घोषणा करते हुए उन्होंने हाल ही में कहा: 'मैं नई दृष्टिकोण और प्रभावी समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ, और मैं वास्तव में मानता हूँ कि मिलकर हम एक सार्थक प्रभाव डाल सकते हैं।

'राजस्थान में बचपन, गाँव के विद्यालय में शिक्षा, और मुंबई जाकर चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई–यह अनुशासन और दृढ़ संकल्प उन्हें दुबई तक ले गया, जहाँ वे आज वैश्विक निगमों, उच्च- नेटवर्थ व्यक्तियों और उद्यमियों के विश्वसनीय सलाहकार हैं। उनकी पेशेवर पहचान में TaxExperts DMCC के संस्थापक एवं प्रबंध भागीदार, दुबई स्थित अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय कर एवं परामर्श फर्म, तथा Water & Shark की सहयोगी फर्म, ICAI दुबई चैप्टर के समिति सदस्य, पेशेवर विकास और सामुदायिक पहलों में योगदान, कराधान, संरचना और पूंजी संरक्षण में विशेषज्ञता के लिए, वैश्विक वित्त जगत के 'who's who' में मान्यता प्राप्त शामिल हैं। ब्रिटिश संसद में सीए दिक्षित जैन का सम्मान केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक कथा का प्रतीक है कि कैसे शिक्षा, मूल्य और दृढ़ता व्यक्तियों को सीमाओं से परे योगदान करने में सक्षम बनाते हैं। उनकी यात्रा युवा पेशेवरों को प्रेरित करती है कि चाहे शुरुआत कहीं से भी हो, धैर्य और शिक्षा के साथ कोई भी विश्व मंच पर खड़ा हो सकता है।

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा नगर, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में 26वां विशाल भंडारा सम्पन्न









● भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम: श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आज देखने को मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रगति यादव संवाददाता

**त्रिवेणी नगर लखनऊ।** नगर क्षेत्र स्थित प्राचीन एवं आस्था के केंद्र श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में गुरुवार, 12 फरवरी 2026 को 26वें विशाल भंडारे का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु सपरिवार उपस्थित हुए और भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन स्थल पर 'हर-हर महादेव' के जयघोष, भक्ति गीतों एवं मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पहले विधि-विधान से भगवान शिव की आराधना की, तत्पश्चात भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे यह कार्यक्रम एक पारिवारिक एवं सामाजिक उत्सव का रूप लेता दिखाई दिया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजक आर. पी. शर्मा, ओ. पी. द्विवेदी, अशोक कुमार शुक्ला एवं भक्त प्रह्लाद नारायण नन्द की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी आयोजकों ने पूरे समर्पण भाव से व्यवस्थाओं का संचालन किया। स्वयंसेवकों की टीम ने भी प्रसाद वितरण, बैठने की व्यवस्था, जलपान एवं साफ-सफाई में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

ज्ञातव्य है कि पिछले 25 वर्षों से यह विशाल भंडारा निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष 26वां आयोजन भी पूरी सफलता और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा और सद्भाव का भी प्रतीक बन गया है। भंडारे का आयोजन जानकी प्रसाद पेट्रोल पंप के बगल, इंदिरा पब्लिक स्कूल के आगे तथा ज्योति टिम्बर के पीछे निर्धारित स्थल पर किया गया।

मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु छायादार पंडाल, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा सुव्यवस्थित प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की। नगर में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। भक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता का यह संगम क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बना। इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर नगर में विशेष उत्साह का वातावरण रहा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी ने तहसील बारा का किया औचक निरीक्षण किया

● जनता दर्शन में लोगो को एक ही कार्य के लिए तहसील का बार-बार न लगाना पड़े चक्कर।

अमृत सरोवर को मॉडल के रूप में करें विकसित-जिलाधिकारी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरूवार को तहसील बारा पहुंचकर तहसील परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने तहसील परिसर में स्थित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों एवं पटल का भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यों, अभिलेखों का रख-रखाव, पत्राचार, पुराने प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था और कार्मिकों की कार्यप्रणाली की जांच की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से उनसे सम्बन्धित कार्यों के बारे में जानकारी ली और सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर एवं सभी कक्षों में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था और पत्रावलियों के रखरखाव को बेहतर बनाने अनुशासन और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करन जनता दर्शन की सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से यथोचित निर्णय लेते हुए प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने लोगो को एक ही कार्य के लिए तहसील का बार-बार चक्कर न लगाना पड़े, इसलिए, शिकायतों के निस्तारण की मानीटरिंग को और प्रभावी बनाये जाने के लिएनिर्देश दिया।। कहा कि सभी जनशिकायती पत्रों में शिकायतकर्ता का नाम मोबाइल नम्बर अवश्य लिखा रहे तथा सभी प्रकरणों में फीडबैक अवश्य लिया जाये।

उन्होंने उपजिलाधिकारी बारा से सभी पुराने लम्बित प्रकरणों को नियमित सुनवाई करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारित करने के । कोर्ट में सबसे पुराने समय से लम्बित फाइलों की जानकारी लेते हुए 2013 से लम्बित सबसे पुरानी फाइल को निकलवाकर देखा तथा उपजिलाधिकारी बारा को उसकी सुनवाई कर निस्तारित किए जाने के लिए कहा। उन्होंने पांच वर्ष व 3 वर्ष से अधिक पुराने समय से लम्बित फाइलों की छंटनी कराये जाने तथा ऐसे पुराने समय से लम्बित प्रकरणों में नियमित सुनवाई करते हुए इन्हें प्राथमिकता पर निस्तारित करने सभी फाइलों को रजिस्टर में अवश्य दर्ज करने एवं लम्बित तथा निस्तारित प्रकरणों की फाइलों को अलग-अलग कर सभी को सुव्यवस्थित ढंग से रखे जाने के लिए कहा।

तहसीलदार से सम्बंधित कोर्ट का निरीक्षण तथा पत्रावलियों का रख-रखाव एवं उनके निस्तारण की स्थिति को देखा। उनके द्वारा सबसे अधिक समय से लम्बित प्रकरण के बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि तहसीलदार कोर्ट में सबसे पुरानी लम्बित फाइल वर्ष 2014 की धारा-35 म्यूटेशन से सम्बंधित है, जिसपर जिलाधिकारी ने फाइल को निकलवाकर देखा तथा सम्बंधित प्रकरण को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने तत्पश्चात नायब तहसीलदार कोर्ट बारा, शंकरगढ़ का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर पांच साल व तीन साल से अधिक सभी पुराने लम्बित प्रकरणों को एक साथ सूचीबद्ध करते हुए नियमित सुनवाई पर लगाकर ऐसे प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा है।

उन्होंने अंश निर्धारण, वरासत, धारा-32/38, धारा-24 आदि से सम्बंधित अविवादित प्रकरणों में सम्बंधित पक्षों की सुनवाई करते हुए तत्काल निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया है।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग सहित अभिलेखागार में परगना अरैल ग्राम सेमरा कला के बस्ते को खुलवाकर देखा, जिसमें वर्षवार खसरा, खतौनी, 41 एवं 45 अभिलेखों का उचित रख-रखाव नहीं पाया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने पुराने अभिलेखों की टेपिंग/बाइंडिंग कराकर उन्हें सुरक्षित ढंग से रखे जाने के लिए निर्देश दिए है। उन्होंने संग्रह अनुभाग का निरीक्षण किया तथा तहसील के सबसे बड़े बकायेदारों की जानकारी लेते हुए वसूली न होने की दशा में बकायेदारों की सम्पत्ति का मूल्यांकन के पश्चात उसकी नीलामी की कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी पटल सहायकों को समय से उपस्थित होने तथा उनसे सम्बंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयसीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में भवनों के जर्जर हिस्सों के मरम्मतीकरण हेतु व्यय का आगणन कराकर प्रस्ताव भेजे जाने तहसील परिसर में पेयजल व साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है।

बारा तहसील स्थित ग्राम टिकरीकला में अमृत सरोवर की खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया। सम्बंधित लेखपाल से तालाब के वास्तविक क्षेत्रफल एवं सीमाओं की जानकारी लेते हुए तालाब की पैमाइश कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पैमाइश में यदि अभिलेखों में दर्ज तालाब के क्षेत्रफल में कुछ कमी पायी जाये तो अभिलेखों में दर्ज तालाब के सम्पूर्ण क्षेत्रफल का सीमांकन करते हुए अमृत सरोवर का निर्माण कराया जाये। उन्होंने अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य को निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने तथा मॉडल अमृत सरोवर के रूप में विकसित कराये जाने के लिए कहा है।

# NCRWU-IREF ने आम हड़ताल का किया नैतिक समर्थन

● जनता के सहयोग से रेलवे का निजीकरण रोकेंगे- डॉ कमल उसरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज प्रयागराज जं के हबडा इंड पर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से रेलवे कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए संयुक्त ट्रेंड यूनियन के आह्वान पर आम हड़ताल का नैतिक समर्थन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन महासचिव- 'इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन' IREF -डॉ कमल उसरी ने कहा कि- केंद्रीय ट्रेंड यूनियंस द्वारा घोषित एक दिवसीय आम हड़ताल में रेलवे कर्मचारी इसलिए, हड़ताल पर नही है क्योंकि एक दिवसीय हड़ताल में सभी रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी सम्भव ही नही है, इसीलिए, आम हड़ताल में न रहते हुए भी आम हड़ताल का हम नैतिक समर्थन करते हैं।

आज केंद्र सरकार जनता की सवारी भारतीय रेलवे का लगातार निजीकरण करते हुए कर्मचारियों के अधिकारों में कटौती कर रही है, चारों श्रमिक कोड बिल मेहनत कशो के गुलामी के दस्तावेज है, जिन्हें सरकार लागू कर रही है, आज देश मे सबसे अधिक युवाओं को रोजगार देने वाली भारतीय रेलवे मे नई भर्ती पूरी तरह से बंद है, आम जनता को यात्रा के दौरान मिलने वाली 52 सुविधाओं में से 36 बंद है, छात्रों, किसानो, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं से एकता बनाकर रेलवे में नई भर्ती शुरू करवाने का प्रयास करते हुए यात्रियों को पूर्व में मिलने वाली बंद रेल सुविधाओं हम बहाल करवायेंगे, जनता के सहयोग से रेलवे का निजीकरण भी रोकेंगे।

इण्डियन रेलवे इम्प्लॉईज़ फेडरेशन के महामंत्री कॉम मनोज पांडेय-ने कहा कि- सभी कर्मचारियों की एकता के साथ एनपीएस, यूपीएस और निजीकरण के खिलाफ चल रहे संघर्ष को जारी रखते हुए रेलवे की सुरक्षा, संरक्षा बनाएं रखते हुए ओपीएस को पुनः बहाल कराया जाएगा, फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे FANPSR सबद्ध एनएमओपीएस NMOPS के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में देश भर में हुए क्रांतिकारी आंदोलनो से सरकार पूरी तरह दबाव में आ गई थी, लेकिन रेलवे में मान्यता प्राप्त दोनों फेडरेशनो के नेताओं ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर मेहनतकश रेलवे कर्मचारियों के पीठ में छुरा घोंपते हुए, एनपीएस के बाद यूपीएस को लागू करवाया दिया, हमें खुशी है कि जागरूक सरकारी कर्मचारियों ने यूपीएस को भी नकार दिया है, इसीलिए, बार- बार यूपीएस फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई जा रही है, रेलवे की सुरक्षा, संरक्षा को सिर्फ निजीकरण पर रोक लगाकर बनाया और बचाया जा सकता है, NCRWU-IREF लोकतांत्रिक तरीके से रेलवे कर्मचारियों के हक़ के लिए लड़ते रहेगा, कार्यक्रम में मुख्यरूप से राम किशोर, दिनेश कुमार, महेंद्र, आलम सुरेंद्र, अंनत यादव, राम स्वरूप मौर्य, संतोष दिवेदी, दीपक वर्मा, सुरेश श्रीवास्तव, पी. एस. राय, प्रमोद राय, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, इत्यादि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजरौठा यार्ड स्थित रेलवे गेट 339 तीन दिन रहेगा बंद

**वैकल्पिक मार्ग से होगा आवागमन**

**ललितपुर।** रेल प्रशासन द्वारा रेलवे ट्रैक के रखरखाव कार्य के चलते बिजरौठा यार्ड में स्थित रेलवे गेट संख्या 339 को सड़क यातायात के लिए अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह गेट 14 से 16 फरवरी 2026 तक बंद रहेगा। कार्यालय वरिष्ठ खंड अभियंता रेलपथ उत्तर ललितपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार रेलवे गेट संख्या 339 (किमी 1067/14-16) पर रेलवे ट्रैक में स्लीपर बदलने का कार्य किया जाना है। इसके चलते 14 फरवरी को सुबह 8 बजे से लेकर 16 फरवरी की शाम 7 बजे तक उक्त गेट से सड़क यातायात पूर्ण रूप से बंद रहेगा। बताया गया है कि यह समपार दौलता ग्राम से बिजरौठा ग्राम को जोड़ता है। गेट बंद रहने की अवधि में वाहन चालकों को किमी 1067/23-25 पर स्थित पुल से होकर आवागमन करना होगा, जिसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में चिन्हित किया गया है। रेल प्रशासन ने जिला प्रशासन से आह्वान किया गया है कि निर्धारित अवधि में आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेलवे विभाग ने लोगों से अपील की है कि गेट बंद रहने की अवधि में वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें और सहयोग प्रदान करें।

### अभिनेता राजपाल यादव के साथ खड़े दिखे राज राजपूत गनगौरा

**मुश्किल समय में बढ़ाया मदद का हाथ**

**ललितपुर।** फिल्म इंडस्ट्री में जब भी किसी कलाकार पर कठिन समय आता है, तब इंसानियत और आपसी सहयोग की असली तस्वीर सामने आती है। अभिनेता राजपाल यादव के जेल जाने के बाद बॉलीवुड से जुड़े कई लोग उनकी सहायता के लिए आगे आए और यह साबित किया कि इंडस्ट्री केवल काम का मंच नहीं, बल्कि एक परिवार भी है। इसी क्रम में राज राजपूत गनगौरा ने मानवीय संवेदनाओं को समझते हुए मदद का हाथ बढ़ाया और 2 लाख 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता केवल धनराशि नहीं, बल्कि सम्मान, भरोसे और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। राज राजपूत गनगौरा लंबे समय से फिल्म और इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं और उन्होंने हमेशा जरूरत के समय लोगों के साथ खड़े रहकर अपनी अलग पहचान बनाई है। इसी कड़ी में यह भी तय हुआ है कि अप्रैल महीने में होने वाले एक भव्य अवॉर्ड समारोह में, जहां बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां शामिल होने वाली हैं, अभिनेता राजपाल यादव भी इस समारोह में शिरकत करेंगे। यह अवॉर्ड शो न केवल सम्मान और मनोरंजन का मंचन होगा, बल्कि यह संदेश भी देगा कि फिल्म इंडस्ट्री अपने कलाकारों के साथ हर हाल में खड़ी रहती है। राज राजपूत गनगौरा की यह पहल इंडस्ट्री और समाज दोनों के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक उदाहरण है।

### पड़ोसी दंपति पर महिला से मारपीट व धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम मिदरवाहा में आपसी विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी दंपति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम निवासी रामकुंवर पत्नी हनुमत अहिरवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 फरवरी की शाम करीब 7 बजे उनके पड़ोसी शंकरलाल अहिरवार और उनकी पत्नी नीलम द्वारा गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आए उनके भाई राजेंद्र के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार घटना के बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट में उन्हें शरीर में कई चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से नीलम पत्नी शंकर अहिरवार ने गांव के हनुमत अहिरवार, उनकी पत्नी रामकुंवर तथा राजेंद्र अहिरवार ने उनके घर के बाहर चार पहिया गाड़ी खड़ी कर दी। जब पीड़िता ने गाड़ी हटाने के लिए कहा तो आरोपियों ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 333, 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने बाबा बेलखरनाथ धाम पहुंचे डीएम व एसपी

**●पर्व के पूर्व दुर्व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनज़र जनपद प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने गुरुवार को प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा बेलखरनाथ धाम पहुँचकर पूजा-अर्चना की तथा पर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने मंदिर परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम,सीसीटीवी कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम में लगातार एक पुलिसकर्मी की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जो सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मंदिर परिसर एवं आसपास की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने मंदिर स्थित सई नदी घाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने घाटों की स्वच्छता, बैरिकेडिंग एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध पहले से तैयार रहें।

निरीक्षण के बाद डीएम एवं एसपी ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन व्यवस्थाओं में अभी कोई कार्य शेष है, उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय ताकि पर्व के दिन श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार कर्मचारी मजदूर और श्रमिकों के अधिकारों पर कर रही चोट - हेमंत ओझा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** देश के श्रम संगठनों के आह्वान पर जनपद प्रतापगढ़ में आम हड़ताल में विभिन्न मजदूर कर्मचारी संगठनों ने अपनी भागीदारी किया बीमा बैंक, रेलवे,पोस्ट , लोक निर्माण विभाग, राज्य कार्यालय सहित अनेक संस्थानों में कर्मचारी हड़ताल पर रहे।उल्लेखनीय है कि आम हड़ताल का आह्वान केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिता को रद्द किए जाने, बिजली संशोधन विधेयक बीज संशोधन विधेयक को वापस लिए जाने, मनरेगा को समाप्त कर वी बी रामजी योजना को वापस लिए, जाने मनरेगा को बहाल किए जाने, न्यूनतम वेतन 26000 किए जाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल किए जाने, शिक्षा स्वास्थ्य बिजली रेलवे कोयला तेल भेल सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाई जाने, स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने, आउटसोर्सिंग ठेका प्रथा को समाप्त किए जाने, स्थाई रोजगार का सृजन किए जाने, नियमित प्रकृति के कार्य पर स्थाई कर्मचारियों को भर्ती किए जाने, बैंक बीमा के क्षेत्र में एफडीआई वापस लिए जाने, ई-श्रम और बी ओ बोर्ड में पंजीकृत सभी श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड जारी किए जाने आदि मांगों पर आहूत रहा। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में श्रम संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से एक सभा का आयोजन12बजे किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा ने किया। सभा को प्रमुख रूप से डीटीयूसी के संरक्षक रामबरन सिंह, एआईटीयूसी के बेचन अली, रामसमुझ मौर्य, उत्तर प्रदेश बैंक एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद मिश्र, राज मणि पाण्डे सीपीआई, हरी राज यादव पूर्व मंत्री रेलवे मेंस यूनियन ,स्वायत्त शासी कर्मचारी महासंघ के महामंत्री रोशन, अध्यक्ष मुकेश वाल्मीकि, मनरेगा संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण श्रमिक यूनियन के मंत्री राघवेंद्र मिश्र अध्यक्ष आर डी यादव डाक विभाग के नागेंद्र तिवारी, सुरेंद्र कुमार , माले से रामनरेश पटेल किसान सभा के महामंत्री निर्भय प्रताप सिंह, किसान नेता विजयानंद तिवारी, राम अचल वर्मा , रविंद्र कुमार पाल उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ आदि ने प्रमुख रूप से इस अवसर पर अपना संबोधन दिया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लगातार कर्मचारी मजदूर और श्रमिकों के अधिकारों पर चोट पहुंचा रही है।हेमंत ओझा ने कहा कि काम के घंटे 8 से बढ़कर 12 घंटे कर दिए जाएंगे।ओवर टाइम की सीमा 75 घंटे से बढ़कर 125 से 140 घंटे कर दिया गया है।300 कर्मचारी तक के कारखाने पर कोई श्रम कानून लागू नहीं होगा। वक्ताओं ने इस अवसर पर आउटसोर्सिंग एवं ठेका प्रथा को समाप्त किए जाने पर बल दिया। सभा के अंत में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार सदर ने कार्यक्रम स्थल पर आकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्राप्त किया। ज्ञापन में श्रम संहिताओं को रद्द किए जाने सहित 13 सूत्री प्रमुख मांगे रही।

## स्स्र परिवार की अनूठी पहल, व्यापार के साथ सेवा को बनाया जीवन का ध्येय

**●परिवार की अनूठी पहल, व्यापार के साथ सेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र)।** आज के आधुनिक युग में जहाँ लोग अपना जन्मदिन और विशेष अवसर बड़े होटलों की चकाचौंध और वैभव के बीच मनाना पसंद करते हैं, वहीं ओबरा के एक स्थानीय होटल प्रतिष्ठान ने एक नई मिसाल पेश की है। ट्रिपल एस (स्स्र) परिवार ने सेवा ही सच्ची पूजा है और परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए अपनी खुशियां समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के साथ साझा कीं। इसी सेवा भाव को विस्तार देते हुए सोमवार को वैष्णो मंदिर के समीप स्थित अपने प्रतिष्ठान पर युवा समाजसेवी सत्यम मिश्रा और शिवम मिश्रा ने गरमा-गरम भोजन तैयार कराया। पूड़ी-सब्जी, चावल और चटनी को व्यवस्थित ढंग से पैक कर वे अपने निजी वाहन से कोटा ग्राम पंचायत के सुदूर जंगली इलाकों की ओर निकल पड़े। दुर्गम रास्तों और चुनौतियों को पार कर टीम अबाडी और छिकराडाड़ जैसे गाँवों में पहुँची। यहाँ लगभग 500 जरूरतमंदों, जिनमें बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे, उन्हें पूरे सम्मान के साथ भोजन कराया गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पूरे सोनभद्र क्षेत्र में यह संभवत इकलौता ऐसा होटल प्रतिष्ठान है, जो व्यवसाय से ऊपर उठकर पूरी निष्ठा के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ा है। सत्यम और शिवम मिश्रा ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल भोजन वितरण नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देना है। गौरतलब है कि यह सेवा कार्य पिछले कई वर्षों से बिना किसी स्वार्थ के निरंतर जारी है।आपको बताते चले कड़ाके की ठंड के दौरान इस परिवार ने बुजुर्गों और बच्चों को भारी मात्रा में कपड़े व कंबल वितरित किए थे। वे समय-समय पर स्कूलों में जाकर बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं और उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग देते हैं।गांव और बस्तियों के गरीब परिवारों के लिए यह परिवार एक मददगार मित्र के रूप में हमेशा तत्पर रहता है। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में अरविंद शुक्ला, आदित्य विश्वकर्मा और सचिन गुप्ता ने कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया। समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने स्स्र ट्रिपल एस परिवार की इस पहल को प्रेरणादायी और आत्मसात करने योग्य बताते हुए इसकी जमकर सराहना की है। जब व्यापार के साथ सेवा का अटूट भाव जुड़ जाता है, तो वह केवल एक नाम नहीं बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाता है। स्स्र परिवार का यह प्रयास न केवल भूखों का पेट भर रहा है, बल्कि समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा भी दे रहा है। आज अरविंद शुक्ला के भतीजा का जन्मदिन था जिसको होटल सत्यम शिवम सुंदरम के मालिक सत्यम मिश्रा और शिवम मिश्रा ने स्पेशल बना दिया।

## सोनभद्र जिलाधिकारी बी.एन. सिंह का विकास भवन में औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** सरकारी कार्य संस्कृति में सुधार और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज विकास भवन परिसर और लोढ़ी स्थित पंचायत रिसोर्स सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालयों में पत्रावलियों (Files) के रखरखाव, साफ-सफाई और अनुपयोगी सामग्री के उचित निस्तारण को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सबसे पहले विकास भवन के विभिन्न अनुभागों, विशेषकर जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय और D.C. NRLM विभाग का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि फाइलों और अभिलेखों का रखरखाव इस तरह हो कि कार्य में कोई बाधा न आए। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में रखी अनावश्यक सामग्री को तत्काल संबंधित विभाग को सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए, ताकि कार्यालय में जगह की उपलब्धता और स्वच्छता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यालय परिसर में सफाई केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि यह कार्य संस्कृति का हिस्सा होना चाहिए। विकास भवन के बाद जिलाधिकारी ने पास ही स्थित पंचायत रिसोर्स सेन्टर का निरीक्षण किया। चूँकि यहाँ समय-समय पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम और जनकल्याणकारी प्रदर्शनियाँ आयोजित होती हैं, इसलिए उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी (DPRO) को विशेष निर्देश दिए। सेंटर के अंदर जो टाइल्स टूट गई हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त करने को कहा गया। भवन के आसपास उगी झाड़ियों को कटवाने और परिसर को स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर में बेहतर प्रबंध होने चाहिए ताकि भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों में आने वाले लोगों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस आकस्मिक निरीक्षण के समय जिलाधिकारी के साथ जनपद के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख हैं। हेमन्त कुमार सिंह (जिला विकास अधिकारी) रवीन्द्र वीर सिंह (डी.सी. मनरेगा) नमिता शरण (जिला पंचायत राज अधिकारी) विद्या देवी (जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी) सरिता सिंह (डी.सी. एन.आर.एल.एम.) आपको बताते चले जिलाधिकारी का संदेश सरकारी कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को एक बेहतर वातावरण मिलना चाहिए। अव्यवस्था और गंदगी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से दो महिला घायल, लोगों ने किया संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन / सोनभद्र -** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोरवा में बुधवार को देर शाम ग्रामीणों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अवैध बोल्डर हरैयाखाड़ी वर्षों पूर्व में बने जल अवरोधक के मरम्मत कार्य हेतु ले जाने के क्रम में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई ,जिसमें एक लगभग पंद्रह वर्षीय युवती हृदया कुमारी और एक लगभग 55 वर्षीय महिला को गंभीर चोटें आई है जिससे तत्काल झोलाछाप डॉक्टर के यहाँ ले जाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार कर दोनों को घर भेज दिया गया। जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय निवासी राघवेंद्र चंद ने बताया कि पीडब्लूडी का सड़क किनारे बोल्डर रखा गया था जिसे स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया था किन्तु प्रधान प्रतिनिधि द्वारा बोल्डर जबरन ले जाकर जल अवरोधक का निर्माण कराया जा रहा था। पीड़ित गरीब आदिवासी महिला कलावती देवी पत्नि स्व. फूलचंद उर्फ फोटन चेरो व हृदया कुमारी पुत्री विनय चेरो निवासी रोरवा ने आप बीती बताते हुए बताई कि हम लोग प्रधान प्रतिनिधि के कहने पर ट्रैक्टर ट्रॉली में सड़क किनारे पड़ी बोल्डर को लोड करके कार्य स्थल हरैयाखाड़ी जल अवरोधक का निर्माण कार्य हेतु ले जाया जा रहा था जिसके क्रम में हादसा हो गया। ग्रामीणों द्वारा हादसे में दो महिलाओं को गंभीर चोटें आने की बातें कही जा रही है जिसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों की मानें तो जाँच के डर से संबंधित द्वारा आनन फानन् में कार्य को पूरा किया जा रहा है ताकि जाँच में सच्चाई सामने न आ पाये। जिसके क्रम में रोरवा निवासी राघवेंद्र चंद आर्य ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि वन विभाग व पीडब्लूडी का कोरवाल बनाने के लिए सुरक्षित रखा गया बोल्डर, भस्सी तक ले जाया गया जो कि कानूनन अपराध है। घटना की जानकारी मिलते ही कोंग्रिस ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता व अपना दल ( एस) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह सहित उदित नारायण गुप्ता, लोकनाथ चेरो, राघवेंद्रचंद आर्य ने परिजनों से संपर्क कर उनका हाल जाना और हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया और अपना दल (एस) के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधान / प्रतिनिधि जाँच के डर से गरीब मजदूरों की जान जोखिम में डालकर कार्य कराया जा रहा जो न्याय संगत नहीं है। इस बावत खण्ड विकास अधिकारी कोन से सेल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नहीं हो सका।

## डीएवी रिहंदनगर में महर्षि दयानंद जयंती पर बैंकिंग अवेयरनेस एवं कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर, सोनभद्र।** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर के प्रांगण में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत वैदिक रीति-रिवाज से हवन-पूजन के साथ हुई, जिसके पश्चात वाणिज्य (Commerce) वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए बैंकिंग अवेयरनेस एवं कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के शाखा प्रबंधक मयंक राज, सहायक प्रबंधक दीपक उपाध्याय एवं सहायक प्रियांशु बेरियाह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सतत विकास की एक प्रक्रिया है। डीएवी संस्थान विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त आधुनिक शिक्षा देने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। शाखा प्रबंधक मयंक राज ने कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वाणिज्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाणिज्य शास्त्र किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। उन्होंने बैंकिंग, बीमा, एकाउंटिंग और टैक्सेशन जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अपार अवसरों के बारे में बताया। प्रमुख कैरियर विकल्प जिन पर चर्चा हुई।भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ग्रेड-B अधिकारी। भारतीय आर्थिक सेवा (IES) और लेखा परीक्षक। बैंकों में प्रोबेशनरी ऑफिसर (PO) LIC में एएओ (AAO) के प्रतिष्ठित पद। सहायक प्रबंधक दीपक उपाध्याय ने छात्रों को बारहवीं के बाद के विकल्पों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि स्नातक के बाद छात्र IIM जैसे संस्थानों से MBA कर सकते हैं। इसके अलावा चार्टर्ड एकाउंटेंट (C), कंपनी सचिव (CS), वित्तीय विश्लेषक, स्टॉक ब्रोकर और कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंट (CMA) जैसे क्षेत्रों में शानदार कैरियर बनाया जा सकता है। वहीं, प्रियांशु बेरियाह ने डिजिटल युग में वाणिज्य के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह विषय न केवल नौकरियां देता है, बल्कि खुद का स्टार्ट-अप शुरू करने और उसे प्रबंधित करने का कौशल भी प्रदान करता है। आज के समय में मार्केटिंग, डेटा एनालिस्ट और डिजिटल मार्केटिंग में वाणिज्य के छात्रों की भारी मांग है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य राजकुमार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि डीएवी रिहंदनगर के पूर्व छात्र आज देश-विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस गरिमामयी कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. आर.के. झा, वाणिज्य शिक्षक हर्ष दुबे, अर्थशास्त्र शिक्षक नीरज गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, डी.सी. शुक्ला और शगुफ्ता शबनम ने सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मानवता की मिसाल दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए फरिश्ता बने पत्रकार शिव नरेश सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र (रेणुकूट)-** कहते हैं कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, और इस बात को चरितार्थ कर दिखाया है रेणुकूट क्षेत्र के पत्रकार शिव नरेश सिंह ने। आमतौर पर जहाँ लोग सड़क दुर्घटनाओं को देखकर कतराकर निकल जाते हैं या केवल मूकदर्शक बने रहते हैं, वहीं शिव नरेश सिंह ने अपनी त्वरित सूझबूझ और सेवा भावना से एक व्यक्ति की जान बचाकर समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की है। रेणुकूट क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना के दौरान, पत्रकार शिव नरेश सिंह ने बिना समय गंवाए न केवल पुलिस और स्थानीय सहयोगियों को सूचित किया, बल्कि खुद आगे बढ़कर घायल व्यक्ति को सहारा दिया। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ समय पर इलाज मिलने से उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकी। क्षेत्र में चर्चा है कि रेणुकूट के कुछ ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिन्हें पुलिस से भी पहले सूचना मिल जाती है और वे किसी शहंशाह की तरह मदद के लिए मौके पर प्रकट हो जाते हैं। डब्लू सिंह, जो खुद भी समाज सेवा में सक्रिय रहते हैं, ने पत्रकार शिव नरेश सिंह के इस साहसी कार्य की सराहना करते हुए कहा जिसकी जैसी नियत होती है, बरकत भी वैसी ही मिलती है। शिव नरेश जी ने आज जो किया, वह केवल एक पत्रकार का कर्तव्य नहीं, बल्कि एक सच्चे मानव का धर्म है। डब्लू सिंह ने शिव नरेश सिंह का हृदय से आभार प्रकट करते हुए समाज को एक कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धरती पर एक मानव दूसरे मानव की मदद के लिए ही आया है। आज के दौर में जहाँ लोग मोबाइल से वीडियो बनाने में व्यस्त हो जाते हैं, वहीं ऐसे विरले लोग ही हैं जो खुद हाथ बढ़ाकर किसी का जीवन बचाते हैं।यह घटना हमें याद दिलाती है कि हमारी सतर्कता और संवेदनशीलता किसी के परिवार का चिराग बुझने से बचा सकती है। रेणुकूट क्षेत्र में इस कार्य की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।

## आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से चौथे दिन भी धरना/ प्रदर्शन

**●राजस्व संग्रह अमीन के साथ मारपीट का मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सदर तहसील में कार्यरत राजस्व संग्रह अमीन सुभाष चंद के साथ वसूली के दौरान मारपीट के मामले में नामजद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी न होने से नाराज राजस्व संग्रह अमीन संघ का चौथे दिन गुरुवार को भी धरना / प्रदर्शन जारी रहा। धरना कलक्ट्रेट परिसर में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में चल रहा है। धरना / प्रदर्शन में संघ पदाधिकारियों और कर्मचारियों का कहना है कि मोहाना थाना क्षेत्र के रोहुडीला गांव निवासी अनिल कुमार यादव व अखिलेश कुमार यादव के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इसे लेकर संघ में गहरा रोष है। संघ ने पूर्व में चेतावनी पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन तय समय सीमा तक गिरफ्तारी न होने पर मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। धरना स्थल पर मौजूद पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और धरना/ प्रदर्शन समाप्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश्वर मिश्र, दीनानाथ यादव, राज बहादुर, कौलेश्वर पांडेय, प्रहलाद गुप्त, राधारमण, कल्पनाथ, ध्रुव चंद्र चौधरी, जगलाल, दयाराम भारती, मनोज कुमार, रामचंद्र, संतोष श्रीवास्तव, बासमती, कृष्ण कुमार सिंह, वीरेंद्र उपाध्याय, योगेश मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नशा मुक्ति का स्वयंसेवकों ने लिया प्रण



**कोंच(जालौन)-** स्थानीय सेठ बद्री प्रसाद महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में चतुर्थ सामान्य एक दिवसीय 'नशा मुक्ति शिविर गुरुवार को आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित स्वयंसेवक छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति का प्रण लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर निरंजन की देखरेख में आयोजित शिविर की शुरुआत कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर ने दीप प्रज्वलन कर की, तदोपरांत उन्होंने स्वयंसेवकों के बीच बोलते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को बर्बाद कर देता है। कॉर्डिनेटर ने स्वयंसेवकों से घर- घर जाकर नशा के दुष्परिणाम के बारे में और स्वस्थ समाज के निर्माण में भागीदारी करने के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। हरिशंकर निरंजन ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है इसलिए सभी तरह के नशे से दूर रहें। अंत में स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति का प्रण लिया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र सिंह, डॉ मनोज पटेल, डॉ सत्यप्रताप, तैयबा सिद्दीकी, पूनम देवी, डॉ शिवम सिंह ल, संतोष रायकवार, राधेश्याम, राघवेंद्र पटेल, धर्मेंद्र कुमार, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश बाबूजी, मनोहर प्रजापति, विवेक बाबू, राजकुमार, संदीप, संजय, कल्लू सिंह, नन्हे राजा आदि उपस्थित रहे।

### नहर में बहते मिले शव की शिनाख्त समथर निवासी अफसर के रूप में हुई



**कोंच(जालौन)-** कन्हरी नहर के पानी में बहता हुआ मिला शव समथर से लापता युवक का निकला। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। मृतक की पहचान नईबस्ती समथर निवासी एसी मिस्त्री अफसर (30) पुत्र मोहम्मद सत्तार के रूप में हुई है, जो बीते कई दिनों से लापता था। बताया गया है कि अफसर 8 जनवरी को अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने घर से निकला था जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा था तो परिजनों ने 9 जनवरी को समथर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया गया है कि अफसर मूल रूप से कोंच का रहने वाला था और कुछ वर्षो से अपने मामा के यहां समथर में रह रहा था। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक अफसर की बाइक और मोबाइल का अभी कहीं कोई पता नहीं चला है। परिजनों ने पुलिस से मामले की गहन जांच की मांग की है।

### आरओ वाटर मशीन लगाने की मांग

**नगर पालिका को सौंपा ज्ञापन**

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या- 15 अंतर्गत गांधी नगर स्थित सरकारी कन्या कम्पोजिट विद्यालय चण्डी माता मंदिर के सामने लगे हैंडपंप पर आरओ वाटर प्यूरीफायर मशीन लगाए जाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि गांधी नगर वार्ड संख्या-15, ललितपुर तहसील एवं जनपद का एक प्रमुख व घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों व स्थानीय निवासियों का आवागमन होता है। साथ ही उक्त सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता को देखते हुए आरओ वाटर मशीन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। लोगों ने कहा कि यदि उक्त हैंडपंप पर आरओ वाटर प्यूरीफायर मशीन स्थापित कर दी जाती है तो विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी बचाव होगा। नगर पालिका प्रशासन से मांग की गई है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही सरकारी कन्या कम्पोजिट विद्यालय चंडी माता, गांधी नगर वार्ड संख्या- 15 के सामने स्थित हैंडपंप पर आरओ वाटर मशीन लगवाई जाए। ज्ञापन पर वार्ड के कई स्थानीय नागरिकों के हस्ताक्षर भी अंकित हैं।

# पुलिस कार्यप्रणाली से गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगाकर काटा हंगामा

**●नहर में गिरे वृद्ध की सूचना पर पहुंचे थे ग्रामीण व पुलिस, पुलिस ने आखों के सामने बह जाने दिया एक दूसरा अज्ञात शव**

**नहर में गिरा वृद्ध अभी भी लापता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** ग्राम कन्हरी में गुरुवार को नहर पुल की पैराफिट बाल पर से गांव का एक वृद्ध नहर में गिर गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने एक अज्ञात शव और नहर में बहता हुआ आगे की ओर निकल गया। ग्रामीण पुलिस से शव निकलवाने की मांग करते रहे और पुलिस ने शव को रोकने के बजाए बहते जाने दिया। जिसके बाद पुलिस की कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने गुस्से में आकर पुल पर ही जाम लगा दिया और हंगामा काटने लगे। सूचना पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने नहर के पानी में कुछ आगे बह गए शव को निकलवाया और वृद्ध को खोजने के लिए एसडीआरएफ की टीम बुलवाई जिसके बाद ही ग्रामीणों ने तीन घंटे बाद जाम खोला। शाम को समाचार लिखे जाने तक गांव के वृद्ध की तलाश में टीमें लगी हुई थीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हरी निवासी हरदयाल (55) गुरुवार की सुबह करीब 5 बजे घर से शौचक्रिया के लिए घर से निकला था। बताया गया कि वह नहर पुल पर बैठा था तभी वह अचानक नहर में गिर गया। जानकारी होते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और सूचना पर यूपी 112 पुलिस सहित थाना नदीगांव पुलिस पहुंच गई। इसी दरम्यान पुलिस के सामने ही नहर के पानी में एक शव उतराता हुआ निकल पड़ा। ग्रामीणों ने पुलिस से उस शव को बाहर निकलवाने को कहा तो पुलिस ने ग्रामीणों की बात को अनसुना कर दिया और शव को आंखों के सामने से निकल जाने दिया। पुलिस की लापरवाही देख ग्रामीणों को गुस्सा आ गया और पुल पर ही जाम लगा कर हंगामा काटने लगे। कुछ देर बाद प्रभारी एसडीएम वीरेंद्र कुमार गुप्ता, सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल कोंच ब्रजेश बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण नहर में बहते हुए शव को निकलवाने और नहर में गिरे वृद्ध की खोज कराने की जिद पर अड़ गए। गुस्साई महिलाओं ने सड़क पर पैदल जाने वाले लोगों को भी नहीं निकलने दिया। जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। अधिकारियों के निर्देश पर कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और वृद्ध की तलाश में जुट गई, साथ ही नहर के पानी में बहते शव को नजदीक के गांव सिकरी बुजुर्ग के समीप से बाहर निकलवाया गया। प्रभारी एसडीएम द्वारा अग्रिम कार्यवाही शीघ्र ही किए जाने के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने तीन घंटे बाद जाम खोला तब कहीं जाकर जाम में फंसे मरीजों , स्कूली बच्चों, नौकरी पेशा आदि लोगों ने राहत की सांस ली और अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सके। एसडीआरएफ की टीम फिलहाल वृद्ध की तलाश में जुटी हुई है।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला जुगपुरा में महिला के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार 11 फरवरी 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर पर झाड़ू लगा रही थी, तभी विनोद रैकवार पुत्र दुर्जन और रामस्वरूप पुत्र चउदा वहां पहुंचे और बिना कारण गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि दोनों ने डंडा लेकर पीड़िता के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची पीड़िता की बेटी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसका मकान खाली कराने का दबाव बना रहे हैं और कब्जा करने की नीयत से उसे व उसके परिवार को धमका रहे हैं। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने और रास्ता रोकने की बात भी कही गई है, जिससे पीड़िता व उसके परिजनों में भय का माहौल है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बीएनएस की धारा 352, 115(2) व 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार नाले में गिरा, दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर-** बल्दीराय थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जिससे परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। थाना क्षेत्र के नंदरई गांव निवासी पवन शुक्ला पुत्र गया प्रसाद शुक्ला घर से किसी आवश्यक कार्य से मोटरसाइकिल द्वारा निकले थे। बताया जा रहा है कि जब वह हैधनाखुर्द गांव के हलियापुर-बेलवाई मार्ग के पास पहुंचे तभी उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित नाले में जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

उधर से गुजर रहे राहगीरों व ग्रामीणों ने जब युवक को नाले में गिरा देखा तो तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बल्दीराय नारदमुनि पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसके परिवार में पत्नी शिल्पा शुक्ला और सात वर्षीय मासूम पुत्री अर्पिता है। पत्नी आवास विकास सुल्तानपुर में नौकरी करती हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि परिवार में आज ही मृतक की साली की बारात आनी थी। शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

## राजकीय इंटर कॉलेज बार में 'त्रिवेणी संगम'

**●वार्षिकोत्सव, खेल महोत्सव और करियर गाइडेंस मेले का भव्य आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बार।** राजकीय इंटर कॉलेज बार के प्रांगण में आयोजित वार्षिकोत्सव, खेल महोत्सव एवं करियर गाइडेंस मेले ने 'त्रिवेणी संगम' का रूप ले लिया। एक ही मंच पर शिक्षा, खेल और करियर मार्गदर्शन का समावेश विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरपाल सिंह सिसोदिया (मंडल अध्यक्ष) एवं ब्लॉक प्रमुख बार कल्याण सिंह लोधी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि हरपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने और अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। ब्लॉक प्रमुख कल्याण सिंह लोधी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन देने की है। उन्होंने विद्यालय परिवार के इस संयुक्त आयोजन की सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विकास खंड अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने करियर गाइडेंस मेले का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार करियर चयन करने की सलाह दी। समाजसेवी पवन रिछारिया ने विद्यालय के विकास कार्यों और छात्र हित में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। खेल महोत्सव के अंतर्गत दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर छात्रों द्वारा देशभक्ति, लोकनृत्य, नाटक एवं समूह गीत जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों दी। कार्यक्रम में विशाल गुप्ता, डॉ. रेशमा, शमी उल्ला खान, शिक्षक, जलील खान शिक्षक, उप निरीक्षक अजयपाल सिंह, दिनेश मिश्रा, गौरव दुबे, अमन गुप्ता, संजीव खरे, विजय झा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अनुराग यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन पवन रिछारिया ने किया।

## ग्राम बिनेका माफी को शराब मुक्त घोषित करने का सर्वसम्मत निर्णय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बिनेका माफी में बीते दिवस ग्राम पंचायत की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम के समस्त समाज बंधु एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम को शराब मुक्त घोषित करना रहा। पंचायत में सर्वसम्मति से शराबबंदी को लेकर कठोर नियम एवं दंड का निर्णय लिया गया। पंचायत में निर्णय के अनुसार, यदि ग्राम बिनेका माफी में कोई भी व्यक्ति शराब का विक्रय करता पाया गया तो उस पर 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही दोषी व्यक्ति एवं उसके परिवार को छह माह तक सामाजिक कार्यक्रमों से बहिष्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम में शराब के नशे में गाली-गलौज, मारपीट, अशांति फैलाने अथवा विवाह, जन्मदिन जैसे पारिवारिक आयोजनों में शराब पीकर माहौल खराब करने पर 11 हजार रुपये का जुर्माना तथा तीन माह का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। पंचायत ने यह भी निर्णय लिया कि यदि कोई व्यक्ति किसी दोषी को संरक्षण देता है या पंचायत के निर्णयों की अवहेलना करता है, तो उसे भी समान श्रेणी में दोषी मानते हुए दंडित किया जाएगा। ग्राम को शराब मुक्त बनाने के उद्देश्य से 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो नियमों के पालन की निगरानी करेगी। समिति द्वारा वसूली गई धनराशि का उपयोग धार्मिक कार्यों, समाज के जरूरतमंदों की सहायता, बीमारी, कन्या विवाह जैसे सामाजिक कार्यों तथा दोषियों के विरुद्ध की जाने वाली कानूनी कार्रवाई में किया जाएगा। पंचायत द्वारा पारित यह प्रस्ताव 11 फरवरी 2026 से प्रभावी होगा। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शराबबंदी से गांव में शांति, सौहार्द और सामाजिक सुधार को बढ़ावा मिलेगा। इस बैठक में गब्बर सिंह, नरेन्द्र सिंह, प्रधान मुन्नीबाई, ज्योति सिंह लोधी, रेवती, मंजू, सुमन, कल्पना, रामकुमारी, अर्चना, हरकुंवर, प्रीति, सीमा, गुड्डी, तारा, पार्वती, सोनकुंवर, सुनीता, लागौन बाई, प्रभादेवी, हल्की बहू, अनुज, शिराबाई, लीलाबाई, पुनिया, सोनावारी, रामस्वरूप, उमेश, अनुज, सौरभ, खिलन, भान सिंह, मंगल, विश्वास, उमादेवी समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

## महिला अधिकारों के प्रति स्वयंसेवक छात्राओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** स्थानीय मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत तृतीय एकदिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। शिविर में स्वयंसेवक छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ विजय विक्रम एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी लवकेश कुमार ने महिला सशक्तीकरण को परिभाषित करते हुए बताया कि महिलाओं को शिक्षित करना अति आवश्यक है। महिला दो कुलों की शोभा होती है। इनका जीवन धान की खेती जैसा होता है। जन्म और लालन-पालन एक तथा जीवन-यापन दूसरे घर में होता है। डॉ अल्पना सिंह ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित करके ही समाज का विकास संभव हो सकता है। डॉ ओमप्रकाश यादव ने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक न्याय आदि अधिकारों के लिए जागरूक होने की ज़रूरत है पर बल दिया। महेंद्रनाथ मिश्रा ने संवैधानिक अधिकारों के साथ शिक्षा, रोजगार, सम्मान आदि हासिल करने के प्रति प्रेरित किया। डॉ अर्चना एवं डॉ स्वराज्यमणि अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन सृष्टि चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर प्रज्ञा अग्रवाल, कीमती देवी, खुशी, साक्षी, संतोषी देवी, वैष्णवी मिश्रा, नैन्सी, राधिका, पूनम, रितिका, मोहिनी, सानिया, महक, बबली देवी, निधि, खुशबू, अभय, आयुष, आर्यन श्रीवास्तव, दीक्षा यादव आदि उपस्थित रहीं

### पुरानी जमीन के विवाद में मारपीट

**चार नामजद पर एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम खैरा में पुरानी जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों पर लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। थाना बार में दर्ज एफआईआर के अनुसार ग्राम खैरा निवासी विषेन्द्र उर्फ बृजराज पुत्र कमलेश यादव ने बताया कि 11 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3.30 बजे गांव के ही बृजेश पुत्र सूरजभान यादव उसके घर में घुस आया और पुरानी जमीन के विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर बृजेश के साथ उसके पुत्र लव कुश व दिनेश पुत्र सुजान यादव और गजरा पत्नी सूरजभान यादव भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित को बचाने आए उसके भाई लविम पुत्र कमलेश यादव के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## भाकियू ने खेतों पर जलाई कृषि व्यापार समझौते की प्रतियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** भारतीय किसान यूनियन तहसील कोंच क्षेत्र से जुड़े किसानों ने भारत-अमेरिका के बीच हुए कृषि व्यापार समझौते के विरोध में गुरुवार को पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत अपने अपने खेतों पर विरोध प्रकट करते हुए समझौते की प्रतियां जलाई और केंद्र सरकार को कोसा। विरोध प्रकट कर रहे किसानों ने कहा कि यह समझौता भारतीय कृषि और किसानों के हितों के खिलाफ है। उनका कहना था कि इससे विदेशी कंपनियों को फायदा होगा जबकि देश के किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम किए जाने से अमेरिकी उत्पाद सस्ते दामों पर भारतीय बाजार में पहुंचेंगे जिससे स्थानीय किसान प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल सकेगा। संगठन के तहसील महासचिव डॉ पीडी निरंजन ने कहा है कि सरकार यदि इस समझौते को वापस नहीं लेती है तो आने वाले दिनों में संगठन के निर्देशन में आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीन और आजीविका के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेंगे और किसानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों ने 'कृषि समझौता वापस लो' और 'किसानों के साथ अन्याय बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए सरकार से समझौते को तत्काल रद्द करने और किसानों के हित में ठोस नीति बनाने की मांग की। तहसील क्षेत्र के अलग अलग गांवों में किसान जगदीश, सरजू, भवानी शंकर, पप्पू, मानसिंह, राजेंद्र, मनोज, राघवेंद्र, लल्ला भइया, प्रदीप, आनंद, रामजी, मोहन आदि ने समझौते की प्रतियां जलाई।

## स्वच्छता, स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आधार है : शास्त्री

**●नेमवि में राष्ट्रीय सेवा योजना का एकदिवसीय सामान्य शिविर संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों का संयुक्त एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सबसे पहले स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया एवं स्वच्छता की शपथ ली। प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि स्वच्छता, स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आधार है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति व स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करती है। यह एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है और बीमारियों को दूर रखती है। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों को साफ रखना भी एक नागरिक के रूप में हमारा कर्तव्य है, जिसे महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण बताया था। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डा.ओ.पी.चौधरी ने कहा कि साफ-सफाई न रखने से कीटाणु पनपते हैं, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। नियमित सफाई से हम स्वस्थ व सक्रिय रह सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छता को अपना कर हम एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। हमें स्वयं को स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि स्वच्छता ही सेवा है। कार्यक्रम अधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि स्वच्छता सभी की आदत में शामिल होना चाहिए जिससे सभी स्वयंसेवक स्वस्थ और मजबूत रहे। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना अनीता ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक दिन का कार्य नहीं है बल्कि एक दिनचर्या है जैसे अपने जीवन में सभी को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डा.वर्षा साहू ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिसमें सभी स्वयंसेवकों को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाता है। इस दौरान आकाश राजपूत, राघवेंद्र राजा, हिम्मत, नितेश, सचिन, श्रद्धा निरंजन, विशाखा नामदेव, बुशरा बानो, मानसी पाटकर, अमित, लक्ष्मी चौबे, नंदिनी, विष्णु, शालिनी, सविता, आकांक्षा, मनोज, आशिफा, मजहर अली, दीक्षा कुशवाहा, शालिनी, रूपा, दीपिका, कीर्ति नामदेव, सृष्टि लक्षकार, के अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे। संचालन डा.सुधाकर उपाध्याय ने व आभार मनीष वर्मा ने जताया।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद बडौनिया को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि, शांति भोज में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम दुष्यंत बड़ोनिया के ससुर एवं विक्रम बड़ोनिया एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के प्रबंधक दुष्यंत बड़ोनिया के पूज्यनीय पिताजी प्रमोद बड़ोनिया (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। गुरुवार को बडौनिया निवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं शांति भोज में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, पत्रकार संगठन एवं नगर के गणमान्य नागरिक सहित जिले के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।श्रद्धांजलि सभा के दौरान विधि-विधान से गंगाजली पूजन किया गया। उपस्थित लोगों ने स्व. प्रमोद बड़ोनिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके सार्वजनिक जीवन, सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व एवं क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी और जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए अनेक विकास कार्यों को गति प्रदान की। इस दौरान लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर ढांढस बंधाया। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। वहीं महरौनी मीडिया, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, बार संघ, ब्राह्मण महामंडल, क्षत्रिय महा सभा, दिगम्बर जैन पंचायत, वैश्य समाज, मुक्ति संस्था सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आगामी त्यौहारों को लेकर जाखलौन थाना परिसर में पीस कमेटी हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



जाखलौन। कस्बे के थाने में उप निरीक्षक राम कृपाल सिंह के नेतृत्व में आगामी त्योहारों को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक हुई।बैठक में कस्बे के संभ्रांत नागरिकों ने शांति और सौहार्द्रपूर्ण तरीकों से त्यौहारों को मनाने का आश्वासन दिया। हम छोड़ेंगे ।उपस्थित सदस्यों ने सड़क पर बिना नम्बरों के चलने वाले वाहनों पर रोक लगाने,सड़क पर खुले में लगने वाली मांस की दुकानों को हटाने और अवैध तरीके से बिकने वाली शराब और जुए सट्टे पर रोक लगाने की मांग की। थाने में पीस कमेटी की बैठक में कस्बे के संभ्रांत नागरिक ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे बैठक में सभी ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कई समस्याएं भी पुलिस अधिकारियों के सामने रखी गयी।जिनके निराकरण के लिए आश्वासन पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया । बैठक में सड़क पर चल रहे बिना नंबर के अवैध वाहन,अवैध शराब की बिक्री ,जुआ सट्टा और मांस की खुलेआम बिक्री पर रोक लगाने की बात रखी गई ।उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैठक में उप निरीक्षक संजय सिंह, उप निरीक्षक सिद्ध गोपाल, उप निरीक्षक विनय कुमार, उप निरीक्षक सुनील दीक्षित, कांस्टेबल प्रशांत शुक्ला, अन्य ग्रामीण में राय सिंह राजपूत,हुसैन शाह,नितिन जैन,जितेंद्र खटीक, इदरीश खान, अवधेश लिटोरिया, बलराम यादव, मनोज प्रधान ऐरा, दर्शन यादव, राजू बबेले, आशुतोष सोनी, परशुराम पूर्व प्रधान,सोहिल मंसूरी, के साथ मीडिया से सुरेश प्रकाश कोंते, संतोष दुबे, प्रदीप कुमार जैन के साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लेंबोर्गिनी मामले में पुलिस ने शिवम् मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया




**कानपुर।** ग्वालटोली लैम्बोर्गिनी एक्सीडेन्ट प्रकरण में आज पुलिस ने शिवम् मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण में आरोपी शिवम मिश्रा की गिरफ्तारी हेतु 05 पुलिस टीमें लगी हूई थी। सूचना प्राप्त हुई कि शिवम मिश्रा कानपुर आया हुआ है सूचना पर टीमें सक्रिय हुई और आज आरोपी शिवम मिश्रा की गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, अग्रिम विधिक/विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। दूसरी तरफ शिवम् मिश्रा के वकील ने बताया है कि जो बुलट चालक गिरफ्तार हुआ था वो अब कोई कार्रवाई नहीं चाहता है। उन्होंने समझौते का पत्र दिया है। शिवम् मिश्रा के वकील ने बताया था कि शिवम् मिश्रा की तबियत खराब थी और उनको इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया था। शिवम् मिश्रा की तरफ से एक चालक को भी न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन पुलिस ने एवीडेंस और वीडियो फुटेज दिखाए थे कि लेंबोर्गिनी शिवम् मिश्रा ही चला रहा था।

### नंदेश्वर मंदिर में लगने वाले मेले के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने किया निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 12.02.2026 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा आगामी पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथीगांव स्थित श्री नंदेश्वर मंदिर परिसर एवं लगने वाले मेले का स्थलीय निरीक्षण किया गया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित रखने हेतु प्रवेश एवं निकास मार्ग अलग-अलग निर्धारित करने तथा आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए । संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर उनकी सतत मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। वाहन पार्किंग हेतु निर्धारित स्थान चिन्हित कर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेला कमेटी को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, अग्निशमन संसाधन एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी द्वारा मेला कमेटी एवं आमजन से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई।

### बजट से प्रदेश के विकास का आधार होगा मजबूतः हेमन्त कुमार जयसवाल



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार ने हाल ही में अपना बजट पेश किया। यह प्रदेश के इतिहास का सबसे अच्छा बजट है। यह बातें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बजट प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की उत्तर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में मजबूत तैयारी का आधार पेश किया है। बजट में नारी आरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया है। मेधावी को स्कूटी नामांकन की योजना। यह बेटी को स्वावलंबी बनाने की ठोस पहल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आईटी हब बनाने के लक्ष्य के साथ-साथ तकनीकी और शैक्षणिक जानकारियों को बढ़ावा दिया गया है। इससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

# गोविंद नगर में 'पीला पंजा' चलने की तैयारी: 18 फरवरी को चावला मार्केट से सीटीआई तक हटेगा अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** गोविंद नगर के सबसे व्यस्त मार्ग चावला मार्केट चौराहा से सीटीआई चौराहे तक फैले अवैध अतिक्रमण पर अब प्रशासन का हंटर चलने वाला है। आईजीआरएस शिकायत संख्या 40016426002836 पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम ने आगामी 18 फरवरी 2026 को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जोनल अधिकारी अनुपम त्रिपाठी द्वारा जारी आधिकारिक आख्या के अनुसार, पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध टीनशेड, छतरियां, सड़क तक बढ़ाए गए पक्के ढांचे और अवैध रूप से लग रहे ठेलों को हटाया जाएगा। इस संबंध में संबंधित थाने को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित कर दिया



गया है। फुटपाथ गायब, जनता परेशान करीब एक किलोमीटर लंबे इस व्यस्त बाजार में दुकानों के सामने सार्वजनिक मार्ग तक अतिक्रमण का जाल फैला है। बीमा अस्पताल, वीरेंद्र स्वरूप स्कूल और यहाँ तक कि थाना परिसर के सामने तक अवैध कब्जों के कारण रोजाना भारी जाम की स्थिति बनती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पूर्व में हुई कार्रवाइयां केवल कुछ घंटों तक सीमित रहीं, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। इस बार प्रशासन की साख दांव पर है और जनता को उम्मीद है कि बाजार को वास्तव में मुक्त कराया जाएगा।

'कानून से ऊपर कोई नहीं, तय होगी जवाबदेही' इस मामले पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा साहित्त प्रचार विभाग (दक्षिण) के जिला संयोजक प्रकाश वीर आर्य ने कहा गोविंद नगर की सड़कें किसी की निजी संपत्ति नहीं हैं और फुटपाथ जनता के लिए होते हैं, उन्हें किराए पर चढ़ाने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। 18 फरवरी को होने वाली कार्रवाई केवल औपचारिक न होकर निर्णायक होनी चाहिए। यदि अभियान के बाद दोबारा अतिक्रमण हुआ, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कराई जाएगी। कानून से ऊपर कोई नहीं है और हम सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक-ट्रैक्टर की भिड़ंत, युवक गंभीर



**लंभुआ।** लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र के सामने गुरुवार को एक मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लंभुआ कस्बा निवासी चंदन सोनी (23 वर्ष), पुत्र मुन्नीलाल सोनी, सुल्तानपुर से किसी कार्य से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह लंभुआ क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र के सामने पहुंचे, सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और एंबुलेंस की सहायता से घायल को अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## महाशिवरात्रि के दृष्टिगत परमट पहुंचे डीएम, व्यवस्थाओं को लेकर दिए कड़े निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि महाशिवरात्रि पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही दुरुस्त रखी जाएं। जिलाधिकारी ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित सफाई कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई जाए तथा प्रतिदिन उसकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं की अलग-अलग कतारें सुनिश्चित करते हुए मजबूत बैरिकेडिंग कराई जाए और प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट दिशा-सूचक साइन बोर्ड लगाए जाएं। प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त अस्थायी प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान रातभर आवागमन रहेगा, इसलिए अंधेरा या अव्यवस्था की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पार्किंग की समुचित व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, पर्याप्त अस्थायी शौचालय तथा भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। मंदिर प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर उन्होंने समन्वय आधारित कार्ययोजना पर चर्चा की और कहा कि प्रशासन व प्रबंधन आपसी तालमेल से कार्य करें।

# कानपुर में लेम्बोर्गिनी से लोगों को घायल करने का मामला : पैसे के बल पर नहीं बचा करोड़पति का बेटा, गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** माना जाता है कि इस कलयुग में पैसा ही सब कुछ है और उसके बल पर कोई भी कुछ भी कर सकता है, लेकिन कानपुर में ऐसा नहीं हुआ। मतलब अरबपति का पैसा कम नहीं आया और 5 करोड़ से ज्यादा कीमत वाली लेम्बोर्गिनी कार से टक्कर मारकर आधा दर्जन लोगों को घायल करने उसके बेटे को आज गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि लेम्बोर्गिनी केस में आरोपी शिवम मिश्रा को आज गुरुवार सुबह घर के सामने से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि आरोपी शिवम मिश्रा एंबुलेंस से भाग रहा है। लेकिन इसके पहले ही उसेगिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक अरबपति शिवम पर जांच में सहयोग न करने और लगातार खुद को छिपाए रखने के आधार पर गिरफ्तार किया गया। अपनी गिरफ्तारी के दौरान हाथ में वीगो



लगाए शिवम बीमार भी नजर आया। इस बीच पुलिसवाले और रिश्तेदार उसे सहारा देते भी नजर आए। उसके साथ दिल्ली के एक फैमिली डॉक्टर लगे रहे। मेडिकल कराने के बाद पुलिस उसे ए जे सी एम कोर्ट लेकर पहुंचीं। घटना के बारे में यह भी बतातेचलें कि अरबपतियों में सुमार तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा ने अपने इकलौते बेटे शिवम को बचाने की तमाम कोशिशें कीं, लेकिन सफल नहीं हो पाए।

घटनाक्रम के मुताबिक बीती 8 फरवरी को हादसे के तुरंत बाद पहले घटनास्थल से बेटे को हटवाया था। साथ ही मीडिया से बातचीत में बेटे शिवम द्वारा गाड़ी नहीं चलाने काभी दावा किया था। तुल पकड़ने पर सीएम योगी आदित्य नाथ ने भी अफसरों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुबीर ने भी कहा था कि गाड़ी कारोबारी का बेटा शिवम ही चला रहा था। जांच में इसकी पुष्टि हुई। कमिश्नर के इस बयान पर कारोबारी भड़क भी गए थे और उन्हें झूठा बता दिया था। यही नहीं अरबपति शिवम को कानून के शिकंजे से बचाने के लिए जो रणनीति बना गई थी उसके तहत ही कल बुधवार को कानपुर कोर्ट में मोहन नाम का शख्स सरेंडर करने पहुंचा था। उसने दावा किया कि था कि हादसे के वक्त लेम्बोर्गिनी कार वह खुद यानी मोहन चला रहा था। लेकिन कोर्ट ने आरोपी नहीं मानते हुए ड्राइवर मोहन की अर्जी खारिज कर दी थी। फिलहाल अरबपति कारोबारी और पुलिस के बीच का यह मामला अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जिला बेसिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** एक ही डिस्पैच से नियुक्त तीन शिक्षकों के फर्जी होने की आशंका के संबंध में एक समाचार पत्र में प्रकाशित( स्वतंत्र प्रभात में नही) समाचार और अधिकारी के बयान के बाद उस डिस्पैच नम्बर से नियुक्त दर्जनों शिक्षकों ने पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार को ज्ञापन देते हुए और उस डिस्पैच नम्बर की दर्जनों शिक्षकों के नियुक्ति पत्र की छाया प्रति देते हुए बिना जांच पड़ताल और पर्याप्त आधार के आशंका मात्र से इस प्रकार के समाचार और मीडिया में बयान न दिए जाने की मांग की है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने ज्ञापन के साथ 06 जनवरी 1992 में डिस्पैच नम्बर 1260 में नियुक्त सैकड़ों शिक्षकों में से स्वयं अपना और दर्जनों शिक्षकों की नियुक्ति पत्र को दिखाते हुए बताया कि सभी शिक्षक मूलतः इसी जनपद के निवासी है, और सभी की नियुक्ति सही और नियमानुसार है। उन्होंने कहा कि यदि किसी शिक्षक के बारे में कोई आशंका है, तो संबंधित शिक्षक से स्पष्टीकरण और उस समय के डिस्पैच रजिस्टर और पत्रावली के ऑफिस कॉपी की जांच के बाद ही इस प्रकार का समाचार और



बयान दिया जाना चाहिए।

उन्होंने ने कहा कि शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के कुछ शिक्षकों नियुक्ति हुई है उनमेंतीन शिक्षक जो अगले माह 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले हैं वे अब अपने 34-35 साल की सेवा के बाद जीपीएफ और पेंशन के भुगतान को लेकर भी काफी चिंतित और परेशान है। इतना ही नहीं 1992 में उक्त डिस्पैच नम्बर से जिले में नियुक्त सैकड़ों शिक्षक उस खबर को पढ़कर मानसिक तनाव और अवसाद की स्थिति में है, और अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित है। महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि जब दहाई और सैकड़े की संख्या में नियुक्ति/ पदोन्नति/ स्थानांतरण/ समायोजन/ चयन और प्रोन्नत वेतनमान का आदेश होता था तो उस समय पूरी सूची का एक ही तिथि और एक ही डिस्पैच नम्बर होता था। सूची में संबंधित शिक्षक के नाम और क्रमांक पर (सही) का निशान लगाकर एक प्रति संबंधित को उपलब्ध करा दी जाती थी। उसी सूची से सभी शिक्षक अपने नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर कार्यभार ग्रहण करते थे। जो पूरी तरह सही और नियमानुसार हैं। यदि किसी शिक्षक के फर्जीवाड़े के संबंध में कोई भी शिकायत किसी माध्यम से संज्ञान में आता है, तो सबसे पहले संबंधित शिक्षक से स्पष्टीकरण और कार्यालय में रखे उस समय के डिस्पैच रजिस्टर और ऑफिस कॉपी से जांच कर इस प्रकार का समाचार और बयान मीडिया में देना चाहिए। और फर्जी शिक्षक के साथ नियुक्ति करने वाले अधिकारी और कर्मचारी के विरुद्ध भी कार्यवाही करनी चाहिए।प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र महामंत्री कलीमुल्लाह, करुणेंद्र राय, अब्दुल अजीज, संजय कुमार आनंद, दिलीप कुमार चौधरी, संजय कुमार कन्नौजिया, आशा देवी, संध्या शुक्ला, सुशीला त्रिपाठी, राम कला, राम अवतार, जीत बहादुर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## दो बाईक की टक्कर में एक बाइक सवार युवक घायल

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के असुरैना चौराहे पर बृहस्पतिवार की दोपहर दो बाईक की टक्कर में एक बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों की मदद से घायल युवक को रतनपुर सीएचसी भेजा गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी निवासी लक्ष्मन पुत्र रामबृक्ष (25) किसी काम से बाईक से बरगदवा की तरफ जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे ग्राम पंचायत विशुनपुरा निवासी संजय पुत्र सुन्नर (21) की बाइक से नौतनवां ठूठीबारी मुख्य मार्ग के असुरैना चौराहे पर टक्कर हो गया। उक्त टक्कर में दोनों बाइक सवार गिरकर चोटिल हो गए। महरी गांव निवासी लक्ष्मन पुत्र रामबृक्ष गम्भीर रुप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों की मदद से सीएचसी रतनपुर में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार चल रहा है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# कार्यालय क्षेत्र पंचायत, बर्डपुर-सिद्धार्थनगर

पत्रांक - 4081/2-लेखा/निविदा/2025-20 दिनांक 11/02/2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग एवं केंद्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु क्षेत्र पंचायत बर्डपुर के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों हेतु अति निविदा आमंत्रित किया जाता है तथा उन्हें सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य कराये जाने हेतु निविदा से दिनांक तक अपरान्ह बजे तक अपनी निविदा दर तथा वांछित पत्र बंद लिफाफे में क्षेत्र पंचायत बर्डपुर के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा प्रपत्र को दिनांक को अपरान्ह बजे समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में खोला जायेगा अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस के क्षेत्र पंचायत बर्डपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना पटल सहायक से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं निविदा हेतु विवरण निम्नवत है।

| क्रम सं | कार्य का नाम | निविदा कि धनराशि (जी एस टी) सहित | 2 प्रतिशत ज़मानत धनराशि | टेंडर फॉर्म मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 प्रतिशत की धनराशि रूपए में निविदा स्वीकृति के उपरांत दिन के अंदर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| क | राज्य वित्त आयोग योजना से संबंधित कार्य का विवरण- | | | | | |
| 1 | बर्डपुर न0- 01 टोला अलीगढ़वा मेन पी0डब्लू0डी0 रोड से प्राथमिक विद्यालय तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 950000.00 | 19000.00 | 900 | 90 दिन | 76000.00 |
| 2 | बर्डपुर न0- 01 टोला गनवरिया फजीतुलरहमान के घर मेन से रोड तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 993000.00 | 19860.00 | 900 | 90 दिन | 79440.00 |
| 3 | बर्डपुर न0- 07 टोला - मजिगवां में हरिश्चन्द्र चौधरी घर से गनेश प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 462000.00 | 9240.00 | 900 | 90 दिन | 36960.00 |
| 4 | बर्डपुर न0- 01 टोला अलीगढ़वा में रमेश के घर से रहमतुल्लाह के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | 990000.00 | 19800.00 | 900 | 90 दिन | 79200.00 |
| 5 | भगवानपुर में अकरम के घर से कालामुददीन के घर होते हुए राम अचल के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 999000.00 | 19980.00 | 900 | 90 दिन | 79920.00 |
| 6 | बर्डपुर न0-11 टोला बरगदही में चिनगुद के खेत से राहाबुददीन के बाग एक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 998000.00 | 19960.00 | 900 | 90 दिन | 79840,00 |
| ख | केन्द्रीय वित्त आयोग योजना (टाइड/अनटाईड) से संबंधित कार्य का विवरण- | | | | | |
| 1 | बर्डपुर न0-12 टोल मरवटिया कुर्मी शिवमन्दिर से राजेन्द्र के घर तक सी0सी0/ नाली निर्माण कार्य। | 998000.00 | 19960.00 | 900 | 90 दिन | 79840.00 |
| 2 | बर्डपुर न0-12 टोला शिवपुर में विजय के घर से विनोद के घर के पीछे तक नाली निर्माण कार्य। | 503000.00 | 10060.00 | 900 | 90 दिन | 40240.00 |
| 3 | बर्डपुर न0-1 टोला अलीगढवा में मेन रोड से अब्दुल सलाम के घर तक सी0सी0/ नाली निर्माण कार्य। | 695000.00 | 13900.00 | 900 | 90 दिन | 55600.00 |
| 4 | बर्डपुर न012 टोला-मरवटिया कुर्मी राजेन्द्र के घर से बालेश्वर के घर तक सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 998000.00 | 19960.00 | 900 | 90 दिन | 79840.00 |

धरोहर राशि के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क जो उक्त तालिका के कलाम नं0( 5) में अंकित धनराशि को क्षेत्र निधि खाता संख्या 11673375439 बैंक का भरतीय स्टेट बैंक बर्डपुर आईएफएससी कोड एसबीआईएन 000 2531 के नेफ्ट / आरटीजीएस के मध्यय से जमा करना होगा, तथा 02 (दो ) प्रतिशत धरोहर राशि जो कॉलम न 04 में अंकित है किसी राष्ट्रीय कृत बैंक से एफ0डी0 पंच एन0एस0पी0 डाकघर बचत पत्र के रूप में खंड विकास अधिकारी बर्डपुर के नाम से बंधक हो उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा टेंडर स्वीकार होने के एक सप्ताह के अंदर 08 प्रतिशत ज़मानत धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0 एवं एन0एस0सी0 डाकघर बचत पत्र के रूप में खंड विकास अधिकारी बर्डपुर के पास से बंधक युक्त उपलब्ध कराते हुए अनुबंध कराना अनिवार्य होगा अन्यथा टेंडर स्वतः निरस्त हो जायेगा

3- प्रत्येक दशा में कार्य निर्धारित समय सीमा 90 दिन में पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

4-कार्य किसी अन्य को कदापि हस्तांरित नहीं किया जायेगा निविदा स्वीकृत के बाद यदि हस्तान्तरित का स्थिति प्रकाश में आता है तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।

5-निविदा खोलने की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में गठित समिति के सदस्यों के द्वारा निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

6-निर्माण नियमावली -1984 के अनुसार निर्माण का परिवर्तन/ परिवर्धन / निरस्तीकरण का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत बर्डपुर द्वारा बिना कोई कारण बताये अथवा बिना नोटिस दिये किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निहित होगा।

7-अपूर्ण अथवा सही ढंग से निविदा प्रपत्र न भरी हुई निविदाएं स्वीकार नही किया जायेगा।

8- खंड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत बर्डपुर को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।

9-ठेकेदार को अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) के निर्देशानुसार कार्य करना होगा। निर्माण कार्य का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत बर्डपुर 09 के आदेशानुसार भुगतान बिल से कटौती किया जायेगा।

10-यह कि 02 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा के साथ जमा की जायेगी यदि ठेकेदार द्वारा पूर्ण जमानत धनराशि नहीं जमा किया जाता है तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

11- जमानत धनराशि तब तक वापस नहीं की जाएगी जब तक निर्माण कार्य पूरा होने के दिनांक से 6 माह की अवधि समाप्त न हो जाए। यह ठेका पूरा होने के बाद अगली वर्षा ऋतु व्यतीत न हो जाए इनमें से जी पश्चातवर्ती हो ।

12- किसी विवाद की दशा में खण्ड विकास अधिकारी/ अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत बर्डपुर-का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा।

13 ठेकेदार के बिल से भासन के निर्देशानुसार देय करो का नियमानुसार कटौती किया जायेगा जो ठेकेदार को मान्य होगा।

14 उपरोक्त निर्माण कार्यो का भुगतान क्षेत्र पंचायत बर्डपुर के अर्न्तगत से प्राप्त धनराशि से किया जायेगा।

15 निविदा के साथ निविदादाता की नियमानुसार 100,00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर एंव रसीदी टिकट लगाकर देना होगा।

16 स्टीमेट में कन्टैक्टर प्राकिट के अतिरिक्त विलो टेण्डर डालने पर ठेकेदार समिति के समक्ष उपस्थिति होकर स्पष्ट करना होगा कि किस प्रकार विशिष्टियों के अनुसार किस प्रकार कराये जायेगें समिति के संतुष्ट होने पर निविदा स्वीकृत किया जायेगा।

17 निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत एवं चरित्र प्रमाण पत्र 03 वर्ष का आयकर पत्र, पैनकार्ड जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण अनुबन्ध प्रमाण पत्र तथा जमानत की 02 प्रतिशत एवं निविदा शुल्क का जमा पर्ची का जमा पर्ची स्व प्रमाणित छाया प्रतिमा आदि वांछित अभिलेख दिनांक 03.02.2026 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत बर्डपुर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।

18 ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध कराने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा। अनुबन्ध के पूर्व किया गया कार्य स्वतः श्रमदान घोषित हो जाएगा।

**अवर अभियंता ग्रामीण अभियन्त्रण बर्डपुर- सिद्धार्थनगर**

**खंड विकास अधिकारी बर्डपुर- सिद्धार्थनगर**

**प्रमुख क्षेत्र पंचायत बर्डपुर- सिद्धार्थनगर**

## संक्षिप्त खबरें

### त्योहारों से पहले प्रशासन अलर्ट: बलिया में पीस कमेटी बैठक, शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**बलिया।** आगामी महाशिवरात्रि, रमजान और होली को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने की। इसमें जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में शासन एवं न्यायालय द्वारा जारी शांति एवं सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। भीड़भाड़ वाले स्थानों, प्रमुख बाजारों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास नियमित गश्त की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की सघन चेकिंग के साथ-साथ दुकानदारों व नागरिकों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है। प्रशासन ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी अराजक तत्व त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने का संदेश।

### प्रमोद सक्सेना के निधन व फारुख अहमद की हत्या पर जिला बार की शोक सभा

**जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा आज अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे**



**कानपुर देहात।** जन्म और मृत्यु जीवन की सत्य-अटल प्रक्रिया है, लेकिन कुछ लोग मृत्यु के बाद भी अपने विचारों के लिए याद किए जाते रहते हैं। हम उनकी यादों को हमेशा संजोकर रखेंगे। उक्त बातें एडवोकेट मुलायम सिंह यादव, अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने जनपद न्यायालय परिसर झंडा पार्क में अधिवक्ता प्रमोद सक्सेना के आकस्मिक निधनएवं जनपद रामपुर के अधिवक्ता फारूक अहमद खान की गोली मारकर हत्या पर आयोजित शोक सभा में कही। यादव ने कहा कि शोकाकुल परिवारों के प्रति हम सबकी गहरी संवेदना है। हम इस दुख की घड़ी में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। अधिवक्ता फारूक अहमद खान की हत्या के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई अधिवक्ता की हत्या करने की जुर्रत न करे। शोक सभा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।शोक सभा का संचालन महामंत्री घनश्याम सिंह राठौर ने किया। जिला बार एसोसिएशन ने इस घटना के विरोध में शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने की चेतावनी दी है। इस मौके पर चौधरी संपत लाल रमेश चंद्र सिंह गौर ,, रईस अहमद, जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, सर्वेंद्र सिंह यादव, सुलेखा यादव, जितेंद्र बाबू, महेंद्र यादव, गोपी सिंह, जुनैद कुरैशी, निर्मल नायक, नीलू यादव, उपदेश यादव, संजय सिंह, मोनू गौड़, केके गौतम, दुर्गेश चंद्र, जगबीर, शिव गिरजा शंकर, जय गोविंद सिंह, आनंद मोहन कटियार, वीरेंद्र सिंह काटियार, अशोक कुमार संखवार, श्रीकांत राठौर, अमित श्रीवास्तव, कंचन यादव, शमशाद खान, जय सिंह यादव, योगेंद्र सिंह यादव आदि अधिवक्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### पूर्व एमएलसी विंध्य वासिनी का निधन, शोक की लहर

प्रतापगढ़।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व एमएलसी एवं पूर्व नेता विधानपरिषद भाजपा विंध्यवासिनी कुमार का गुरुवार को लखनऊ में निधन हो गया। इससे भाजपा संगठन एवं कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी संगठन के लिए एक अपूरणीय क्षति हुई है और मैं ऐसे दुःख की घड़ी में उनके परिवार को संबल प्रदान करें यही ईश्वर से प्रार्थना करता है।

## दिल्ली के रोहिणी में खुले नाले में गिरने से युवक की दर्दनाक मौत विभागीय लापरवाही पर नहीं लग रही अंकुश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
बादल हुसैन



**नई दिल्ली,** राजधानी दिल्ली में इन दिनों प्रशासन की लापरवाही के मामले लगातार सामने आ रहे हैं,हाल ही में दिल्ली जल बोर्ड के गड्ढे में गिर कर एक शख्स की जान जाने का मामला अभी सुर्खियों में ही बना हुआ था कि ऐसी ही एक और घटना सामने आ गई , जहां राजधानी दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 32 में काली मंदिर के पास खुले मैन होल में गिरने से 27 वर्षीय मजदूर बिरजू की मोत हों गई। जो मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर का रहने वाला था और दिल्ली में मजदूरी करता था।युबक की दर्दनाक मौत ने दिल्ली के प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां घटना केवल एक व्यक्ति की जान जाने की त्रासदी नहीं है, बल्कि राजधानी में बुनियादी नागरिक सुविधाओं की बदहाल स्थिति और प्रशासन की लापरवाही का आईना भी है। बताया जा रहा है कि संबंधित इसके में लंबे समय से नाला खुला हुआ था। जबकि समय समय पर दिल्ली में खुले नाले, और गड्ढे को लेकर समाचार की माध्यम से संबंधित विभाग को ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है, इस के बावजूद भी विभाग निंद से नहीं जाग रही है। इसी साल 19, जनबरी से 10 परबरी के बीच दिल्ली और एनसीआर में खुले गड्ढे व नाले में गिर कर तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल हैं, ताजा मामले में पूर्वी दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर में दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही के खुले गड्ढे में गिर कर 70 वर्षीय महिला बबली घायल हो गई। जब तक लापरवाही पर कार्रवाई और व्यवस्था में सुधार नहीं होगा तब तक ऐसी घटनाएं दोहराती रहेगी। और आम नागरिकों की यूं ही जोखिम में पड़ी रहेगी।यह हादसा प्रशासन के लिए एक चेतावनी है कि विकास के दावों के साथ साथ नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह का दर्दन झेलना पड़े।

## महाशिवरात्रि पर तीन दिनों तक होगा बाबा घुइसरनाथ का भव्य श्रृंगार



**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा का विशेष श्रृंगार होगा। मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि ने बताया कि चौदह फरवरी को महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर बाबा का भव्य दूल्हा श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन रात्रि आठ बजे विशेष आरती भी होगी। महाशिवरात्रि के दिन बाबा का अलौकिक रूद्राक्ष श्रृंगार व आरती रात नौ बजे होगी। अगले दिन सोलह फरवरी सोमवार को बाबा का दिव्य एवं भव्य अलौकिक आभूषण श्रृंगार होगा। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर बाबा घुइसरनाथ धाम मंदिर में आकर्षक रंगरोगन की भी छटा श्रद्धालुओं को भावविभोर किये हुए है।

## करोलबाग में एक दिन में 11 विकास कार्यों का उद्घाटन बना किर्ति मान विधायक विषेश रवि



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** करोलबाग विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के लोग प्रिय विधायक विषेश रवि के द्वारा इंन दिनों क्षेत्रों में विकास की झड़ी लगा दी है। प्रतीदिन क्षेत्र में कही न कही विकास कार्यों का उद्घाटन देखने को मिलता है।इसी कड़ी में गुरुवार को नई पानी की लाइन, सड़क और जन सुविधा केंद्रों के पुनर्निर्माण कार्य के शुभारंभ किया। देव नगर, रैगरपुरा, में पानी की पाइप लाइन, सड़क,जन सुविधा केंद्रों का शुभारंभ नारियल तोड़ कर किया। इस मौके पर विधायक विषेश रवि ने कहा कि इस केंद्रों का उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही निवरण करना और डिजिटल सेवाएं एक ही छत नीचे उपलब्ध करना है, जिससे लोगों को सरकारी सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों की समस्यायों को सुनना और उन्हें त्वरित सरकारी सामाधान प्रदान करना हमारा कर्तव्य है,आप को बतादे की विधायक द्वारा एक दिन में 11 विकास कार्यों का उद्घाटन अपने आप में एक किर्ति मान है।इस कार्य से क्षेत्र वासियों में काफी खुशी है। इस अवसर पर काफी संख्या में विभागीय और जन प्रतिनिधियों एवं आम जन उपस्थित थे।

## नेपाल के थापा पहलवान ने पंजाब के विक्की पहलवान को दिखाया आसमान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के सोहना चौराहे पर गुरुवार को तीन दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती दंगल का भव्य शुभारंभ हुआ। दंगल का उद्घाटन समाजसेवी इरफान मलिक ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। पहले दिन आयोजित मुकाबलों में देश के विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने अपने दमखम और शानदार दांव-पेच का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दंगल की पहली कुश्ती जम्मू-कश्मीर के गनी पहलवान और हरियाणा के सोनू पहलवान के बीच हुई। दोनों पहलवानों के बीच काफी देर तक रोमांचक मुकाबला चलता रहा, लेकिन अंततः गनी पहलवान ने शानदार पटखनी देकर सोनू को पराजित कर जीत हासिल कर ली।

दूसरा मुकाबला नेपाल के थापा पहलवान और पंजाब के विक्की पहलवान के बीच हुआ, जो दर्शकों के लिए बेहद रोमांचकारी रहा। दोनों पहलवानों ने जोरदार संघर्ष किया, लेकिन थापा पहलवान ने अपने शानदार धोबी पाट दांव का प्रदर्शन करते हुए विक्की पहलवान को चित्त कर दिया और मुकाबला अपने नाम कर लिया। तीसरी कुश्ती अयोध्या के बाबा गौरीशंकर और राजस्थान के मनीष पहलवान के बीच खेली गई। दोनों पहलवानों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। लंबे संघर्ष के बाद बाबा गौरीशंकर ने दमदार पटखनी लगाकर मनीष पहलवान को पराजित कर जीत दर्ज की।

चौथा मुकाबला सहारनपुर के साहिल पहलवान और मेरठ के सोनू पहलवान के बीच हुआ। इस मुकाबले में साहिल पहलवान ने बेहतरीन दांव-पेच का प्रदर्शन करते हुए सोनू पहलवान को धूल चटा दी। दंगल के दौरान पहलवानों के हैरतअंगेज दांव-पेच और रोमांचक मुकाबलों को देखकर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर दंगल आयोजक मनीष सिंह क्रांतिकारी, नसीम राईनी, कान्हा सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले में तीन पर दर्ज हुआ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले को लेकर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जैनपुर निवासी अधिवक्ता आलोक कुमार शुक्ल पुत्र रघुनाथ प्रसाद शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह फरवरी को दोपहर करीब बारह बजे वह गांव के समीप खेत में अपनी फसल देखने गया था। पीड़ित का आरोप है कि यहां रास्ते मे लालगंज बाजार निवासी ज्ञानचंद्र मोदनवाल पुत्र चोखेलाल अपने पुत्र रजत मोदनवाल व एक अज्ञात के साथ जबरन रोक लिया और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित अधिवक्ता को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। शोर सुनकर लोगों को आते देख ज्ञानचंद्र मोदनवाल ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से जानलेवा फायर झोंक दिया लेकिन पीड़ित बाल बाल बच गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## असम विश्वविद्यालय ने 'नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन' के साथ युवा दिमागों को किया प्रदीप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि :**12 फरवरी, युवा पीढ़ी के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और खगोल विज्ञान में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल करते हुए, असम विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग ने बुधवार को एक विशेष व्याख्यान श्रृंखला और 'नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन' (रात्रि आकाश अवलोकन) कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के 'इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी रिसर्च एंड डेवलपमेंट' के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में असम विश्वविद्यालय, रामानुज गुप्ता डिग्री कॉलेज और गुरुचरण विश्वविद्यालय के लगभग सौ शोधार्थियों और स्नातक छात्रों ने भाग लिया। अपने स्वागत भाषण में, केंद्र के समन्वयक और भौतिकी विभाग के प्रमुख प्रो. हिमाद्री शेखर दास ने केंद्र के उद्देश्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य नियमित शैक्षणिक चर्चाओं और साल भर दूरबीनों (टेलीस्कोप) के माध्यम से आयोजित होने वाले रात्रि आकाश अवलोकन सत्रों के जरिए अंतरिक्ष विज्ञान को छात्रों के लिए अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना है। प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. अशोक कुमार सेन ने 'इंटरस्टेलर कॉमेट्स क्या हैं?' विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने दूर के तारा प्रणालियों से उत्पन्न होने वाले बर्फीले खगोलीय पिंडों की गति और विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। भौतिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. अत्रि देशमुख ने 'गुरुत्वाकर्षण तरंगों की खोज' पर बात की, जिसमें उन्होंने चल रहे वैश्विक शोध, तीव्र ब्रह्मांडीय घटनाओं से उत्पन्न होने वाली 'स्पेस-टाइम रिपल्स'(अंतरिक्ष-समय की लहरें) और उनका पता लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों को रेखांकित किया। जैसे ही शाम ढली, कार्यक्रम का केंद्र सैद्धांतिक चर्चाओं से हटकर सीधे आकाश अवलोकन पर आ गया। भौतिकी भवन की छत पर आयोजित रात्रि सत्र के दौरान, शोधार्थियों–विक्की प्रसाद, भास्करज्योति बर्मन, संचाली नाथ मजूमदार, निरोदा नामब्रम, बोइनाओ मेइकाम, सौरव चौधरी, आशिक ज़मान और पौलोमी पालित के मार्गदर्शन में छात्रों को शक्तिशाली टेलीस्कोप के माध्यम से विभिन्न ग्रहों और खगोलीय पिंडों को देखने का अवसर दिया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी संचाली नाथ मजूमदार द्वारा किया गया।

## सिलापथार में स्वास्थ्य का जांच और जागरूकता कैंप का सफल समापन, विद्यार्थी सहित 40 व्यक्तियों ने किया स्वास्थ्य जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**असम धेमाजी।** सिलापथार विज्ञान महाविद्यालय में एक हेल्थ चेक-अप और अवेयरनेस कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रोग्राम एनएसएस यूनिट, सिलापथार साइंस कॉलेज और आर्यभट्ट साइंस सेंटर, सिसिबोरगांव ब्लॉक ने आईसीएमआर-आरएमआरसीएन, डिब्रूगढ़ के सहयोग से मिलकर आयोजित किया था।

आईसीएमआर-आरएमआरसीएनई, डिब्रूगढ़ के 11 सदस्यों की एक टीम ने कैंप आयोजित करने के लिए कॉलेज कैंपस का दौरा किया। टीम के सदस्यों में राजदीप सिंह, भास्वती सैकिया, संयुक्ता राज कोंवर, ज्योतिस्मिता कुर्मी, जयश्री गोगोई, पंकज बोरूआ, मोनालिशा गोगोई, नोवो कांटो मिली, घाना माया एले, मोनिता कुर्मी और हितेश्वर चुटिया शामिल थे। उनकी समर्पित कोशिशों से प्रोग्राम आसानी से और सफलतापूर्वक पूरा हुआ। कैंप के दौरान, कॉलेज के टीचिंग स्टाफ, नॉन-टीचिंग स्टाफ और स्टूडेंट्स से कुल 150 ब्लड सैंपल लिए गए। न्यूट्रिएंट्स की कमी और जेनेटिक डिसऑर्डर से जुड़ी बीमारियों जैसे एनीमिया, हीमोग्लोबिन टाइप डिटेक्शन, डायबिटीज, ग्लूकोज- 6-फॉस्फेट डिहाइड्रोजनेज (G6PD) की कमी, और थायरॉइड हार्मोन लेवल की जांच के लिए हेल्थ चेक-अप टेस्ट फ्री में किए गए। कैंप का मकसद पार्टिसिपेंट्स के बीच जल्दी डायग्नोसिस और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के महत्व के बारे में अवेयरनेस पैदा करना था।

यह प्रोग्राम बहुत फायदेमंद साबित हुआ क्योंकि इसने लोगों को अपनी हेल्थ और वेल-बीइंग के बारे में ज़्यादा अवेयर होने के लिए मोटिवेट किया। इस इनिशिएटिव ने कॉलेज और मेडिकल रिसर्च कम्युनिटी के बीच बॉन्ड को भी मजबूत किया।



एनएसएस यूनिट, सिलापथार साइंस कॉलेज कैंपस में इतना ज़रूरी और वैल्यूएबल हेल्थ कैंप ऑर्गनाइज़ करने के लिए आईसीएमआर-आरएमआरसीएनई, डिब्रूगढ़ का दिल से शुक्रिया अदा करते हुए महाविद्यालय की तरफ से अध्यक्ष डॉ रंजीत सैकिया ने स्टूडेंट्स और स्टाफ के बीच हेल्थ अवेयरनेस को बढ़ावा देने में उनके सपोर्ट और कंट्रीब्यूशन सराहना की।

## चार श्रम संहिताओं के विरोध में बलिया में गरजा मजदूर वर्ग, आशा बहुओं के नियमितीकरण की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को विभिन्न ट्रेड यूनियनों के बैनर तले मजदूर संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही चार नई श्रम संहिताओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि ये श्रम कानून मजदूर और गरीब वर्ग के हितों के विपरीत हैं तथा इससे श्रमिकों के अधिकार कमजोर होंगे। उन्होंने वर्ष 1976 के एसपीई अधिनियम की रक्षा करने और एसपीई अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत वैधानिक कार्य नियम बनाए जाने की मांग उठाई, ताकि एसपीई कर्मचारियों के अधिकार और लाभ सुरक्षित रह सकें।

सभा में आशा बहुओं के मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। वक्ताओं ने आशा कार्यकर्ताओं को नियमित कर्मचारी का दर्जा देने तथा उनका न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने की मांग की। साथ ही आभा और आयुष्मान कार्ड बनाने के बकाया भुगतान को जल्द जारी करने की बात कही गई। आशा और संगिनी के पूरे परिवार को आयुष्मान योजना का लाभ दिए जाने की भी मांग रखी गई।

उत्तर प्रदेश भवन निर्माण मजदूर सभा ने श्रम मंत्री अनिल राजभर को संबोधित पत्र भी प्रेषित किया। पत्र में पंजीकृत मजदूरों के नवीनीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 से बढ़ाकर मार्च 2026 तक करने की मांग की गई। सभा का कहना था कि आधार सत्यापन और मोबाइल नंबर पंजीकरण में आ रही तकनीकी दिक्कतों के कारण समय पर नवीनीकरण संभव नहीं हो पा रहा है। इसके समाधान के लिए गांव-गांव में विशेष शिविर लगाने की मांग भी की गई। प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के सदस्यों ने भी भाग लिया और अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा।

## ग्रेटर नोएडाः पारिवारिक कलह में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पार्क में पेड़ से लटका मिला शव

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र के कच्ची सड़क स्थित शीला फोम फैक्ट्री के समीप पार्क में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराई। युवक की पहचान बुलंदशहर के सहदेव के रूप में हुई है। वह हबीबपुर गांव में किराये पर रहकर एक फैक्ट्री में काम करता था। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक ने पारिवारिक कलह में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को बुधवार की सुबह कच्ची सड़क के समीप पार्क में एक युवक का शव पेड़ से गमछे के सहारे लटके होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से उसकी शिनाख्त कराई। पुलिस जांच में सामने आया कि मरने वाला युवक 30 वर्षीय सहदेव है। सूचना पर पीड़ित स्वजन भी पहुंच गए। जांच में सामने आया कि पारिवारिक कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। ईकोटेक तीन कोतवाली प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि युवक की शादी हो चुकी है। दो बच्चे भी है। पिछले कुछ दिनों से घर में पारिवारिक कलह चल रही थी। पीड़ित परिवार ने कोई शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बलिया में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल, पांच दिवसीय कार्य सप्ताह और लेबर कोड के विरोध में प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** जनपद में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल से आम लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न बैंक कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर जिले के बैंक कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर कामकाज ठप रखा और विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताल की सबसे बड़ी वजह बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग है। बैंक कर्मचारियों ने बताया की कर्मचारी लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि अन्य सरकारी विभागों की तरह बैंकों में भी सप्ताह में केवल पांच दिन ही कार्य हो तथा सभी शनिवार को अवकाश घोषित किया जाए। वर्तमान में बैंक केवल दूसरे और चौथे शनिवार को ही बंद रहते हैं। यूनियनों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में सहमति बन चुकी है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से औपचारिक मंजूरी नहीं दी गई है।

इसके अलावा बैंक कर्मचारी केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए लेबर कोड का भी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि नए श्रम कानून कर्मचारियों के हित में नहीं हैं और इससे नौकरी की सुरक्षा तथा श्रमिक अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। यूनियन नेताओं का आरोप है कि इन नियमों से भविष्य में कार्य परिस्थितियों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

हड़ताल के कारण जिले की विभिन्न बैंक शाखाओं में ताले लटके रहे, जिससे नकद लेन-देन, चेक क्लियरेंस और अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं। हालांकि एटीएम और ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं ग्राहकों ने सरकार और बैंक प्रबंधन से जल्द समाधान निकालने की अपील की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## किशोरी व युवती के अपहरण का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अलग अलग घटनाओं में किशोरी व युवती के अपहरण को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित का आरोप है कि बीती दस फरवरी की रात करीब आठ बजे उसकी चौदह वर्षीया पुत्री को गांव का ही मीजान पुत्र मो0 सलीम बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं उदयपुर थाना क्षेत्र के गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती ग्यारह फरवरी की शाम करीब चार बजे उसकी तेईस वर्षीया पुत्री को अज्ञात युवक अपहृत कर ले गया। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## लुटेरी दुल्हन गैंग गिरफ्तार, शादी के नाम पर ठगी

**● पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दूल्हे से मांगे 64 हजार, जान से मारने की धमकी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर-** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले एक लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह फर्जी शादियां कराकर दूल्हों से पैसे और जेवर ऐंठता था और पैसे न देने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देता था। यह मामला तब सामने आया जब राजस्थान के करौली निवासी जगदीश पुत्र नानक राम ने 11 फरवरी 2026 को धनपतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह अपने बेटे रोहिताश की शादी के लिए देवरिया आए थे। शादी के बाद, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 110 किलोमीटर कैंटीन के पास, शशि और सुमन नामक महिलाओं ने उनकी गाड़ी रुकवाकर 64,000 रुपये की मांग की।

शिकायतकर्ता के अनुसार, पैसे न देने पर महिलाओं ने अपने गिरोह के सदस्यों को बुलाकर जान से मारने की धमकी दी। डरकर जगदीश ने तुरंत 7,000 रुपये दिए। हालांकि, शशि ने और पैसों की मांग जारी रखी और पुलिस बुलाने की धमकी देने लगी, जिससे उन्हें इस गिरोह पर शक हुआ। जांच में पता चला कि राजपाल और सुनील के नेतृत्व में यह गिरोह निशारानी, जलसा और शशि जैसे साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से फर्जी शादियां कराता था। उनका मकसद भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर अवैध रूप से पैसे और जेवरात लूटना था। यदि कोई विरोध करता, तो वे जबरन वसूली करते और जान से मारने या झूठे बलात्कार व लड़की खरीद-फरोख्त के मुकदमों में फंसाने की धमकी देते थे।

जिस दुल्हन सुमन से रोहिताश की शादी कराई गई थी, उसका असली नाम मुस्कान है। वह पहले से शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। उसका पति परवेज है और वह फर्जी तरीके से हिंदू बनी थी। यह गिरोह घुमंतू किस्म का है और ठगी व लूट को अपना पेशा बना चुका है। रोहिताश की शादी के समय चांदी की पायल, बिछुआ, मंगलसूत्र और माता जी का एक हार भी सुमन उर्फ मुस्कान के पास है, जिसे उन्होंने हड़प लिया था। थाना प्रभारी नंदलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुनील कुमार (निवासी विशुनपुर, बेतालपुरा, देवरिया), मुस्कान उर्फ सुमन उर्फ प्रियंका (निवासी लंगड़ा बाजार, भलुअनी, देवरिया), शशि भारती (निवासी बेतालपुर, देवरिया) और रानी निशा (निवासी लंगड़ा बाजार, भलुअनी, देवरिया) को बेनीपुर अंडरपास से गिरफ्तार किया।